* बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

* पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

* रजि. नंबर : 52290/90 * वर्ष : 36 * अंक : 213 * पृष्ठ : 12 * औरंगाबाद, मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 * मूल्य : 3.00 रुपये * औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित * www.navbihartime.com




जमशेदपुर में एक समारोह के दौरान ओलचिकी लिपि भाषा को आगे बढ़ाने में योगदान देने वाले को सम्मानित करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू


झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड 25 अनंत संभावनाओं की ओर

# नववर्ष का उपहार
## सरकारी नौकरी लगातार

JSSC द्वारा आयोजित
CGL परीक्षा में
चयनित 1,910 अभ्यर्थियों
का

# नियुक्ति पत्र
## वितरण समारोह


मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग



30 दिसंबर, 2025 | अपराह्न 01:30 बजे से
मोरहाबादी मैदान, रांची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-369656 (IPRD) 25-26

# मृदा स्वास्थ्य कार्ड से संतुलित उर्वरक उपयोग को मिल रही नई दिशा

## खेती को वैज्ञानिक, लाभकारी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि बिहार सरकार किसानों की खेती को वैज्ञानिक, लाभकारी और दीर्घकालिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी संकल्प के तहत केन्द्र प्रायोजित मृदा स्वास्थ्य एवं उर्वरता योजना का राज्यभर में प्रभावी एवं सुनियोजित क्रियान्वयन किया जा रहा है। ताकि किसानों की मिट्टी स्वस्थ रहे और उनकी मेहनत का पूरा फल उन्हें मिल सके। मंत्री ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में राज्य के लिए 3.00 लाख मिट्टी नमूनों के संग्रहण एवं विश्लेषण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 2.95 लाख मिट्टी नमूनों का संग्रहण किया जा चुका है जबकि 2.09 लाख नमूनों का विश्लेषण



पूर्ण कर किसानों को उनके खेत के अनुसार मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है। शेष नमूनों का विश्लेषण भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। राम कृपाल यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दूरदर्शी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना एक अत्यंत महत्वपूर्ण और निर्णायक पहल है। यह योजना किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ खेती की लागत घटाने और आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही है। मंत्री ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड केवल एक कार्ड नहीं, बल्कि किसान के खेत का वैज्ञानिक मार्गदर्शक दस्तावेज है। इसके माध्यम से किसान को अपने खेत की मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। जांच रिपोर्ट के आधार पर फसल एवं रकबे के अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग की स्पष्ट अनुशंसा दी जाती है जिससे अनावश्यक और अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग में कमी आती है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य केवल फसल उत्पादन बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि मिट्टी की दीर्घकालिक उर्वरता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और किसानों की लागत कम कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। संतुलित उर्वरक प्रबंधन से भूमि की सेहत सुधरती है, जल संसाधनों का संरक्षण होता है और खेती अधिक सुरक्षित व टिकाऊ बनती है। कृषि मंत्री ने कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे मिशन मोड में कार्य करते हुए शेष लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। ताकि राज्य का हर किसान मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ से आच्छादित हो सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार की कृषि व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी तथा किसानों को इसका प्रत्यक्ष और स्थायी लाभ प्राप्त होगा।

# बिहार में शिक्षा का व्यापक विस्तार, बजट से लेकर नियुक्ति और गुणवत्ता तक ऐतिहासिक प्रगति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** शिक्षा विभाग, बिहार का उद्देश्य राज्य के प्रत्येक छात्र को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, समतामूलक और समावेशी शिक्षा उपलब्ध कराकर मानव संसाधन का विकास करना तथा बिहार को ज्ञान, कौशल और नवाचार आधारित प्रगतिशील राज्य के रूप में स्थापित करना है। इसी दिशा में वर्ष 2005 से 2025 के बीच शिक्षा पर व्यय 4341 करोड़ रुपये से बढ़कर 72,652.44 करोड़ रुपये हो गया है। मुख्यमंत्री के सात निश्चय-S3 के अंतर्गत 'उन्नत शिक्षा, उज्ज्वल भविष्य' कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंड में आदर्श विद्यालय और डिग्री कॉलेज की स्थापना, नए उच्च शिक्षा विभाग का गठन, पुराने प्रतिष्ठित संस्थानों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने तथा नए एजुकेशन सिटी के निर्माण की प्रक्रिया तेज की गई है। राज्य में विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाते हुए बिहार लोक सेवा आयोग के माध्यम से तीन चरणों में कुल 2,27,195 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें 28,748 प्रधान शिक्षक और 4,699 प्रधानाध्यापक शामिल हैं। अनुकंपा के आधार पर 5073 विद्यालय लिपिक और 541 विद्यालय परिचारी, कुल 5614 आश्रितों की नियुक्ति हुई है। इसके अतिरिक्त सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पद, विशेष विद्यालय अध्यापक के 7279 पद और ट्रे-4 के तहत नई नियुक्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उच्च शिक्षा में अंगीभूत महाविद्यालयों के लिए कुल 5832 सहायक प्राध्यापकों और 116 प्राचार्यों की नियुक्ति की गई है। सक्षमता परीक्षा के चार चरणों में 2,66,786 शिक्षक सफल घोषित हुए हैं। शिक्षक-छात्र अनुपात 65:1 से सुधरकर 29:1 हो गया है जबकि साक्षरता दर में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। मध्याह्न भोजन योजना के तहत 68,814 विद्यालयों में प्रतिदिन 97,15,924 बच्चों को भोजन मिल रहा है। मिशन निपुण बिहार, पीएम-श्री योजना, बालिका शिक्षा के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, मानदेय वृद्धि और व्यापक स्थानांतरण प्रक्रिया ने शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दी है। शिक्षा विभाग के अनुसार इन पहलों से बिहार में शिक्षा की गुणवत्ता, पहुंच और समानता में स्पष्ट सुधार दिखाई दे रहा है।

# लोक संस्कृति के संरक्षण का मंच बना नवगीतिका लोक रसधार का वार्षिकोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था नवगीतिका लोक रसधार का वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह पटना के भारतीय नृत्य कला मंदिर सभागार में मनाया गया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पर्यटन तथा कला संस्कृति एवं युवा मामलों के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, अति विशिष्ट अतिथि विधान पार्षद एवं जदयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ललन सर्राफ, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद कुमार एवं कोमल वर्णवाल तथा नवगीतिका लोक रसधार की सचिव डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर किया। कार्यक्रम में नवगीतिका शिखर सम्मान पद्मश्री बउवा देवी को प्रदान किया गया। इस दौरान कला के विभिन्न विधाओं से जुड़े कलाकारों, चिकित्सा समाज सेवा, साहित्य, संगीत व लेखन से जुड़े एवं अपनी बनाने वाले विशेष पहचान बनाने वाले




व्यक्तित्व को सम्मानित किया गया जिनमें डॉ. दयानिधि, इंदिरा आइवीएफ, रवि मिश्रा, रंग गर्मी और निर्देशक, अनु ठाकुर-समाजसेवी, बच्चा जी सिंह- समाजसेवी, गोविन्द बल्लभ-शिक्षक व समाजसेवी, पंडित अर्जुन चौधरी-प्रसिद्ध नाल वादक, डॉ. ध्रुव कुमार-साहित्यकार, निगम नारायण- युवा पत्रकार, राजेश केशरी-लोकगायक, निहारिका अखौरी-लोक नृत्य, श्वेता सुरभि-उद्घोषिका, अभिषेक रंजन-निर्देशक को नवगीतिका सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार की संस्कृति काफी समृद्ध है। पूरे प्रदेश में पर्यटन स्थलों के विकास के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। कला एवं संस्कृति से जुड़े स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि आज नवगीतिका लोक रसधार के वार्षिकोत्सव सह सम्मान समारोह में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह संस्था बिहार की लोक संस्कृति, लोकगीत और परंपराओं को जीवंत रखने का सराहनीय कार्य कर रही है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। आज जिन कलाकारों, साहित्यकारों एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया है, वे समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विशेष रूप से डॉ. नीतू कुमारी नवगीत और उनकी पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। श्वेता सुरभि ने शानदार मंच संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान विधान पार्षद ललन सर्राफ ने कहा कि यह संस्था बिहार की लोक परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी काम कर रही है, साथ ही यह संस्था बेटियों को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच है। नवगीतिका लोक रसधार बेटियों की प्रतिभा को पहचान देकर उन्हें आत्मविश्वास, सम्मान और अवसर प्रदान कर रही है। ऐसे प्रयास समाज में नारी सशक्तिकरण को मजबूती देते हैं और आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। सरकार कला, संस्कृति, युवा प्रतिभाओं और पर्यटन के विकास हेतु सदैव सहयोग करती रहेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता और जदयू के नेता आनंद कुमार ने कहा कि बिहार में मधुबनी पेंटिंग हो या फिर बिहार का लोक संगीत, इनकी अपनी एक विशिष्ट पहचान है। भारतीय नृत्य कला मंदिर में हो रहे इस संस्कृति कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नीतू नवगीत ने सुख कर्ता, दुःख हर्ता, विघ्नाची गणेश वंदना प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात स्वागत गान स्वागतम शुभ स्वागतम, आनंद मंगल मंगलम की प्रस्तुति हुई, जिसे अन्नू कुमारी, रिया कुमारी, नंदनी कुमारी, खुशी मिश्र, सोनी खातून, तुलसी सोनी, रोशनी कुमारी आदि ने प्रस्तुत किया। नीतू नवगीत ने पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति कर सभागार में बैठे श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# पांच करोड़ से ज्यादा डिजिटल ओपीडी टोकन जेनरेट कर बिहार बना देश में नंबर एक : मंगल पाण्डेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आधारित स्कैन एंड शेयर सेवा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण में बिहार पूरे देश में पहले स्थान पर है। राज्य में अब तक आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आधारित स्कैन एंड शेयर सेवा के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक टोकन बनाए जा चुके हैं। बिहार सरकार की यह पहल डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को हर नागरिक तक पहुंचाने के संकल्प को दर्शाती है। इस सुविधा से अब तक 5 करोड़ से अधिक मरीज लाभान्वित हो चुके हैं जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में



पारदर्शिता, सुलभता और गति आई है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आभा आधारित क्यूआर कोड स्कैन एंड शेयर सुविधा ने मरीजों के लिए ओपीडी पंजीकरण की प्रक्रिया को तेज, सरल और पारदर्शी बना दिया है। अब मरीजों को ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए लंबी कतारों में खड़े रहने की आवश्यकता नहीं है। केवल गेट या ओपीडी क्षेत्र में प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके मरीज एक टोकन नंबर प्राप्त कर सकते हैं। इस टोकन नंबर के माध्यम से पंजीकरण प्रक्रिया सुगमता से पूरी हो जाती है। श्री पाण्डेय ने कहा कि आभा योजना का उद्देश्य मरीजों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाना है। इस सेवा की मदद से मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स मोबाइल ऐप पर देख सकते हैं जिससे बार-बार दस्तावेज ले जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। यह सुविधा न केवल मरीजों के लिए बल्कि चिकित्सकों के लिए भी फायदेमंद है। डॉक्टर अब मरीज के स्वास्थ्य रिकॉर्ड्स की समीक्षा कर बेहतर और सटीक उपचार प्रदान कर सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्य का हर नागरिक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक आसानी से पहुंच सके।

# भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज से तीन दिन रहेंगे बिहार में

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज से तीन दिवसीय प्रवास पर बिहार में रहेंगे जहां वे कई स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे पटना पश्चिम के पूर्व विधायक एवं भाजपा के समर्पित सिपाही रहे अपने पिताजी स्व. नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की पुयातिथि पर श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे। श्री नवीन आज देर शाम पटना पहुंचेंगे। कल वे सुबह 09:30 बजे से दिन भर विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। 31 दिसंबर को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुबह 09:00 बजे पटना के राजवंशी नगर स्थित नवीन सिन्हा पार्क पहुंचेंगे जहां वे बिहार में भाजपा संगठन के मजबूत आधारस्तंभ और संगठन के समर्पित सिपाही रहे पटना पश्चिम के पूर्व जनप्रिय विधायक, अपने पूज्य पिताजी स्व. नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे एवं उनके व्यक्तिव व कृतित्व को नमन करेंगे।

# इस्ट सेंट्रल रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन का पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** इस्ट सेंट्रल रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन द्वारा ऑफिसर क्लब, महेन्द्रू घाट, पटना में अपनी वार्षिक आम सभा एवं पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यालय एवं मंडलों के प्रोमोटी ऑफिसर्स की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार और प्रेरणादायी बना दिया। बैठक में सिविल, पर्सनल, अकाउंट्स, स्टोर्स एवं सिग्नल टेलीकॉम विभागों के प्रोमोटी आफिसर्स की पदोन्नति में आ रही रुकावटों एवं



सभी विभागों में वरिष्ठ स्केल में एड-हॉक पदोन्नति की मांग पर मुख्य रूप से चर्चा की गयी। वार्षिक आम सभा में इंडियन रेलवे प्रमोटी आफिसर्स फेडरेशन के सलाहकार एच. सी. यादव एवं बी.के.दास, पूर्व अध्यक्ष पी.आर.सिंह एवं जे.पी.सिंह, अध्यक्ष दीपक राज राय एवं महासचिव अमित जैन ने अपने प्रोमोटी ऑफिसर्स की समस्याओं पर अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक के उपरांत पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कार्यरत अधिकारी, सेवानिवृत सहयोगी एवं उनके परिवारजन शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में इस्ट सेंट्रल रेलवे प्रोमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द पासवान एवं महासचिव रवींन्द्र कुमार राज ने सभी सदस्यों के सक्रिय सहयोग और सहभागिता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वार्षिक आम सभा एवं पारिवारिक मिलन समारोह में प्रदर्शित एकता और उत्साह संगठन को नई ऊर्जा और संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा।

# जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने इवी ग्राहकों के लिए एक्सटेंडेड एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम किया लांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया ने अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक्सटेंडेड एश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम की घोषणा की है जिससे इवी खरीदना ग्राहकों के लिए और अधिक आसान व भरोसेमंद हो गया है। इस पहल के साथ एमजी देश का पहला कार ब्रांड बन गया है जो ईवी पर 3 से बढ़ाकर 5 साल तक एश्योर्ड बायबैक की सुविधा दे रहा है। इस प्रोग्राम के तहत ग्राहक चयनित योजना के अनुसार 3, 4 या 5 साल बाद अपने एमजी इलेक्ट्रिक वाहन के लिए गारंटीड रिसेल वैल्यू प्राप्त कर सकेंगे। यह सुविधा किसी भी फाइनेंस या लोन स्कीम से स्वतंत्र है और डेप्रिसिएशन की चिंता को कम करती है। जेएसडब्लू एमजी मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुराग महरोत्रा ने कहा कि यह प्रोग्राम ग्राहकों के भरोसे को मजबूत करेगा और भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएगा। लॉकटन इंडिया और जुनो जनरल इंश्योरेंस के सहयोग से पेश किया गया यह प्रोग्राम इवी स्वामित्व को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाएगा।

# टैली सॉल्यूशंस ने पटना के टैक्स विशेषज्ञों को किया सम्मानित

## टैली के 'टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स' कार्यक्रम में 18 दिग्गजों को मिला सम्मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिजनेस ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनी, टैली सॉल्यूशंस ने पटना के टैक्स और अकाउंटिंग पेशेवरों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इन विशेषज्ञों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के बीच तकनीक को लोकप्रिय बनाने और लेखांकन व अनुपालन संबंधी जरूरतों को सरल बनाने में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए नवाजा गया। जीएसटी प्रैक्टिशनर्स, अकाउंटेंट्स, टैक्स एडवोकेट्स और अन्य विशेषज्ञों के शानदार कार्यों को पहचान दिलाने के उद्देश्य से टैली सॉल्यूशंस ने एक विशेष कार्यक्रम 'टैक्स एंड अकाउंटिंग टाइटन्स' का आयोजन किया। इस अवसर पर तीन श्रेणियों में 18 उत्कृष्ट पेशेवरों को उनके असाधारण



समर्पण और पेशेवर प्रतिबद्धता के लिए पुरस्कृत किया गया। इस गौरवशाली समारोह में शहर के 100 से अधिक टैक्स एक्सपर्ट्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विजेताओं को आईसीएआई-पटना के चेयरमैन, सीए सोनू सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित किया गया। इस पहल के तहत तीन प्रमुख श्रेणियों में उत्कृष्टता को सराहा गया। 'अकाउंटिंग मेस्ट्रो' के अंतर्गत उन अनुभवी दिग्गजों को सम्मानित किया गया जो पिछले 15 वर्षों से भी अधिक समय से एमएसएमई क्षेत्र का मजबूत स्तंभ बने हुए हैं। 'इमर्जिंग स्टार' श्रेणी में उन नए जमाने के जीएसटीपी को पहचान मिली जिन्होंने 5 वर्ष से कम के अनुभव के बावजूद बाजार की चुनौतियों को समझा और अपने ग्राहकों को बेजोड़ समाधान प्रदान किए। 'टेक इनोवेटर' श्रेणी में उन पेशेवरों को सराहा गया जिन्होंने आधुनिक तकनीकी समाधानों को अपनाकर अपने काम में सटीकता और दक्षता के नए मापदंड स्थापित किए हैं।

# श्रेया मिस बिहार 2025 का खिताब अपने नाम किया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार की प्रतिभाशाली बेटियों को मंच देने वाले प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता मिस बिहार 2025 के ग्रैंड फिनाले में श्रेया ने मिस बिहार 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया। यह भव्य आयोजन राजधानी पटना के रामनगरी, आशियाना दीघा रोड स्थित बी. आर. क्लब (पारस नाथ गार्डन के बगल) में आइस ब्रेकरओसियन विजन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित किया गया। सौंदर्य के साथ-साथ आत्मविश्वास, व्यक्तित्व, संवाद क्षमता और सामाजिक सोच के आधार पर श्रेया ने निर्णायक मंडल को प्रभावित करते हुए यह प्रतिष्ठित ताज हासिल किया। प्रतियोगिता में नंदनी फर्स्ट रनर अप और मिताली सेकेंड रनर अप रहीं।

# जितेन्द्र कुमार सिन्हा 'ए लैंप फॉर सोशल जस्टिस' सम्मान से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के कंकड़बाग स्थित ह्यूमन राइट्स डिफेंडर के केन्द्रीय कार्यालय में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और मानवाधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए जितेन्द्र कुमार सिन्हा को 'ए लैंप फॉर सोशल जस्टिस' सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में संस्था के पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। जितेन्द्र कुमार सिन्हा वर्तमान में राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा आयोग के प्रदेश अध्यक्ष हैं तथा ह्यूमन राइट्स डिफेंडर संगठन में राष्ट्रीय मीडिया अध्यक्ष के दायित्व का भी निर्वहन कर रहे हैं। पत्रकारों की सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के संरक्षण के



लिए वे लगातार सक्रिय रहे हैं। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जमीनी स्तर पर काम करने की उनकी शैली उन्हें एक विशिष्ट पहचान दिलाती है।

इस सम्मान को प्रदान करने वालों में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सिन्हा, संस्थापिका सह राष्ट्रीय महासचिव पूजा सिन्हा तथा राष्ट्रीय निगरानी प्रमुख सरिता देवी मुख्य रूप से शामिल रहे। उन्होंने श्री सिन्हा को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन की मशाल बनते हैं। 'ए लैंप फॉर सोशल जस्टिस' सम्मान न केवल जितेन्द्र कुमार सिन्हा के कार्यों की मान्यता है, बल्कि यह समाज में न्याय, समानता और मानवाधिकारों के लिए काम करने वालों के लिए भी एक प्रेरणा है। यह सम्मान संदेश देता है कि सतत प्रयास और निष्ठा से समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है।

# आइएएस 2025 बैच के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने औद्योगिक इकाइयों का किया भ्रमण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2025 बैच के 10 प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने पटना जिले में उद्योग विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण शीतकालीन अध्ययन यात्रा कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। आज के भ्रमण के क्रम में प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने सिकंदरपुर, बिहटा औद्योगिक क्षेत्र स्थित औद्योगिक इकाइयों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इन इकाइयों में चल रही उत्पादन गतिविधियों प्रत्यक्ष अवलोकन किया। औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों द्वारा उन्हें उद्योग संचालन से जुड़ी



व्यावहारिक चुनौतियों, अवसरों एवं नवाचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के पश्चात उद्योग विभाग द्वारा संक्षिप्त प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न औद्योगिक योजनाओं, नीतियों, निवेश प्रोत्साहन उपायों, उद्यमिता को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रशिक्षु अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरान यह भी बताया गया कि किस प्रकार प्रशासनिक निर्णय और नीतिगत हस्तक्षेप राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को गति देते हैं। इस अवसर पर निदेशक (एमएसएमई) अमन समीर, निदेशक (हस्तकरघा एवं रेशम) विद्यानंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# अरविंद महिला कॉलेज की छात्राओं के बीच नई शिक्षा नीति के तहत प्रमाण पत्र का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से आज अरविंद महिला कॉलेज के छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की छात्राओं को इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रेम कुमार तथा एनजीओ हेल्पलाइन (सूचना शक्ति) के निदेशक, प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट, समाजशास्त्री एवं गरीबी अर्थशास्त्री संजय कुमार झा के कर-कमलों से वितरित किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए प्रेम



कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य शिक्षा को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखते हुए उसे व्यवहार, समाज और रोजगार से जोड़ना है। इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। प्रेम यूथ फाउंडेशन युवाओं के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। एनजीओ हेल्पलाइन के निदेशक संजय कुमार झा ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इंटर्नशिप छात्रों को वास्तविक सामाजिक, प्रशासनिक एवं व्यावहारिक चुनौतियों से परिचित कराती है।

# लायंस क्लब ऑफ पटना सेंटेनियल ने नौ जरूरतमंदों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कराया



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना सेंटेनियल के तत्वावधान में समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए 9 जरूरतमंद लोगों का मोतियाबिंद (कैटरैक्ट) ऑपरेशन सफलतापूर्वक कराया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत मरीजों के लिए भोजन की भी समुचित व्यवस्था की गई। इस पुनीत कार्य में लायंस क्लब के सदस्यों ने उत्साह और समर्पण के साथ सक्रिय सहभागिता निभाई। यह ऑपरेशन बालाजी नेत्रालय में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. शशि मोहंका द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न कराया गया। लायंस क्लब ऑफ पटना सेंटेनियल समाज के वंचित वर्गों की सेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्य करता रहेगा।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 213 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 30 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



झारखंड दौरे पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी सादगी से सरायकेला के लोगों का दिल जीत लिया। प्रोटोकॉल छोड़ वह बीच सड़क पर लोगों से मिलने पहुंचीं।

## खरमास बाद शुरू होगी शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने घोषणा की है कि टीआरइ-4 के तहत शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षक नियुक्ति को लेकर पूरी तरह गंभीर है और प्रक्रिया में किसी तरह की देरी नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए विद्यालय अध्यापकों की नियुक्ति के लिए 31 जिलों से आरक्षण रोस्टर पंजी जिलों में समाशोधन होने के बाद प्राप्त हो चुके हैं। इनकी जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि जनवरी माह के 15 से 20 तारीख तक विज्ञापन प्रकाशन के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेज दी जाएगी। इसके अलावा नवसृजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के 935 पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेजी गई। जनवरी माह में इसकी परीक्षा भी ली जाएगी। वहीं विशेष



विद्यालय अध्यापक के 7279 पदों पर नियुक्ति के लिए बीपीएससी को अधियाचना भेज दी गई है। राज्य के प्रारंभिक से लेकर उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के मृत आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु बिहार राज्य विद्यालय लिपिक (नियुक्ति, सेवाशर्त एवं अनुशासनिक कार्रवाई) संवर्ग नियमावली 2025 एवं बिहार राज्य विद्यालय परिचारी (नियुक्ति, सेवाशर्त एवं अनुशासनिक कार्रवाई) संवर्ग नियमावली 2025 अधिसूचित की गयी है। उक्त नियमावली के अधिसूचित होने के पश्चात अभी तक कुल 5073 विद्यालय लिपिक एवं 541 विद्यालय परिचारी यानी कुल 5614 आश्रितों की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति की गयी है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के माध्यम तीन चरणों में कुल 2,27,195 शिक्षकों की नियुक्ति कर योगदान करा दिया गया है। मंत्री ने कहा कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित अभी तक चार चरणों में स्थानीय निकाय शिक्षक सक्षमता परीक्षा आयोजित की गई है, जिसमें कुल 319747 शिक्षक अभ्यर्थी सम्मिलित हुए तथा कुल 266786 शिक्षक अभ्यर्थी सफल घोषित हुए हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बिहार राज्य के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के लिए कुल 2849 सहायक प्राध्यापकों की अनुशंसा भेजी गई है। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा कुल 2983 पदों के लिए अनुशंसा भेजी गई है। इस प्रकार राज्य के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के लिए कुल 5832 सहायक प्राध्यापकों के पदो के लिए अनुशंसा भेजी जा चुकी है। राज्य के सरकारी अंगीभूत महाविद्यालय में 116 प्राचार्यों की नियुक्ति की गई।

## बिहार के चार जिलों में खुलेंगे एटीएस के नए कमांड ऑफिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आतंकवाद से लड़ने के लिए बिहार पुलिस महकमा में गठित विशेष इकाई एटीएस (आतंकवाद निरोध दस्ता) के चार नए क्षेत्रीय कार्यालय बनेंगे। पटना में मौजूद एटीएस के मुख्यालय के अलावा गया, मोतिहारी, दरभंगा और पूर्णिया में भी एक-एक क्षेत्रीय कार्यालय बनाए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार करके पुलिस महकमा ने गृह विभाग को भेज दिया है। अनुमति मिलने के साथ ही इनके गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह जानकारी एडीजी (विधि-व्यवस्था) पंकज कुमार दराद ने दी। वह सोमवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्रीय कार्यालय जहां मौजूद रहेंगे वहां के आसपास के जिलों को इससे जोड़ा जाएगा। एडीजी दराद ने कहा कि इन क्षेत्रीय कार्यालय का गठन होने से एटीएस की कार्यक्षमता का विकास होगा। इनकी जवाबदेही आतंकवाद से जुड़ी गतिविधि पर नजर रखने के साथ ही धार्मिक, राष्ट्रविरोधी और आपराधिक गतिविधि पर भी नजर रखने की होगी। यह सभी जिलों में मौजूद स्पेशल ब्रांच के समानांतर काम करेगा। प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय की कमान डीएसपी रैंक के अधिकारी के पास होगी। उन्होंने कहा कि एटीएस सीमावर्ती इलाकों में आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों पर भी निरंतर नजर बनाए रखता है। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से संबंधित धाराओं में जेल में बंद जो लोग छूटकर बाहर आते हैं, उन पर भी निरंतर नजर बनाए रखने और इससे संबंधित सूचना एकत्र करनेका काम भी एटीएस के स्तर से की जाती है।

### संक्षिप्त समाचार

#### बिहार सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा स्थगित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के पदों के लिए होनेवाली लिखित परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी है। परीक्षा 14 जनवरी को छोड़कर 10 से 16 जनवरी 2026 तक होनी थी। आयोग ने अपनी सूचना में बताया है कि परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। स्थगन के पीछे तकनीकी या प्रशासनिक कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। अभ्यर्थियों के लिए ध्यान देनेवाली बात यह है कि परीक्षा रद्द नहीं हुई है बल्कि स्थगित हुई है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा आयोजन की तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

#### वर्षों से फरार कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

**जमुई(नबिटा ब्यूरो)।** जमुई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए सालों से फरार कुख्यात नक्सली मुकेश यादव को गिरफ्तार किया है। चरकापत्थर थाना क्षेत्र के थम्हन गांव निवासी मुकेश यादव पर दिसंबर 2020 के अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक कांड और हाल ही में हुई पूर्व नक्सली लखन यादव की हत्या में संलिप्तता का आरोप है। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ राजेश कुमार के नेतृत्व में चरकापत्थर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

#### जेल में कैदी ने स्टील प्लेट से गला रेता, मौत

**सहरसा(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित मंडल कारा में बंद कैदी ने गला रेतकर आत्महत्या कर ली। जेल प्रशासन का कहना है कि उसने स्टील की प्लेट से अपना गला रेतकर खुद्कुशी की है जबकि परिवार इसे हत्या बता रहा है। मंडल कारा में वह 21 महीने से बंद था। मृतक की पहचान 25 साल के सुनील साह के रूप में हुई है, जो बिहरा थाना क्षेत्र के लालगंज बारा गांव का निवासी था। सुनील साह पर दो साल की बच्ची से रेप का आरोप था। जेल अधीक्षक निरंजन कुमार पंडित ने बताया कि पूरी घटना जेल में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई है।

## 75 हजार रुपये घूस लेते वाणिज्यकर कार्यालय का परिचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सहरसा।** भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निगरानी विभाग ने राज्य कर (सेल टैक्स) कार्यालय के एक चपरासी को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सोमवार को सहरसा स्थित राज्य कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय में हुई। गिरफ्तार चपरासी की पहचान शंकर कुमार के रूप में हुई है जो संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार के कार्यालय में कार्यरत है। निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार-2 ने बताया कि सिमरी बख्तियारपुर निवासी टायर व्यवसायी सिराजिल होदा ने 17 दिसंबर को विभाग में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार उनका बैंक ऑफ इंडिया में संचालित करंट अकाउंट को सेल टैक्स विभाग द्वारा होल्ड कर दिया गया था। जब वे कारण जानने कार्यालय पहुंचे तो उन्हें बताया गया कि उन पर 12 लाख रुपये का बकाया है जबकि संबंधित टैक्स पहले ही जमा किया जा चुका था। व्यवसायी ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ कार्यालय जाने पर उन्हें ब्याज सहित लगभग 2 लाख 49 हजार रुपये जमा करने को कहा गया जिसके लिए वे तैयार थे। बावजूद उनका खाता होल्ड से नहीं हटाया गया। बाद में इसे मानवीय भूल बताकर सेटलमेंट करने के नाम पर कार्यालय के चपरासी शंकर कुमार ने एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की। सौदेबाजी के बाद 75 हजार रुपये में बात तय हुई। शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग की 15 सदस्यीय टीम ने जाल बिछाया। सोमवार को टीम ने शंकर कुमार को कार्यालय में ही रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद सेल टैक्स कार्यालय में हड़कंप मच गया है। वहीं व्यवसायियों ने निगरानी विभाग की इस कार्रवाई को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त संदेश बताया है।

## सीएम नीतीश ने जाना कार्यकर्ताओं का हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को अचानक जदयू दफ्तर पहुंच गए। इस दौरान वे 10 मिनट वहां रुके। वहां मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और हाल-चाल जाना। इस मौके पर नीतीश के साथ मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी भी मौजूद रहे। सीएम नीतीश के औचक निरीक्षण से कार्यकर्ताओं में खलबली मच गई। पार्टी दफ्तर पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने संगठन के कामकाज और परिसर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री जिस वक्त पार्टी दफ्तर पहुंचे उस समय वहां पार्टी के 50-60 लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने पार्टी नेताओं के साथ दफ्तर के पीछे वाले हिस्से का पहले भ्रमण किया। उन्होंने जदयू प्रदेश अध्यक्ष को कहा कि इस हिस्से को भी इस





तरह से विकसित कर दिया जाए कि यहां भी सही तरीके से बैठक हो सके। इस जगह का बेहतर इस्तेमाल हो जाएगा। लैंडस्केपिंग से संबंधित सुझाव भी दिए। पीछे वाले हिस्से को देखने के बाद मुख्यमंत्री दफ्तर के हाल की ओर मुड़ गए। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान दोनों मंत्रियों को कार्यालय के रख-रखाव और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## समाज के लिए गंभीर चुनौती है नशा : डीजीपी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने समाज के लिए नशा को एक गंभीर चुनौती बताया। इस चुनौती से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय, संवेदनशीलता और कानून सम्मत कार्रवाई करने की आवश्यकता जताई। डीजीपी विनय कुमार सोमवार को मद्य निषेध एवं मादक पदार्थ विषय पर पुलिस मुख्यालय के सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मद्य निषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो तथा उत्पाद विभाग के स्तर सेसंयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यशाला का उदेश्य एनडीपीएस अधिनियिम, 1985 के प्रभावी अनुपालन के लिए जिला स्तर पर कार्यरत पुलिस एवं उत्पाद अधिकारियों को कानूनी, तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। डीजीपी ने प्रशिक्षण लेनेवाले सभी अधिकारियों से कहा कि यहां से प्राप्त ज्ञान का व्यावहारिक रूप से उपयोग करें और नशा मुक्त बिहार बनाने के लक्ष्य को साकार करें। मौके पर मद्यनिषेध, उत्पाद एवं निबंधन सचिव अजय यादव, एडीजी (मुख्यालय) कुंदन कृष्ण, एडीजी (मद्यनिषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो) अमित कुमार जैन, आयुक्त मद्य निषेध अंशुल अग्रवाल, डीआइजी (मद्य निषेध एवं स्वापक नियंत्रण ब्यूरो) राशिद जमा तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य कुमार अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

## लापरवाही में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने और जनता के साथ अनुचित व्यवहार करने के आरोपों में इस्लामपुर थाना के पांच पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में एक पुलिस उप निरीक्षक, तीन पुलिस सिपाही और एक चालक सिपाही शामिल हैं। नालंदा एसपी ऑफिस से जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिला पुलिस बल को लगातार इस्लामपुर थाना के इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायतें मिल रही थीं। जनता की ओर से आरोप लगाया जा रहा था कि ये पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं कर रहे हैं और आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार भी संतोषजनक नहीं है। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा-02 को इस मामले की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। जांच में यह पाया गया कि आरोपित पुलिसकर्मी वास्तव में अपने कार्य में लापरवाही बरत रहे थे और जनता के साथ उनका व्यवहार उचित मानकों के अनुरूप नहीं था। जांच रिपोर्ट में दर्ज निष्कर्षों के आधार पर पुलिस अधीक्षक ने कड़ी कार्रवाई करते हुए दारोगा तौफीक खान सिपाही मोहम्मद आशिक,लव कुमार सिंह, करण कुमार एवं चालक सिपाही जीतू कुमार को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ते पर निलंबित कर दिया है।

## नये साल में शुरू होगा विष्णुपद एवं महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गयाजी के लिए साल 2026 विकास के कार्यों के लिए खास रहेगा। कई बड़ी परियोजनाओं के कार्य पूरे होंगे तो कइयों का अगले कुछ दिनों में निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। इसमें धार्मिक स्थल के दो बड़े कॉरिडोर भी हैं। विष्णुपद मंदिर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य साल 2026 में शुरू होगा। ये दोनों



विश्वप्रसिद्ध मंदिर एक दूसरे से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर हैं और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इसके निर्माण कार्यों के लिए कागजी कार्रवाई पूरी हो चुकी है। कॉरिडोर के निर्माण से गयाजी की खूबसूरती बढ़ने के साथ यहां की अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोतरी होगी। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ उन्हें अच्छी सुविधा भी उपलब्ध होगी। इन दोनों कॉरिडोर के निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पिछले दिनों आर्किटेक फील्ड सर्वे पूरा हो गया है। डिजाइन बनाने का कार्य गुजरात के अहमदाबाद की एक कंपनी कर रही है। भारत सरकार ने 2023-24 में विष्णुपद और महाबोधि कॉरिडोर की स्वीकृति केंद्रीय बजट में दी थी। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि आर्किटेक फील्ड सर्वे पूरा हो चुका है। फाइनल प्लान अगले कुछ दिनों में जारी होते ही कार्य शुरू हो जाएंगे। 2026 के लिए ये बड़ी सौगात गया और बोधगया के लिए है। इन परियोजनाओं के लिए ब्लू प्रिंट स्थानीय समिति के लोगों के साथ फाइनल करके जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएंगे। फाइनल प्लान पर सहमति बनाने को लेकर बैठक होनी है। डीएम ने बताया कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर के लिए कनेक्टिविटी बेहतर की जा रही है। इस को एनएच 2 और डोभी-गया-पटना फोरलेन सड़क से जोड़ने के लिए एक फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इस सड़क के निर्माण से औद्योगिक कॉरिडोर से बोधगया कॉरिडोर और विष्णु पद कॉरिडोर तक सीधे तौर पर पहुंचा जा सकता है।



## एक नजर

### घर के पास खड़ा ई-रिक्शा उड़ा ले गए चोर

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के हिसुआ कुर्मी टोला में घर के पास लगे ई -रिक्शा को रविवार की रात्रि चोरों ने चोरी कर ली, चोरी की वारदात पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसके बाद चोर का पता चला और ई -रिक्शा तथा बैटरी बरामद किया गया।

बताया गया है कि रविवार की रात दो की संख्या में रहे चोर ने हिसुआ नगर परिषद क्षेत्र के कुर्मी टोला निवासी टिंकू कुमार के घर के पास से ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया। पास लगे सीसीटीवी कैमरा से पता चला कि दो चोर ई-रिक्शा को चोरी कर ले भागा। इधर-उधर पता लगाने पर ग्रामीणों के द्वारा पता चला कि चोरों ने ई-रिक्शा को अर्चना गली मजार के पास लगाकर उसका बैटरी खोलकर छोड़ दिया और बैटरी को अंदर बाजार स्थित मध्य विद्यालय के शौचालय में रख दिया था। ई-रिक्शा और बैटरी बरामद हो गया वहीं चोर की पहचान भी हो गया। टिंकू कुमार ने हिसुआ थाना को लिखित सूचना देकर घटनाक्रम को अवगत कराया और कार्रवाई की मांग किया।

### ठंड लगने से युवक की मौत

**नारदीगंज,नवादा/नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के ननौरा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सह गोतारायन निवासी दिलीप पासवान का 25 वर्षीय पुत्र सुमन कुमार की मौत रविवार की रात में हो गई। परिजनों के अनुसार उस युवक की मौत ठंड लगने से हुई है। कहा गया सुमन कुमार रविवार को रात में भोजन करके घर में सोने के लिए चला गया। तकरीबन 12 बजे रात में उसे शौच लगा,तो बिस्तर से उठकर घर में स्थित शौचालय में शौच कर वापस बिस्तर पर सो गया। तब उसकी मां उसे जाकर जगाया, लेकिन वह कुछ भी नहीं बोल पा रहा था। तब उसे आनन फानन में लोग सीएचसी नारदीगंज लेकर आये, जहां कार्यरत चिकित्सक ने जांच के बाद सुमन को मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाई में सबसे बड़ा था। घटना की मिलने के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरज पासवान,मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार,जिला महामंत्री बिपिन कुमार,जदयू नेता विनय कुमार साव, राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा समेत अन्य लोगों मृतक के स्वजन से मिलकर ढांढस बंधाते हुए असामयिक निधन पर दुख प्रकट की।

### बलिदानी जवान के स्वजनों से मिल हिसुआ भाजपा विधायक अनिल सिंह, बंधाया ढाढस

**नरहट (नवादा)/नबिटा संवाददाता।** सोमवार को हिसुआ विधानसभा के भाजपा विधायक अनिल सिंह बलिदानी आईटीबीपी जवान मनोज कुमार के घर छोटा शेखपुरा पहुंच कर पीड़ित स्वजनों से मिलकर घटना पर दुख जताया। पीड़ित स्वजनों को सांत्वना दिया। कहा कि यह घटना काफी दुखद है इसकी क्षतिपूर्ति नही हो सकती। इसकी शहादत को भुलाया नहीं जा सकता। विधायक ने कहा कि इस दुख की मुश्किल घड़ी में हम आपके साथ हैं। विधायक ने शहीद मनोज कुमार के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। दिवंगत आत्मा के शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ग्रामीणों एवं स्वजन पंकज गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता आदि ग्रामीणों ने शहीद मनोज कुमार के नाम पर मीनापुर पुनौल पथ पर मीनापुर के पास गेट निर्माण एवं आदम कद प्रतिमा स्थापित करने की मांग रखी जिसको विधायक ने हर सम्भव पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि हमारे फंड से प्रावधान होगा तो कराएंगे अगर नही होगा तो भी आपसी सहयोग से गेट निर्माण कार्य को कराया जाएगा। इस मौके पर भाजपा शेखपुरा प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल राजवंशी, नरहट भाजपा प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन कुमार, भाजपा नेता विवेकानंद, मुरारी मनोहर, उपमुखिया पंकज सिंह, संजय सिंह, बिगन सिंह, अरविंद पांडेय, गुजो सिंह समेत दर्जनों भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता ग्रामीण मौजूद थे।

### शहीद मनोज के परिजन से मिले नगर परिषद अध्यक्षा पूजा कुमारी ने की संवेदना प्रकट

**नवादा/नबिटा ब्यूरो।** जिले के आइटीबीपी के जवान मनोज कुमार साव का ड्यूटी के दौरान विगत दिनों वीरगति को प्राप्त हुए थे, जिसकी सूचना मिलने पर सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी ने उनके पैतृक आवास नरहट प्रखंड के ग्राम बेरौटा (शेखपुरा) पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर उन्हें इस दुःख की घड़ी में हिम्मत और धैर्य रखने की बात कही। उन्होंने कहा आइटीबीपी के जांबाज जवान मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भारत माता एक वीर सपूत थे। उन्होंने देश की सेवा में कुर्बानी दी। हम इनके परिजन पर गौरवान्वित महसूस करते हैं, जिन्होंने देश की सेवा में अपने बेटे को भेजा। उन्होंने परिवारजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बढ़ाया। उन्होंने कहा शहीद मनोज कुमार साव के दोनों मासूम बच्चों से मिलकर मन विचलित हो उठा, उन्होंने हर मदद करने का विश्वास दिलाया। नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी के साथ प्रखर समाजसेवी मसूदन चौधरी बाबूचंद चौधरी, अर्जुन चौधरी, दिलीप चंद्रवंशी एवं तमाम लोग मौजूद थे।

### फुटपाथी दुकानदारों के लिए भाकपा माले ने नगर निगम के समक्ष किया प्रदर्शन

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** भाकपा माले एवं ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के आह्वान पर सोमवार को नगर निगम कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन के किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बाजार समिति प्रांगण से जुलूस निकाला जो भरावपर और पुलपर होते हुए नगर निगम कार्यालय पहुंचा। जहां जुलूस सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले के जिला सचिव सुरेन्द्र राम ने कहा कि गरीबों को अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर सड़क पर उतरना होगा। उन्होंने कहा कि बुलडोजर की राजनीति को सिर्फ जन संघर्ष के माध्यम से ही परास्त किया जा सकता है।

ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के महासचिव पाल बिहारी लाल ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में भूमिहीन गरीबों का सर्वे कर उनकी पहचान की जाए और उन्हें जमीन व मकान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजगार देने का वादा तो करती है, लेकिन स्वरोजगार में लगे फुटपाथी दुकानदारों को उजाड़कर अपने ही वादों के खिलाफ काम कर रही है।

सभा में आरवाईए के जिलाध्यक्ष बीरेश कुमार, माले जिला कमेटी सदस्य सुनील कुमार, अधिवक्ता अनिल पटेल, ठेला फुटपाथ वेंडर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष किशोर साव, जिलासचिव मनोज यादव, वरिष्ठ नेता सत्यनारायण प्रसाद, रंजीत कुमार, अजय कुमार, मीना देवी, पिंकी देवी, रीना देवी, मकसूद, शिवनंदन प्रसाद समेत कई फुटपाथी दुकानदारों ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने एक स्वर में भूमिहीन गरीबों को जमीन और मकान देने, फुटपाथी दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन निर्धारित करने, टाउन वेंडिंग कमेटी का गठन करने तथा स्ट्रीट वेंडर्स कानून का पूर्ण रूप से पालन करने की मांग की। प्रदर्शन के बाद नगर आयुक्त को संबोधित एक मांग पत्र नगर निगम कार्यालय में सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में फुटपाथी दुकानदार मौजूद रहे और अपने हक की आवाज बुलंद की।

# ग्रामीण और अनपढ़ आवेदकों को प्राथमिकता, जनसुविधाओं पर डीएम का फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय तकनीकी / गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ डीएम कुंदन कुमार ने समीक्षा बैठक की । डीएम ने दरबार की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वर्ष 2025 के अंत तक जिला जनता दरबार के शत-प्रतिशत लंबित मामलों को निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण, अनपढ़ आवेदकों की समस्याओं को सुगमता से निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे, कार्यालयों में समस्या निदान हेतु आए आवेदकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि नालंदा जिले को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अनुपयोगी भूमि, जहां फसल नहीं उगती है, ग्राउंड लेवल पर वैसे भूमि चिन्हित करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि छोटे बड़े औद्योगीकरण को बढ़ावा देकर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन किया जा सके। निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर पर्यटन स्थल को चिन्हित करें एवं यथाशीघ्र प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नव नालंदा बिहार के समीप अवस्थित लेक में वॉटर स्पोर्ट्स की सुविधा विकसित की जाएगी । सभी विभाग अपने कार्यालय में खाली पदों के रिक्तियां की सूचना यथाशीघ्र भेजना सुनिश्चित करें। सिनेमा हॉल, पेट्रोल पंप के लिए एनओसी से संबंधित लंबित मामले का निष्पादन संबंधित विभाग यथाशीघ्र निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे। भूमि विवाद से संबंधित परिवाद की संख्या 392 में से 296 को निष्पादित किया जा चुका है, निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग यथाशीघ्र शेष मामले निष्पादन करेंगे, साथ ही निष्पादन गूगल सीट में अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा को निर्देशित किया गया कि जिलांतर्गत पइन, आहर की सूची




(प्रखंड, पंचायत एवं स्थल नाम सहित) के अनुसार अतिक्रमण मुक्त करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि सिंचाई के लिए निर्बाध रूप से खेत तक पानी पहुंचाई जा सके। शिक्षा विभाग की समीक्षा में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, नालंदा को विद्यालयों की आधारभूत संरचना से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कराने का निर्देश दिया गया। इसमें अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण की आवश्यकता वाले विद्यालय, जर्जर भवन एवं जर्जर वर्ग कक्ष वाले विद्यालयों का विवरण, तथा बेंच-डेस्क की कमी वाले विद्यालयों की सूची शामिल होंगे, संबंधित प्रधानाचार्य से प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कनीय अभियंता, BMSICL को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण हेतु उपलब्ध भूमि के आलोक में मॉडल नक्शे में आवश्यक संशोधन के लिए विभाग से समन्वय स्थापित कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा में सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को संदिग्ध राशन कार्ड मामलों में अविलंब संबंधित लाभुकों को नोटिस निर्गत कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही e-KYC में तेजी लाने तथा किसी भी राशन कार्ड आवेदन को एक्सपायर न होने देने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत अंतर्जातीय विवाह से संबंधित लंबित मामला निष्पादन हेतु निर्देश दिया गया। साथ ही कुष्ठ रोग प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर कंबल वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग की समीक्षा में आवासीय विद्यालयों में प्रतिनियुक्त शिक्षकों का योगदान सुनिश्चित कराते हुए पठन-पाठन प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। भू-अर्जन से संबंधित मामलों में बिहारशरीफ नगर निगम, राजगीर नगर परिषद एवं हिलसा नगर परिषद क्षेत्र में शवदाह गृह निर्माण हेतु भूमि चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए अनुपयोगी भूमि चिन्हित कर उसके आस-पास से गुजरने वाले हाईवे एवं पथों का डायग्राम तैयार करने को कहा गया। सालेपुर–बेलौआ बौद्ध सर्किट पथ परियोजना के संबंध में वरीय परियोजना अभियंता, पुल निर्माण निगम को मौजावार समस्या का विस्तृत डायग्राम प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। वहीं इस्लामपुर में धोवा पुल के पुनर्निर्माण हेतु बिजली शिफ्टिंग का प्राक्कलन आपसी समन्वय से प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर द्वारा बताया गया कि जू-सफारी के पास बने स्पीड ब्रेकर को दुरुस्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी कार्य विभागों को बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं एवं अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समय-सीमा में कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करते हुए अगली साप्ताहिक समन्वय बैठक में अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस अवसर पर नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता , अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला स्थापना उपसमाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, नजारत उपसमाहर्ता, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्ता, आइटी मैनेजर, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आइसीडीएस के पदाधिकारी गण, संबंधित कार्यपालक अभियंता सहित प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारीगण आदि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ें थे।

# केंद्रीय पुस्तकालय, संस्कृत विद्यालय एवं पार्क का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सोमवार को जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नगर भवन परिसर, नवादा में अवस्थित केंद्रीय पुस्तकालय का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पुस्तकालय भवन के निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं शेष बचे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पुस्तकालय से संबंधित शेष सभी कार्यों को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि नए पुस्तकालय का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कर



उसका विधिवत संचालन प्रारंभ किया जाए। पुस्तकालय में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता एवं अध्ययन हेतु आने वाले विद्यार्थियों एवं आमजनों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर भवन परिसर में स्थित जर्जर अवस्था में बने एंग्लो संस्कृत विद्यालय भवन का ध्वस्त करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही परिसर में निर्माणाधीन पार्क के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण कराने हेतु संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि नगर भवन परिसर को एक सुव्यवस्थित, उपयोगी एवं नागरिकों के लिए सुविधाजनक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद सत्येन्द्र कुमार वर्मा एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नगरनौसा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत सत्यापन कार्य शुरू

**नगरनौसा (नालंदा)/ नबिटा संवाददाता।** जिन परिवारों के पास अब तक पक्का मकान नहीं है और जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ नहीं मिल पाया है, उनके लिए राहत भरी खबर है। योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से नगरनौसा प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस योजना-2 में सर्वेक्षित परिवारों के आवेदनों का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। सत्यापन प्रक्रिया के दौरान यदि किसी आवेदन में त्रुटि या अपात्रता पाई जाती है, तो संबंधित परिवार का नाम अंतिम सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद पात्र परिवारों की सूची तैयार की जाएगी और सही पाए गए लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाएगा। आवास पर्यवेक्षक आलोक कुमार ने बताया कि नगरनौसा प्रखंड के सभी पंचायतों में आवास प्लस योजना-2 के तहत कुल 8893 परिवारों का सर्वे किया गया था। अब इन सभी सर्वेक्षित परिवारों का पंचायत स्तर पर गठित चेकर टीम के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही जिले में नए आवास निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवास आवंटन से पूर्व चयनित परिवारों को तीन स्तरों पर सत्यापन प्रक्रिया से गुजरना होगा। प्रथम चरण में ग्रामीण आवास सहायक द्वारा, द्वितीय चरण में प्रखंड स्तर पर गठित टीम द्वारा तथा तृतीय चरण में जिला स्तर पर गठित टीम के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा। तीनों स्तरों पर पात्र पाए जाने वाले परिवारों को ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा।

# सीएम के आगमन को लेकर एसडीएम ने कल्याण बिगहा पहुंच कर तैयारी का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संभावित आगमन को लेकर उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। 1 जनवरी को मुख्यमंत्री की माता स्वर्गीय परमेश्वरी देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर गांव से लेकर जिला स्तर तक प्रशासन अलर्ट मोड में है। इसी क्रम में सोमवार को बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकार काजले वैभव नितिन कल्याण बिगहा पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया। एसडीओ ने कविराज स्व. रामलखन सिंह स्मृति वाटिका का निरीक्षण करते हुए वहां चल रहे रंग-रोगन, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण कार्यों की बारीकी से समीक्षा की। साथ ही पंचायत क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के पैतृक आवास परिसर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य समय से पूर्ण करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ डॉ. पंकज कुमार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मंगलवार को नालंदा



जिलाधिकारी भी कल्याण बिगहा पहुंचकर तैयारियों का जायजा ले सकते हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और हर पहलू पर नजर रखी जा रही है। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन, अंचल अधिकारी पूजा कुमारी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार, मनरेगा पीओ आनंद कुमार, एलबीएसएम की बीसी प्रियदर्शिनी, ग्रामीण कक्कू सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएंगी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# हरनौत रेल कारखाना में आउटसोर्सिंग के तहत काम कर रहे मजदूरों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** हरनौत सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना में करीब 50 मजदूरों ने सोमवार को कामकाज ठप कर कारखाने के मुख्य गेट पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरना दे रहे मजदूरों का आरोप है कि उनसे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे तक नियमित रूप से काम लिया जाता है, लेकिन पिछले दो महीनों से उन्हें एक रुपये तक का वेतन नहीं मिला है। मजदूरों ने बताया कि पहले से ही 9 से 10 हजार रुपये की बेहद मामूली मजदूरी पर वे काम कर रहे हैं, वह भी समय पर नहीं दी जा रही है। वेतन नहीं मिलने के कारण मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने बताया कि सरकारी कारखाना होने के बावजूद उन्हें न तो रविवार की छुट्टी का लाभ मिलता है और न ही कोई स्थायी सुविधा दी



जाती है। ठेकेदार के माध्यम से काम कराए जाने के नाम पर श्रम कानूनों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। मजदूरों का कहना है कि नियम थोप दिया गया है कि महीने में 22 दिन काम करेंगे तभी रविवार की मजदूरी मिलेगी, जबकि हकीकत यह है कि उनसे लगातार हर दिन काम लिया जा रहा है। धरना स्थल पर मजदूरों ने सवाल उठाया कि जब सरकार मजदूरों के हित में कानून बना रही है, तो फिर सरकारी संस्थानों में ही इन कानूनों की धज्जियां क्यों उड़ाई जा रही हैं। आखिर ठेकेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती और मजदूरों को उनका हक क्यों नहीं मिल रहा है। मौके पर मौजूद सुपरवाइजर रियाज अहमद ने वेतन भुगतान में देरी का कारण 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी बताया। हालांकि मजदूरों ने इस दलील को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि पेट छुट्टी नहीं समझता।

# नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों रहता स्वस्थ

**हिलसा (नालंदा)/नबिटा ब्यूरो।** नशामुक्त समाज के निर्माण में किशोरियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, स्वच्छ और संस्कारित समाज की परिकल्पना की जा सकती है। उक्त बातें गुटखा छोड़ो आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह समाजसेवी डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने सोमवार को शहर के ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम के दौरान नशामुक्ति अभियान से जुड़ी दर्जनों किशोरियों को संबोधित करते हुए डॉ. मानव ने कहा कि नशा हर प्रकार के अपराध की जननी है। शराब और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थ तन और मन दोनों को खोखला कर देते हैं। यह न केवल स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि व्यक्ति के संस्कारों को भी नष्ट कर देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किशोरियां संकल्प लें, तो नए वर्ष में वे अपने परिजनों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी के माध्यम से प्रतिभागियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और इससे दूर रहने की अपील की गई। डॉ. मानव ने योग के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग अभ्यास से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा नशे से दूर रहने में भी सहायता मिलती है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित किशोरियों ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगी और अपने-अपने अभिभावकों व परिवार के अन्य सदस्यों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए जागरूक करेंगी। कार्यक्रम में नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति सभी ने एकजुट होकर प्रतिबद्धता जताई।

# 'आपकी पूंजी–आपका अधिकार' अभियान के तहत जागरुकता शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग एवं भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को राष्ट्रीय अभियान "आपकी पूंजी–आपका अधिकार" के अंतर्गत आर-सेटी भवन, मंगरबीघा नवादा में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) नवीन कुमार पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर डीडीएम नाबार्ड, मुख्य प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक बिहार ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविर की शुरुआत अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार



ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए की। वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) ने बताया कि जिले के विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों में लगभग 1.20 लाख निष्क्रिय खातों में पड़ी 43.57 करोड़ रुपये की राशि को उनके वास्तविक खाताधारकों अथवा उनके आश्रितों तक वापस पहुंचाना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि ऐसे खाते जिनमें दस वर्ष या उससे अधिक समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है और जो बिना दावे के पड़े हैं, उन्हें इस अभियान के माध्यम से सक्रिय किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान काफी सराहनीय है और इसे 31 दिसंबर 2025 तक जारी रखा जाएगा। सभी बैंकों से अपील की गई कि वे अपने ग्राहकों से संपर्क कर आरबीआई के माध्यम से शत-प्रतिशत राशि दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही बैंक शाखाओं और ग्राहक सेवा केंद्रों के माध्यम से गांव-गांव तक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। शिविर के दौरान जानकारी दी गई कि खाताधारियों में सबसे अधिक राशि भारतीय स्टेट बैंक की शाखाओं में जमा है, जबकि खातों की संख्या बिहार ग्रामीण बैंक में सर्वाधिक है। कार्यक्रम के दौरान बिहार ग्रामीण बैंक के दो लाभुकों को वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग) द्वारा 1,75,124 एवं 28,75,502 के चेक प्रदान किए गए। अधिकारियों ने बताया कि अब तक इस अभियान के तहत नवादा जिले में 2 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खाताधारकों को वापस की जा चुकी है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सरल है।

# कवियों एवं साहित्यकारों ने अपने काव्य पाठ्य से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित ऐतिहासिक लोकनायक जयप्रकाश नारायण आश्रम परिसर के राजेन्द्र भवन में अशोक स्मृति संस्थान हिसुआ,नवादा के बैनर तले मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदघाटन हिसुआ के विधायक अनिल सिंह,गोविंदपुर विधानसभा के निवर्तमान विधायक मोहम्मद कामरान,हिलसा के पूर्व विधायक डॉ० उषा सिन्हा, ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अविन्द कुमार, शिक्षाविद डॉ० आरपी साहू, डॉ० शशिभूषण प्रसाद, साहित्यकार नरेंद्र सिंह, वीणा मिश्रा, कवि ओंकार शर्मा आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर देश एवं विदेश के विभिन्न हिस्सों से आये कवियों एवं साहित्यकारों ने एक से बढ़कर एक



कविता,गजल एवं साहित्य से जुड़े पाठ्य को पठन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मगही साहित्यकार नरेंद्र प्रसाद सिंह एवं संचालन कवि ओंकार शर्मा ने किया। जबकि कार्यक्रम में लोगों ने एक स्वर से लोकनायक जयप्रकाश नारायण को नमन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक के रूप में मौजूद हिसुआ विधायक अनिल सिंह ने कहा कि साहित्यकार समाज का दर्पण होते हैं। वह हमेशा समाज को जोड़ने का काम करते हैं। पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से लोगों को अच्छी अच्छी जानकारियां हासिल होती है। उन्होंने कहा कि मानव जाति ने इतिहास में बहुत कुछ निर्माण किया है। लेकिन साहित्य का निर्माण उसके जीवन को विकसित करने में सबसे बड़ा योगदान है। ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविन्द कुमार ने जेपी आश्रम के इतिहास एवं ग्राम निर्माण मण्डल के कार्यों का विस्तार से लोगों को जानकारी दी तथा कहा कि आज जेपी जी के बनाये राह पर उनकी संस्था गांवों में कार्य कर रही है। कवि शैलेन्द्र प्रसुन्न ने कहा कि साहित्य ही साहित्य को मनुष्य बनाया तथा समस्त बन्धनों से मुक्त किया। मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव के संयोजक ओंकार शर्मा ने मगध साहित्य प्रेरणा उत्सव के भूमिका पर विस्तृत चर्चा किया। इस अवसर पर अन्य अतिथियों, कवियों एवं साहित्यकारों में अविनाश पांडेय,डॉ० विभा रानी श्रीवास्तव, नवादा उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा, रक्तवीर जितेंद्र प्रताप जीतू, देवेंद्र विश्वकर्मा, वीणा मिश्रा, बिहार बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष लालकेश्वर राम आदि ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

# कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की निर्धारित बैठक प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में आयोजित की गई। हालांकि, सदस्यों की अपेक्षित उपस्थिति नहीं रहने के कारण कोरम पूरा नहीं हो सका, जिसके चलते बैठक को स्थगित करना पड़ा। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि पंचायत समिति सदस्यों की बैठक पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुलाई गई थी, लेकिन पर्याप्त संख्या में सदस्यों की मौजूदगी न होने से कार्यवाही आगे नहीं बढ़ाई जा सकी। नियमों के अनुरूप कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि शीघ्र ही बैठक की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी और सभी पंचायत समिति सदस्यों को इसकी विधिवत सूचना दी जाएगी, ताकि आगामी बैठक में आवश्यक उपस्थिति सुनिश्चित हो सके और विकास से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की जा सके। प्रखंड स्तर पर विकास योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर विचार के लिए पंचायत समिति की बैठक को अहम माना जाता है। ऐसे में अगली बैठक को लेकर प्रशासन की ओर से सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की गई है। शासन-प्रशासन की यह प्रक्रिया, भले ही आज ठहर गई हो, लेकिन अगली तारीख पर नए संकल्पों के साथ फिर आगे बढ़ने का भरोसा देती है—क्योंकि व्यवस्था रुकती नहीं, बस पल भर ठहरकर खुद को संवारती है।

# राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ छात्र चेतना का सशक्त मंच है अभाविप : प्रमोद चंद्रवंशी

## अभाविप दक्षिण बिहार के 67वें प्रांतीय अधिवेशन की प्रदर्शनी का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दक्षिण बिहार के 67वें प्रांतीय अधिवेशन के तहत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में संगठन के वैचारिक, शैक्षणिक कार्यों के साथ-साथ दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों को चित्रावली और सूचना पट्ट के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी का उद्घाटन बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, गया कॉलेज गया के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्रा, प्रांत उपाध्यक्ष राम कुमार शर्मा, प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह, महानगर अध्यक्ष प्रियंका रॉय तथा जिला संयोजक धीरज केशरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी स्थल का नाम 'माउंटेन मैन' दशरथ मांझी के नाम पर रखा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ छात्र चेतना का सशक्त मंच है। यह संगठन युवाओं को समाज और देश के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद से मिली प्रेरणा के कारण ही वे आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं। दशरथ मांझी के संघर्ष का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जिस प्रकार उन्होंने छेनी-हथौड़ी से पहाड़ तोड़कर सड़क बनाई, उसी तरह विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा आज जन आंदोलन का रूप ले रहा है। प्रांत उपाध्यक्ष राम कुमार शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी का नाम दशरथ मांझी के नाम पर इसलिए रखा गया है क्योंकि वे अदम्य इच्छाशक्ति, आत्मनिर्भरता और अटूट संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने मानवीय और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए 22 वर्षों तक लगातार पहाड़ तोड़कर सड़क बनाई और आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। गया कॉलेज के प्राचार्य सतीश सिंह चंद्रा ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि अधिवेशन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए महाविद्यालय परिवार हर संभव प्रयास करेगा। महानगर अध्यक्ष प्रियंका रॉय और प्रांत छात्रा प्रमुख प्रिया सिंह ने कहा कि यह प्रदर्शनी कार्यकर्ताओं को संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि, संघर्ष और उपलब्धियों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जिला संयोजक धीरज केशरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष प्रियंका तिवारी, प्रांत संगठन मंत्री दिनेश कुमार, प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह, विभाग प्रमुख अविनाश कुमार, मंतोष सुमन, सूरज सिंह, पवन मिश्र, मैक्स अवस्थी, विभाग संगठन मंत्री मोहित सिंह, विनायक, प्रिंस सोलंकी, क्षितिज मोहन सिंह, नीरज, साक्षी गिरी, कौशिकी, नंदनी, पूर्व कार्यकर्ता भोला पटेल, धीरज गुप्ता, रामानंद यादव और सुभाष वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वागत समिति के अध्यक्ष संजय रविदास, पूर्व संगठन मंत्री अभिषेक निराला, मगध विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र कल्याण पदाधिकारी ब्रजेश रॉय सहित दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



# पर्यावरण संरक्षण, युवा प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सराबोर रहा पुस्तक मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**गया जी।** मगध पुस्तक मेला सह सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत सोमवार का दिन ज्ञान, संवेदना और सांस्कृतिक चेतना के जीवंत उत्सव के रूप में उभर कर सामने आया। प्रथम सत्र में मगध मेधा कंपटीशन के तहत विद्यालय स्तरीय गायन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा महाविद्यालय स्तरीय पीपीटी प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय पर्यावरण संरक्षण रहा। विद्यालय स्तर पर विभिन्न विद्यालयों से आए 50 से अधिक प्रतिभागियों ने गायन और प्रश्नोत्तरी में अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया। महाविद्यालय स्तरीय पीपीटी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों, उनके व्यावहारिक समाधान और नवाचारपूर्ण सुझावों को स्लाइड्स के माध्यम से प्रस्तुत किया। विशेष कार्यक्रम 'भारत विशेष- जय जवान, जय किसान' के अंतर्गत राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत साहित्यिक और रचनात्मक प्रस्तुतियां हुईं। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति कामेश्वर सिंह ने पुस्तकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं और हर आयु वर्ग को पुस्तकों से जुड़ना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान ने कबीर के दोहों के माध्यम से समाज में समरसता, सद्भाव और साहित्य संरक्षण पर विचार रखे तथा युवाओं से अधिक पढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कीर्ति चक्र प्राप्त कर्नल पंकज कुमार, 6 बटालियन एनसीसी की उपस्थिति रही। समापन पर शहीदों के सम्मान में दीपांजलि आयोजित की गई और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सामूहिक गान हुआ। आयोजन समिति की ओर से विवेक कुमार और मनीष कुमार ने अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। छुट्टियों के कारण पुस्तक मेला परिसर में युवाओं और बच्चों की उल्लेखनीय भीड़ रही। वरीय उपसमाहर्ता पंकज सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार सरकार ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर आयोजन में लगे युवाओं का उत्साहवर्धन किया। संध्या सत्र में कोच क्षेत्र के मुंडेरा गांव से आए कृषक और ग्रामीण कलाकारों ने मगही लोकगीतों की मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रमों के सफल संचालन में इश्तियाक, अभिषेक, सौरभ, गौरव, साक्षी, सत्यम और पुरुषोत्तम सहित अनेक स्वयंसेवकों का योगदान रहा।रात्रि सत्र में कुमारी शुभांगी के एकल शास्त्रीय गायन, ऋषि कुमार और समूह की सूफी प्रस्तुति, अनु कुमारी का कथक नृत्य तथा तृप्ति भारद्वाज, वैभव और प्रणव सिन्हा की गजलों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। संगीत, नृत्य और लोकभावना के इस संगम ने मगध पुस्तक मेला को एक यादगार सांस्कृतिक उत्सव बना दिया।

# एसडीओ ने की जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित दर्जनों मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** अनुमंडल कार्यालय में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित दर्जनों मामलों की सुनवाई की गई। जनता दरबार में शेरघाटी और आमस अंचल से बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे जिन्होंने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद से जुड़े मामले सामने आए जिनमें सीमांकन, कब्जा विवाद, रसीद कटने, दाखिल-खारिज और पुराने विवादों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अंचलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर आमस और शेरघाटी अंचल के अंचलाधिकारी समेत कई राजस्व अधिकारी मौजूद थे। अधिकारियों के समक्ष फरियादियों की बात सुनी गई और कई मामलों में मौके पर ही समाधान निकालने का प्रयास किया गया। वहीं, कुछ जटिल मामलों में जांच के आदेश दिए गए तथा समय-सीमा निर्धारित करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है। ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए क्योंकि ऐसे विवाद अक्सर आपसी तनाव और कानून-व्यवस्था की समस्या का कारण बनते हैं। जनता दरबार में मौजूद लोगों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि जल्द ही उनके मामलों का निष्पादन होगा।

# वजीरगंज बाजार में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, सड़कों से हटाए गए अस्थायी ढांचे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** वजीरगंज बाजार में सोमवार को अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर लगे अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। अतिक्रमण के कारण बाजार क्षेत्र में लगातार भीषण जाम की समस्या बनी हुई थी जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अंचलाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों किनारों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया है ताकि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जा सके। प्रशासन की ओर से रविवार को ही पूरे बाजार क्षेत्र में माइकिंग के माध्यम से सूचना प्रसारित कर दी गई थी। इसके बाद आधे से अधिक दुकानदारों और ठेला-खोमचा लगाने वालों ने स्वयं ही सड़क से अपना अतिक्रमण हटा लिया जबकि शेष अतिक्रमण को जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जब तक बाजार क्षेत्र पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर आगे भी अभियान चलाया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य बाजार को स्थायी रूप से जाम की समस्या से मुक्त करना है। वहीं कार्रवाई के बाद अतिक्रमण हटाए जाने से प्रभावित लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली। कई लोगों ने कहा कि अतिक्रमण हटने से उनकी रोजी-रोटी छिन गई है। उनका कहना था कि यदि प्रशासन पहले उनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था या बसाने की पहल करता तो इस तरह की कठोर कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ती। बाजार में कार्रवाई को लेकर दिन भर चर्चा का माहौल बना रहा।




# कोंच में रामविलास पासवान की मूर्ति का अनावरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के कोंच पंचायत अंतर्गत बड़की मननपुर गांव में सोमवार को स्वर्गीय रामविलास पासवान की मूर्ति का अनावरण पूर्व मंत्री डॉ. अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि उन्हें पहली बार विधानसभा तक पहुंचाने में पासवान समाज की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भले ही इस बार कुछ लोगों के बहकावे में आकर एक-दो प्रतिशत लोगों ने वोट नहीं दिया जिससे चुनाव में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन वे क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करना चाहते हैं कि किसी भी कार्य में वे सदैव उनके साथ खड़े रहेंगे। पूर्व मंत्री ने कहा कि टिकारी विधानसभा क्षेत्र में विकास की जो लकीर उन्होंने खींची है, उसे कोई पार नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कोंच प्रखंड में स्वर्गीय रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा का अनावरण शीघ्र किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्व. रामविलास पासवान उनके लिए सदैव आदरणीय थे और रहेंगे। चुनाव हारने के बाद भी जैसे पहले वे क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं, आगे भी जनता के बीच बने रहेंगे। कार्यक्रम में मुखिया दिलीप कुमार, मंटू पासवान, अशोक पासवान, रंजीत पासवान, उमेश पासवान, आंती पैक्स अध्यक्ष प्रिंस कुमार, असलेमपुर पैक्स अध्यक्ष रोहित कुमार, मुरारी शर्मा, अंकित कुमार, गुड्डू शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध शराब बरामद, तीन पियक्कड़ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के चट्टी मोहल्ला में सोमवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए 40 लीटर अवैध शराब बरामद की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि उन्हें लंबे समय से इलाके में अवैध शराब के भंडारण और सेवन की शिकायत मिल रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम के साथ चट्टी मोहल्ला में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोहल्ले के एक झाड़ी में छिपाकर रखी गई 40 लीटर शराब को बरामद किया। पुलिस के अनुसार शराब को इस तरह छिपाया गया था कि सामान्य रूप से किसी को उस पर शक न हो, लेकिन सटीक सूचना के कारण पुलिस को सफलता मिली। बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया है और आगे की कानूनी प्रक्रिया की जा रही है। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे तीन शराबियों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराबियों की पहचान विजय यादव, अजित यादव और दीपक यादव के रूप में की गई है।

# टिकारी अनुमण्डल के स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी अनुमण्डल के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर अनुमण्डल प्रशासन द्वारा अनुमंडल परिसर में समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत अनुमण्डल बनाओ संघर्ष समिति के सदस्यों, एनसीसी कैडेट व स्कॉउट एंड गाइड द्वारा टिकारी नगर में प्रभातफेरी निकाल की गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी योगेन्द्र पासवान ने प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखा रवाना किया। प्रभातफेरी डाकबंगला से निकल अनुमण्डल कार्यालय पहुंचा। प्रभातफेरी के उपरांत अनुमण्डल कार्यालय परिसर में कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। एसडीएम प्रवीण कुंदन, एसडीपीओ सुशांत चंचल, डीसीएलआर अमेत विक्रम बैनामी, कोंच प्रखण्ड प्रमुख मणि देवी, अनुमण्डल बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक अबरार आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अनुमण्डल प्रशासन द्वारा अनुमण्डल बनाओ संघर्ष समिति से जुड़े अनशनकारियों व आंदोलनकारियों को माला पहना व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया व एसडीएम श्री कुंदन ने समिति के सभी लोगों का आभार प्रकट किया। समिति के संयोजक रहे अबरार आलम ने अनुमण्डल बनाने में की गई संघर्ष को विस्तार से लोगों के समक्ष रखा। साथ ही साथ अनुमण्डल प्रशासन द्वारा अनुमण्डल के सभी प्रखण्ड के पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर जिला पार्षद सुरेश यादव, समिति से जुड़े डॉ शत्रुध्न दांगी, गोपाल यादव, रामाशीष प्रजापति, शिवलोकी यादव, रामाशीष प्रजापति, बेचन चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर सहित अन्य लोग शामिल थे। स्थानीय कलाकारों, कवियों व शायरों ने बांधा समां

स्थापना दिवस के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर समां बांधा। नप के पूर्व उपाध्यक्ष अमित वर्मा उर्फ धन्नू, सुधीर सिन्हा, श्रवण सागर, मंटू मिश्रा, निशांत, राजेश मिश्रा, कवि सुशील मिश्रा साहिल, शायर मुमताज हसन सहित अन्य ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी। स्थापना दिवस के मौके पर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी, निजी विद्यालय के प्रतिभावान छात्र को अनुमण्डल प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। अनुमण्डल प्रशासन द्वारा क्षेत्र के रिकाबगंज मुहल्ला निवासी आस्था मिश्रा को अंग्रेजी उपन्यास लिखने पर सम्मानित किया गया। वहीं क्षेत्र के अन्य खिलाड़ियों को विभिन्न खेल प्रतिभा को लेकर सम्मानित किया गया। खिलाड़ी प्रिंस कुमार, स्नेहा कुमारी, ज्ञान प्रकाश, आदित्य राणा, आयुषी कुमारी, उत्पलकांत, प्रेरणा श्री, साकेत कुमार, पीयूष, अभिषेक, सत्यम, कोमल, अभिषेक, कुंती, नैंसी, पलक, सौरभ राज, डॉली कुमारी, स्वीटी कुमारी सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

# बाइक लूट कांड के दो फरार अभियुक्त कट्टा के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से बाइक लूट कांड में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने छापेमारी कर दो अप्राथमिकी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जिनके पास से लूट में प्रयुक्त देसी कट्टा भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष मनेस कुमार ने सोमवार की शाम करीब 4 बजे बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान गुरुआ थाना क्षेत्र के महादेवस्थान गांव निवासी नितेश कुमार उर्फ नीतीश कुमार उर्फ चुहिया तथा आजाद बिगहा गांव निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। दोनों आरोपी बाइक लूट कांड के बाद से पुलिस के डर से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर गुरुआ पुलिस ने एसटीएफ की टीम के साथ दोनों गांवों में संयुक्त रूप से छापेमारी की और दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया।


**बिहार सरकार**

**नगर विकास एवं आवास विभाग**
**कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद औरंगाबाद**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–13/2025–26 (E.T.)**
**(E-Tendering On website- eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद् औरंगाबाद
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि : दिनांक–24.12.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय : दिनांक–05.01.2026 को 10:00 AM से (on website- eproc2.bihar.gov.in)
4. प्रीबिड मीटिंग का स्थान/तिथि : दिनांक–06.01.2026 समय 11:00 बजे स्थान कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय : दिनांक–15.01.2026 को 3:00 PM तक 3 (on website-eproc2.bihar.gov.in)
6. अग्रधन सभी मूल शपथ पत्र, Existing Commitment एवं परिमाण विपत्र के मूल्य बैंक गारंटी जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान : दिनांक–17.01.2026 को 1:00 PM तकके 3 कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय, नगर परिषद्, औरंगाबाद कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, नगर विकास प्रमण्डल औरंगाबाद अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, नगर विकास अंचल, मगध (गयाजी)
7. तकनीकी/वितीय बीड खोलने की तिथि/समय : दिनांक–17.01.2026 को 3:00 PM से (on website-eproc2.bihar.gov.in)
8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय : तकनीकी बीड के निर्णय के उपरांत
9. कार्य का विवरण : (षष्ठम राज्य वित आयोग मद, 15वीं वित्त आयोग मद, आतंरित संसाधन मद एवं नगर निधि मद)

| कार्य सं0 | ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि (बैंक गारंटी) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रु० में) | कार्य की समाप्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | G-01/ 25-26 | नगर परिषद क्षेत्रान्तर्गत सभी वार्डो में स्ट्रीट लाईटों का अधिष्ठापन का कार्य। | 6432600.00 | 129000 | 10000.00 | As Per EPROC2. | 3 माह |

Note :- 1. Bidders should submit Bid Processing fee through online payment as per amount generated on website **www.eproc2.bihar.gov.in**
2. Corrigendum/Addendum. If any, will be published on the website it self.

**RFP Document shall be available on website: www.eproc2.bihar.gov.in For Queries & Clarifications, send e-mail to nagarparishaddos@gmail.com**

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट https://eproc2.bihar.gov.in अथवा https://eproc2.bihar.gov.in में देखा जा सकता हैं।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**PR- 020546 ( B & C ) 2025-26**

**मुख्य पार्षद,**
**नगर परिषद्, औरंगाबाद**

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**


# चेंबर ऑफ कॉमर्स ने की शीतलहर को देखते हुए अलाव की व्यवस्था



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** शहर में शीतलहरी और ठंड के प्रकोप से कुछ राहत की चाह में 25 दिसंबर से शहर के विभिन्न स्थानों पर रात्रि में अलाव जलाने की योजना बनाई गई है। इस क्रम में 29 दिसंबर को संध्या 7:00 बजे सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं चैंबर ट्रस्ट गया जी द्वारा के पी रोड/कठोकर मोड, राजेश सिंघानिया जी के दुकान के पास गया जी में अलाव की व्यवस्था की गई है। अध्यक्ष बिपेंद्र अग्रवाल, डॉ कौशलेंद्र प्रताप, डॉ अनूप केडिया, महासचिव सुनील कुमार, राजेश सिंघानिया, ओमप्रकाश सेठ, मनोज कुमार, प्रदीप सिंघानिया आदि सदस्यों की उपस्थिति रही। 30 दिसंबर संध्या 6:00 बजे प्रमोद भदानी के सौजन्य से भदानी मेडिको पास पानी टंकी के नजदीक दावा मंडी में अलाव जलाने की योजना है।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................../दिनांक.............

**कार्यालय आदेश**

अपर अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड राँची के पत्रांक 328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में पलामू जिले के मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग स्वास्थ्य के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and Wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सको/नर्स की अनुबध पर सेवा प्राप्त किया जाना है। इच्छुक उम्मीदवार शैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण–पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आवेदन के साथ 42/- रू0 का टिक्ट सटा दो लिफाफा एवं स्व पता लिखित दिनांक 10.01.2026 तक कार्यालय में हाथो–हाथ/निबंधित डाक से कचहरी कम्पाउण्ड, मेदिनीनगर नगर निगम, मेदिनीनगर, पलामू में भेज सकते है।

निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 | पदनाम | न्यूनतम योग्यता | उम्र सीमा | मानदेय | कुल रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सक | मेडिकल कॉउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S की डिग्री (चयन प्रक्रिया मौखिक पुछ–ताछ से किया जायेगा) | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक चिकित्सकों की सेवा एक वर्ष के लिए मान्य होगी।) | प्रतिमा 63,000/- (तिरसठ हजार रूपये मात्र) | 01 |
| 2 | Staff Nurse (नर्स) | किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से GNM/B.sc Nursing का प्रमाण पत्र, I.sc (Bio) उर्तिणता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। | अधिकतम 40 वर्ष | मानदेय 16,564/– रूपये प्रतिमाह | 01 |

नोटः–
1. Staff Nurse (नर्स) का चयन प्रक्रिया पुछ–ताछ (Walk Interview) के माध्यम से किया जायेगा।
2. कार्य अवधि सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 8 घण्टा) समय 9:00 बजे पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. चयनित चिकित्सको/(नर्स) को भविष्य में नियमितिकरण हेतु दावा मान्य नहीं होगा।

ह0/–
**नगर आयुक्त –सह– प्रशासक**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

**PR 369561 (District)25-26*D**

संपादकीय

# मुक्त व्यापार समझौतों की ओर बढ़ता भारत

इस समय भारत एक के बाद एक प्रभावी मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है. हाल ही में 22 दिसंबर को भारत और न्यूजीलैंड ने नौ महीने की लगातार बातचीत के बाद एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसकी घोषणा की. प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा कि भारत-न्यूजीलैंड की साझेदारी नई ऊंचाइयों पर पहुंचने वाली है और इस एफटीए से अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद मिलेगी. उल्लेखनीय है कि 18 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक की मौजूदगी में मस्कट में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ओमान के उनके समकक्ष कैस बिन मोहम्मद अल यूसुफ ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं. इस एफटीए को आधिकारिक तौर पर समग्र आर्थिक भागीदारी समझौता (सीपा) कहा गया है. यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारत-ओमान एफटीए के तहत भारत के 98 प्रतिशत निर्यात को ओमान के बाजार में शून्य पर पहुंच मिलेगी. इसमें ओमान को होने वाले 99 प्रतिशत से अधिक निर्यात शामिल हैं. यह बात महत्वपूर्ण है कि मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ऑस्ट्रेलिया के साथ किए गए एफटीए की प्रगति से संबंधित जो नए आंकड़े प्रकाशित हुए हैं, उनके मुताबिक जहां इन देशों के साथ व्यापार तेजी से बढ़ा है, वहीं इन देशों में निर्यात भी बढ़ रहे हैं. और इन देशों से भारत में अधिक निवेश प्राप्त हो रहा है. एक अक्तूबर से भारत और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के बीच एफटीए लागू हो गया है और एफ्टा देशों को निर्यात बढ़ने लगे हैं.

इसी तरह भारत और ब्रिटेन के बीच किया गया एफटीए भी महत्वपूर्ण है. पिछले दिनों ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत और ब्रिटेन (यूके) के बीच एफटीए के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण रणनीतिक विचार-मंथन किया है. ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर ने कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए से मिलने वाले अवसर बेजोड़ होंगे. इतना ही नहीं, नए वर्ष 2026 में अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, पेरू, चिली, आसियान, मैक्सिको, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए आकार लेते हुए दिखाई देंगे. यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 5 दिसंबर को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हुई 23वीं भारत-रूस शिखर बैठक में भारत के 2030 तक द्विपक्षीय कारोबार को 64 से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर किया जाना सुनिश्चित करते हुए भारत-रूस एफटीए के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है. इन सभी देशों के साथ एफटीए में सिर्फ उत्पाद निर्यात ही शामिल नहीं होंगे, वरन् सेवा सेक्टर परिदृश्य पर निर्यात भी शामिल होंगे. चूंकि सेवा निर्यात से भारत की विशेषज्ञता बढ़ती जा रही है, अतएव जहां भारत के प्रशिक्षित श्रमिकों व पेशेवरों के लिए एफटीए देशों में काम के मौके बढ़ेंगे, वहीं भारत की सेवा निर्यात से कमाई की ऊंची संभावनाएं बढ़ेंगी. उम्मीद करें कि नए वर्ष 2026 में भारत दुनिया के प्रमुख देशों के साथ एफटीए को तेजी से आकार देने की डगर पर आगे बढ़ेगा. उम्मीद करें कि भारत के एफटीए निर्यात, सेवा, निवेश, तकनीकी सहयोग और पेशेवरों की आवाजाही की नई आर्थिक शक्ति बनाते हुए भारत को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाएंगे.

# 2025 में भाजपा और एनडीए को मिली सफलताओं ने भविष्य की राजनीति की दिशा तय कर दी है

**देखा जाये तो भाजपा की लगातार जीत का मूल कारण है जन विश्वास। यह विश्वास भाषणों से नहीं, बल्कि काम से बना है। गरीब कल्याण, किसान सहायता, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति ने आम नागरिक के मन में गर्व और भरोसा दोनों को मजबूत किया है। विपक्ष जहां आरोपों और भ्रम की राजनीति में उलझा रहा, वहीं भाजपा ने हर सवाल का जवाब अपने काम से दिया। बहरहाल, साल 2025 की यह विजय गाथा स्पष्ट संकेत देती है कि भाजपा केवल वर्तमान की सत्ता नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी है। मजबूत नेतृत्व, संगठित कार्यकर्ता, सशक्त एनडीए और अटूट जन समर्थन के साथ भाजपा का राजनीतिक अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में भी यह विजय क्रम थमता हुआ नहीं दिखता।**

नीरज कुमार दुबे

साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से हुई, जहां भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की राजधानी को स्थिर, सक्षम और दूरदर्शी शासन की आवश्यकता है। विकास, बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय दृष्टि के मुद्दों को केंद्र में रखकर लड़ा गया यह चुनाव मुफ्त सौगातों की राजनीति करने वालों पर भारी पड़ा।

साल 2025 भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष बनकर सामने आया। यह वर्ष केवल चुनावी आंकड़ों की कहानी नहीं बयां करके जा रहा है बल्कि उस गहरे जन विश्वास का साक्ष्य देकर जा रहा है जो भाजपा ने निरंतर अपने कार्य, नीति और संगठनात्मक अनुशासन से अर्जित किया है। साल की शुरुआत से लेकर अंत तक, चाहे दिल्ली विधानसभा चुनाव हों, विभिन्न राज्यों के नगर निकाय और पंचायत चुनाव हों या फिर बिहार विधानसभा का महासंग्राम, भाजपा ने हर मोर्चे पर यह साबित कर दिया कि वह आज भी जनता की पहली पसंद बनी हुई है।

साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से हुई, जहां भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की राजधानी को स्थिर, सक्षम और दूरदर्शी शासन की आवश्यकता है। विकास, बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय दृष्टि के मुद्दों को केंद्र में रखकर लड़ा गया यह चुनाव मुफ्त सौगातों की राजनीति करने वालों पर भारी पड़ा। दिल्ली के मतदाता ने यह महसूस किया कि भाजपा केवल वादे नहीं करती, बल्कि परिणाम देती है। इस जीत ने वर्ष 2025 के राजनीतिक स्वर को साल के शुरू में ही तय कर दिया था।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, असम जैसे राज्यों में हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा की अपार सफलता ने यह साबित कर दिया कि पार्टी की पकड़ केवल विधानसभा और लोकसभा तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र के शहरी निकायों से लेकर असम



और अरुणाचल के गांवों तक, भाजपा ने स्थानीय मुद्दों को समझते हुए विकास का भरोसा दिया। गोवा में स्थिर प्रशासन और पारदर्शिता की छवि ने मतदाताओं को प्रभावित किया, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी ने भाजपा को मजबूत आधार प्रदान किया। पंचायत और निकाय स्तर पर मिली ये जीतें इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा जमीनी राजनीति में भी अजेय होती जा रही है।

भाजपा की इस निरंतर विजय का एक प्रमुख आधार है उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक फैला कार्यकर्ता नेटवर्क। पार्टी सभी चुनावों को एक मिशन के रूप में लड़ती है। हर बूथ पर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय होती है, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया जाता है और स्थानीय समस्याओं को एजेंडे में शामिल किया जाता है। यही कारण है कि भाजपा अक्सर वहां भी चमत्कार कर दिखाती है, जहां मुकाबला कठिन माना जाता है। संगठन की यह तल्लीनता और अनुशासन भाजपा को अन्य दलों से अलग खड़ा करता है।

इस पूरी विजय यात्रा के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। मोदी का नेतृत्व जनता को इसलिए भा रहा है क्योंकि उनमें निर्णय क्षमता, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्र प्रथम का भाव साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री की कार्यशैली ने जनता के मन में यह भरोसा पैदा किया है कि देश सुरक्षित हाथों में है। चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल हो, आर्थिक सुधार हों या फिर गरीब और मध्यम वर्ग के कल्याण की योजनाएं, मोदी के नेतृत्व में लिए गए फैसलों ने भाजपा को एक विश्वसनीय राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित किया है। चुनावों में यह भरोसा मतों में बदलता हुआ साफ नजर आता है।

इसके अलावा, साल 2025 में पार्टी को नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिलना भी इस विजय गाथा का अहम अध्याय है। यह बदलाव भाजपा की विचार आधारित राजनीति का उदाहरण है। माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के साथ संगठन में नई ऊर्जा और नई रणनीति देखने को मिलेगी। नेतृत्व परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करना भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है, जहां व्यक्ति से अधिक संगठन और विचारधारा को महत्व दिया जाता है। साथ ही बिहार में मंत्री रहे नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाना यह भी दर्शाता है कि भाजपा में कोई साधारण कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के चलते राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने की भूमिका में आ सकता है।

इसके अलावा, एनडीए के सहयोगियों के साथ तालमेल भाजपा की एक और बड़ी ताकत साबित हुआ है। साल 2025 में यह साफ दिखा कि भाजपा गठबंधन को मजबूरी नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति के रूप में देखती है। क्षेत्रीय दलों को सम्मान, स्पष्ट भूमिका और साझा विकास एजेंडा देकर भाजपा ने एनडीए को अजेय गठबंधन में बदल दिया। इसी एकजुटता का परिणाम रहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में एनडीए का विजय रथ बिना रुके आगे बढ़ता रहा।

साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव इस पूरे वर्ष की राजनीति का निर्णायक मोड़ बने। बिहार में भाजपा ने जातीय राजनीति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को केंद्र में रखा। आक्रामक लेकिन तथ्य आधारित प्रचार ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि राज्य को स्थायी और मजबूत शासन की जरूरत है। बिहार की जीत ने यह साबित कर दिया कि भाजपा सामाजिक समीकरणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सफल रही है।

देखा जाये तो भाजपा की लगातार जीत का मूल कारण है जन विश्वास। यह विश्वास भाषणों से नहीं, बल्कि काम से बना है। गरीब कल्याण, किसान सहायता, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति ने आम नागरिक के मन में गर्व और भरोसा दोनों को मजबूत किया है। विपक्ष जहां आरोपों और भ्रम की राजनीति में उलझा रहा, वहीं भाजपा ने हर सवाल का जवाब अपने काम से दिया।

बहरहाल, साल 2025 की यह विजय गाथा स्पष्ट संकेत देती है कि भाजपा केवल वर्तमान की सत्ता नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी है। मजबूत नेतृत्व, संगठित कार्यकर्ता, सशक्त एनडीए और अटूट जन समर्थन के साथ भाजपा का राजनीतिक अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में भी यह विजय क्रम थमता हुआ नहीं दिखता।

अध्यात्म

## जब सीखना बंद कर देते हैं, तब से ही तरक्की रुक जाती है

दो दोस्तों ने एक साथ शुरू किया था व्यापार, कुछ समय तक दोनों को लाभ हो रहा था, लेकिन अचानक एक दोस्त को बहुत घाटा हो गया

पुराने समय में दो दोस्तों ने गांव से बाहर जाकर व्यापार करने की योजना बनाई। दोस्तों ने तय किया कि दोनों अलग-अलग दिशाओं में जाएंगे तो व्यापार करेंगे। कुछ महीनों के बाद दोनों को वापस अपने गांव लौटेंगे और एक-दूसरे का अनुभव बताएंगे।

योजना के अनुसार दोनों दोस्त अलग-अलग दिशाओं में निकल गए। शुरुआती दिनों से ही दोनों दोस्तों का व्यापार अच्छा चलने लगा। एक दोस्त अपनी सफलता की वजह अहंकारी हो गया। उसे लगने लगा कि अब वह जल्दी ही बहुत पैसा कमा लेगा। व्यापार बढ़ रहा था तो वह बेफिक्र हो गया, लापरवाही होने लगी। जब व्यापार में मंदी का दौर आया तो उसे बहुत नुकसान हो गया। इतना नुकसान हुआ कि उसकी लगभग पूरी पूंजी ही खत्म हो गई।

बर्बाद हुए व्यक्ति ने सोचा कि मुझे मेरे मित्र के पास जाना चाहिए, मंदी के दौर में वह क्या कर रहा है, ये जानने के लिए वह अपने दोस्त के पास पहुंच गया। उसने देखा कि मंदी के समय में भी उसका मित्र लाभ कमा रहा है। ये उसे समझ नहीं आया। उसने अपने दोस्त से इसकी वजह पूछी।

लाभ में चल रहे मित्र ने कहा कि मैं लगातार मेहनत कर रहा हूं। मैंने व्यापार में नई-नई चीजें सीखना जारी रखा। सोच-समझकर योजनाएं बना रहा हूं। मैंने इस दौरान छोटी सी लापरवाही नहीं की है। असफलता से सीख लेकर आगे बढ़ता हूं और दोबारा वैसी कोई गलती नहीं करता, जिससे हानि होने की संभावना बनती है। इसी वजह से मंदी के दौर में भी मैं अपना व्यापार अच्छी तरह चला पा रहा हूं। पहले दोस्त को समझ आ गया कि उसने व्यापार में सीखना बंद कर दिया था। अहंकार की वजह से वह लापरवाह हो गया और गलतियों से सीख नहीं ली। इसी वजह से व्यापार में हानि हो गई। उसने मित्र से प्रेरणा लेकर दोबारा नए सिरे व्यापार शुरू किया और कड़ी मेहनत से उसका व्यापार फिर से चल पड़ा।

### सीख

इस कथा की सीख यह है कि हम जिस पल सीखना बंद कर देते हैं, उसी पल से हमारी तरक्की रुक जाती है। इसीलिए सीखना कभी भी बंद न करें।

# खयालों में खोना वक्त की बर्बादी नहीं

**समाज अक्सर खयालों में खोने वालों को आलसी या अवास्तविक कह देता है, लेकिन सच्चाई यह है कि इस तरह के लोगों के बिना न नए विचार आते हैं, न कला, न विज्ञान और न ही बदलाव की राह खुलती है। सोच में डूबना भी उतना ही जरूरी काम है, जितना किसी तय किए गए अपने काम को पूरा करना है। हालांकि यह भी सही है कि हर वक्त सपनों में खो जाना हमें ठोस जमीन से काट सकता है। मगर संतुलन बनाकर खयालों के लिए समय निकालना उतना ही जरूरी है, जितना सोना, खाना या सांस लेना। यह संतुलन ही तय करता है कि हम मशीन नहीं, इंसान बने रहें। कई बार यह कहना जरूरी हो जाता है कि आखिरकार खयालों में खोना वक्त की बर्बादी नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की दुनिया का निर्माण है।**

पवन शर्मा

हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां हर पल या कहें कि सेकंड की कीमत तय है। मोबाइल ऐप से लेकर कार्यस्थल की बैठक तक, हर जगह 'उत्पादकता' का शोर है। इस क्रम में लोग इस हद तक व्यस्त हो चुके हैं कि कई बार लगता है कि वे खुद को भूल गए हैं। वहीं चतुर्दिक छा रही इस तरह की व्यस्तता के माहौल में अगर कोई व्यक्ति थोड़ी देर के लिए खिड़की से बाहर बादलों को निहारने लगे, तो वहां मौजूद दूसरे लोग कहेंगे कि ध्यान दो, वक्त मत गंवाओ! सवाल है कि इस तरह ध्यान देने की सीमा क्या है।

अगर कोई व्यक्ति खयालों की दुनिया में विचरण करता है, तो क्या ऐसा करना उसका चुनाव नहीं होना चाहिए? आखिर यह सब कैसे धीरे-धीरे उससे छिनता जा रहा है? सवाल यह भी है कि क्या सचमुच खयालों में खो जाना वक्त की बर्बादी है या यह हमारे भीतर कुछ बेहद जरूरी बनाता और संजोता है।

सच यह है कि खयालों में खोना सिर्फ मन की चंचलता नहीं है। यह आत्मा के सांस लेने जैसा है। यह हमें शोरगुल से निकालकर भीतर के शांत कोने में ले जाता है। ऐसे ही क्षणों में हम अपनी थकी हुई चेतना को विश्राम देते हैं और अतीत, वर्तमान एवं भविष्य के धागों को बुनते हैं। कभी कोई पुरानी याद लौट आती है, कभी कोई नया विचार सिर उठाता है, तो कभी कोई अधूरा सपना आकार लेने लगता है। और दुनिया जानती है कि खयालों की इस तरह की दुनिया कई बार जमीन पर हकीकत बनने से पहले की एक जरूरी प्रक्रिया होती है।

इतिहास इसका साक्षी है। न्यूटन अगर बाग में बैठे गिरते सेब को देखकर विचारों में न डूबते, तो गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत शायद और देर से आता। आइंस्टीन भी सापेक्षता का सिद्धांत गढ़ने से पहले कई स्तर पर कल्पनात्मक प्रयोगों से गुजरे होंगे। रवींद्रनाथ ठाकुर नदी की धारा में देखते-देखते कविता बुनने लगे, जो आगे चलकर 'गीतांजलि' में दर्ज होकर अमर हुई। इस तरह के न जाने कितने उदाहरण हमारे आसपास बिखरे मिल जाएंगे। यह सब बताता है कि निष्क्रिय दिखने वाला 'खयालों में डूबना' दरअसल सक्रिय सृजन की जमीन है।

खयालों में खोने को सही ठहराने के क्रम में इसके बचाव की दलीलें असल में सिर्फ खयाल नहीं हैं। बल्कि आधुनिक विज्ञान और मनोविज्ञान भी इसे पुष्ट करते हैं। तंत्रिका विज्ञान के अनुसार, जब हम सपनों में खोते हैं, तो मस्तिष्क में एक नेटवर्क सक्रिय होता है, जो रचनात्मक सोच, समस्या के समाधान और आत्म-चिंतन के लिए जिम्मेदार है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि दिन में थोड़ी देर ध्यान को बिखरने देना लंबे समय में एकाग्रता और भावनात्मक संतुलन को मजबूत करता है। विडंबना यह है कि आज का समाज लगातार 'करते रहने' को महत्त्व देता है, 'सिर्फ होने' की अहमियत नहीं समझता। ऐसे में खयालों में खोना एक तरह का प्रतिरोध है–इस समय-बोध के खिलाफ। जब हम रुककर खिड़की से बारिश देखते हैं, तो हम उस अदृश्य जाल से थोड़ी देर के



लिए बाहर निकल आते हैं, जो हमें हर पल उत्पादक बनाए रखने की कोशिश करता है।

कला, साहित्य और संगीत की शुरुआत भी इसी से होती है। किसी चित्रकार के लिए यह कोई रंग की छाया हो सकती है, लेखक के लिए कोई धुंधला दृश्य या संगीतकार के लिए कोई अधूरी धुन। इन्हें आकार देने के लिए पहले इन बिखरे टुकड़ों में खोना पड़ता है, जैसे कोई बच्चा रेत में हाथ डालकर सीपियां खोजता है।

खयालों में खोना संवेदनशीलता की खेती भी करता है। यही हमें दूसरों के दुख को महसूस करने, किसी चेहरे में छिपी थकान को पहचानने और अनकही कहानियों को शब्द देने का हुनर देता है। यही संवेदनशीलता रचनात्मकता और सहानुभूति दोनों को जन्म देती है।

जीवन के कठिन दौर में भी इसी तरह के खयाल हमें थाम लेते हैं। किसी अस्पताल के इंतजार कक्ष में बैठे हम खिड़की से बाहर खेलते बच्चों को देखकर कुछ देर के लिए बीमारी का डर भूल जाते हैं। या फिर सफर में ट्रेन की खिड़की से गुजरते खेतों को देखकर अपने बचपन का गांव लौट आता है। ऐसे क्षण हमें स्थिर और मानवीय बनाए रखते हैं।

समाज अक्सर खयालों में खोने वालों को आलसी या अवास्तविक कह देता है, लेकिन सच्चाई यह है कि इस तरह के लोगों के बिना न नए विचार आते हैं, न कला, न विज्ञान और न ही बदलाव की राह खुलती है। सोच में डूबना भी उतना ही जरूरी काम है, जितना किसी तय किए गए अपने काम को पूरा करना है।

हालांकि यह भी सही है कि हर वक्त सपनों में खो जाना हमें ठोस जमीन से काट सकता है। मगर संतुलन बनाकर खयालों के लिए समय निकालना उतना ही जरूरी है, जितना सोना, खाना या सांस लेना। यह संतुलन ही तय करता है कि हम मशीन नहीं, इंसान बने रहें।

कई बार यह कहना जरूरी हो जाता है कि आखिरकार खयालों में खोना वक्त की बर्बादी नहीं है, बल्कि यह हमारे भीतर की दुनिया का निर्माण है। यही भीतर की दुनिया हमें संघर्षों में थामती है और कल के लिए उम्मीद देती है। जब हम अपने भीतर से संवाद करते हैं, तब हम बाहर की दुनिया को भी एक नई दृष्टि दे सकते हैं। इसलिए अगली बार जब हम चलते-चलते किसी स्मृति, चेहरे या धुन में खो जाएं, तो किसी के दूसरी ओर ध्यान दिलाने पर उसमें उलझने और घड़ी देखने के बजाय उस क्षण को जी लेना चाहिए। हो सकता है, वही पल हमारे जीवन की सबसे मूल्यवान पूंजी बन जाए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सहकर्मियों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। किसी बड़े लक्ष्य को आप प्राप्त कर सकते हैं। विद्यार्थियों को कम मेहनत से ही सफलता मिल जायेगी।

**वृषभ**
आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा। होटल व्यवसाय में सफलता मिलेगी। नये प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। रियल एस्टेट्स से धन लाभ होगा।

**मिथुन**
शरीर में ऊर्जा की कमी रहेगी। सन्तान की शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति होगी। भरोसेमन्द लोगों की सलाह आपको बहुत काम आयेगी।

**कर्क**
दाम्पत्य सम्बन्धों में परेशानी आ सकती है। किसी प्रियजन से आपकी बहस हो सकती है। कार्यक्षेत्र में पूँजी निवेश से आपको लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में सफलता मिलेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को परिणाम मिल सकते हैं। किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा आज पूरी हो सकती है।

**कन्या**
परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा। धार्मिक कार्यों में आप रुचि लेंगे। कारोबार को बढ़ाने के नये तरीके अपनायेंगे। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबार में लाभ होगा।

**तुला**
वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता आयेगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सामाजिक कार्यों में आप सहयोग देंगे।

**वृश्चिक**
जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करें। अधिक मसालेदार भोजन करने से बचें। क्योंकि इससे आपको त्वचा में एलर्जी जैसी परेशानी हो सकती है।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में बॉस आपकी प्रशंसा करेंगे। आपकी प्रतिभा उभरकर सामने आयेगी। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका उठना-बैठना होगा। पुराने मित्रों के साथ मिलने का अवसर मिलेगा।

**मकर**
किसी व्यक्ति से थोड़ी बहस हो सकती है। बड़े-बुजुर्गों से मार्गदर्शन लेते रहें। नौकरीपेशा लोग नयी जॉब का विचार बनायेंगे। कारोबार में नयी डील कर सकते हैं।

**कुंभ**
कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त हो सकती है। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को शानदार लाभ होगा। अच्छे कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मीन**
आपको नया काम शुरू करने में काफी मेहनत करनी पड़ेगी। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। आपको अपनी योजनाओं को ध्यान देने की आवश्यकता है।

# सीएम की घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों संग डीएम ने की समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** सोमवार को डीएम रोहतास के द्वारा मुख्यमंत्री बिहार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं के साथ समीक्षात्मक बैठक की गयी जिसमें वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास, सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं के द्वारा भाग लिया गया। प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के कियान्वयन एवं कार्य प्रारम्भ शीघ्र प्रारम्भ करने हेतु योजनावार समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निम्नांकित निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी योजनाओं में कार्य प्रारम्भ है तथा कुछ योजनाओं में प्रस्ताव तैयार कर विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा गया। विभाग से प्रस्ताव तथा अनुमोदन एवं स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ किये जाने की बात बतायी गयी। संबंधित विभागीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओ को निदेश दिया गया कि अपने-अपने विभाग से संबंधित घोषित योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रोहतास को निदेश दिया गया कि जिन-जिन योजनाओं में भूमि का अर्जन किया जाना है। उससे संबंधित भूमि का अर्जन करने की कार्रवाई शीघ्र पूरा करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करने हेतु भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। सभी उपस्थित विभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि मुख्यमंत्री, बिहार की प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक सप्ताह में बैठक करते हुए अद्यतन प्रगति की समीक्षा की जायेगी। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी ने वन विभाग से जुड़ी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि अगली बैठक में योजनावार अद्यतन स्थिति के साथ विहित प्रपत्र में विभागवार प्रतिवेदन तैयार करते हुए समीक्षा कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## सात को 14वीं नगर चैंपियनशिप का आगाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर के ड्रीम हाउस में बाबा वीर कुंवर व हिमांशु फाउंडेशन के बैठक टूर्नामेंट कमिटी के अध्यक्ष डॉ ओ पी आनन्द की अध्यक्षता में की गयी जिसमें टूर्नामेंट को सफल बनाने के हर बिन्दुओं पर बात की गई। अध्यक्ष डॉ आनन्द ने कहा कि जिस रास्ते पर चलने की जिम्मेदारी इस कमिटी के अभिभावकों ने दी है उस दायित्व का निर्वाहन लगातार चार वर्षों से कर रहा हूं और इसमें सभी छोटे भाइयों एवं सदस्यों का अपार सहयोग मिलता है।

ये शहर हमें लगातार 14वर्षों से सहयोग करते आया है और इस बार भी उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आप नगरवासियों के सहयोग से हमारी नगरचैंपियनशिप सफलता की नई इबादत लिखेगी। वहीं संयोजक विकास कुमार उर्फ छोटू ने बताया कि हमारी टूर्नामेंट की शुरुआत 7जनवरी से होगी और 25जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जायेगा।

## 1 जनवरी से सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** डीएम उदिता सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं विभिन्न बिहार सरकार कार्यालयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान डीएम ने कार्यालयों में उपस्थिति व्यवस्था, कार्य संस्कृति एवं प्रशासनिक अनुशासन की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 1 जनवरी 2026 से रोहतास जिले के सभी बिहार सरकार कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बायोमेट्रिक प्रणाली से पारदर्शिता, समयपालन एवं जवाबदेही सुनिश्चित होगी जिससे आम जनता को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने सभी बीडीओ, सीओ एवं एसडीओ को निर्देशित किया कि अपने-अपने कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन की स्थापना, तकनीकी तैयारी एवं कर्मियों को जागरूक करने की प्रक्रिया समय रहते पूर्ण कर लें। उदिता सिंह ने यह भी निर्देश दिया कि बायोमेट्रिक उपस्थिति से संबंधित किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को गंभीरता से लिया जाएगा और आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी विभागीय कार्यालयों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समयसीमा में व्यवस्था को पूर्ण रूप से लागू करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा यह कदम प्रशासनिक सुधार, अनुशासन और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 270 प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत संचालित हस्त-शिल्प विभाग एवं गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण कौशल विकास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्वविद्यालय के देव मंगल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 270 प्रतिभागियों के बीच प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉक्टर कुमार आलोक प्रताप, सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, ग्लोबल ट्रेडिंग कंपनी की निदेशक डॉक्टर संगीता सिंह, शैल एग्री की निदेशक डॉक्टर मोनिका सिंह, नारायण स्किल डेवलपमेंट की निदेशक निरुपमा सिंह आदि ने संबोधित किया। अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति में यदि कौशल विद्यमान हो तो रोजगार स्वयं उसके दरवाजे पर चलकर आती है। हुनरयुक्त व्यक्ति अपना और अपने परिवार का विकास तो करता ही है, साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराता है। इसलिए किसी भी प्रकार का कौशल सीखना एवं उसका लाभ उठाना सभी का अधिकार है। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रमाण पत्र प्राप्त करने आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है उसको और अधिक ज्ञान युक्त बनाने हेतु विशेषज्ञों से सीखने का काम करें ताकि भविष्य में आप एक अच्छे सृजनकर्ता बन सकें। कार्यक्रम का संचालन नारायण स्किल डेवलपमेंट सेंटर के तकनीकी प्रमुख सूरज कुमार ने किया जबकि केंद्र के प्रभारी ओमप्रकाश सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के साथ फोटो सेशन का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

## डीएम ने सात आम नागरिकों से लिया साक्षात्कार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** डीएम उदिता सिंह के द्वारा दैनिक साक्षात्कार के क्रम में कुल सात आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। उक्त साक्षात्कार के क्रम में आवेदक संतोष मिश्रा पिता स्व. रामजन्म मिश्रा, ग्राम-पोस्ट-बिसेनीकला, थाना-राजपुर, प्रखंड-अकोढ़ीगोला के द्वारा मौजा बिसेनीकला में उत्पन्न विवाद के कारण धान का फसल नहीं कट रहा है, उसे निदान करवाने हेतु आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज को निदेशित किया गया। आवेदिका शीला देवी पति दुर्गा प्रसाद साह, ग्राम-पोस्ट - पड़सर के द्वारा अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी रोहतास को अग्रसारित किया गया। आवेदक - संजय पासवान, मनोज कुमार श्रीवास्तव, बसंत पासवान एवं मुनाराम उक्त सभी चौकीदारों एवं दफदारों के द्वारा ए.सी.पी एवं एम.ए.सी.पी के लाभ देने हेतु आवेदन दिया गया जिसे निष्पादन हेतु प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष सभी आवेदन पत्रों को संबंधित कार्यालयों, संबंधित पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन कराने हेतु निदेशित किया गया।

## अभिनव कला संगम की ओर से नूतन पांडेय हुई सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी-ऑन-सोन।** शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने हेतु अभिनव कला संगम की ओर से सासाराम निवासी एवं तिलौथू हाई स्कूल की शिक्षिका नूतन पांडेय को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह इं. ललन सिंह स्पोर्टिंग क्लब, कैनाल रोड, डिहरी-ऑन-सोन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ। सम्मान ग्रहण करने के पश्चात अपने संबोधन में नूतन पांडेय ने इस सम्मान को व्यक्तिगत उपलब्धि न बताते हुए निःशुल्क गार्गी पाठशाला से जुड़े सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 'शिक्षा का असली सम्मान वही है, जो बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाए।' उल्लेखनीय है कि अमरा तालाब (रोहतास) स्थित गार्गी पाठशाला में लगभग 200 जरूरतमंद छात्र-छात्राएं निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। पाठशाला की सहयोगी शिक्षिकाएं कंचन कुमारी, सिमी कुमारी, सुधा कुमारी एवं ज्योति कुमारी इस अभियान में निरंतर योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के संरक्षक संजय सिंह बाला जी ने नूतन पांडेय द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि सराहना करते हुए कहा कि निःशुल्क गार्गी पाठशाला जैसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और समाज निर्माण की मजबूत नींव रखते हैं। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए विकास कुमार गुप्ता (अकोढ़ीगोला) को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने नूतन पांडेय के कार्य को शिक्षा के माध्यम से समाज निर्माण का प्रेरणादायी उदाहरण बताया। इस अवसर पर शिक्षा, कला एवं समाज सेवा से जुड़े अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## उर्दू भाषा के प्रोत्साहन हेतु दो दिनी मुशायरा और सेमिनार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** बिहार सरकार के उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के निर्देशानुसार कैमूर जिले में द्वितीय राजभाषा उर्दू के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए भव्य आयोजन की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिलाधिकारी के निदेशानुसार आगामी 5 और 6 जनवरी 2026 को भभुआ स्थित लिच्छवी भवन में दो दिवसीय जिला स्तरीय उर्दू कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उर्दू भाषी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए 'उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना' के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच उर्दू भाषा के प्रति रुचि जगाना और उन्हें मंच प्रदान करना है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान 'फरोग-ए-उर्दू' (उर्दू का विकास) विषय पर सेमिनार और कार्यशाला आयोजित की जाएगी जिसमें विद्वान और भाषा विशेषज्ञ उर्दू के कार्यान्वयन पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुशायरा होगा जिसमें स्थानीय और आमंत्रित शायर अपनी गजलें और नज्में पेश करेंगे। समाहरणालय के जिला उर्दू भाषा कोषांग द्वारा इस अवसर पर 'जिला उर्दू नामा' का मुद्रण एवं विमोचन भी किया जाएगा। यह पत्रिका जिले में उर्दू की गतिविधियों और साहित्यिक योगदान का एक संकलन होगी।

## वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** चेनारी थाना क्षेत्र के पलौंधा निवासी संजय पासवान उम्र करीब 36 वर्ष, अनिल पासवान उर्फ लालमोहर पासवान उम्र करीब 57 वर्ष दोनों पिता भोला पासवान सा. पलौंधा थाना चेनारी जिला-रोहतास को विधिवत गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर कार्रवाई किया जा रहा है।

## सोन नदी तट पर साप्ताहिक मंगल आरती बनी डिहरी का नया उत्सव

### समाज में पहचान बना रही है साप्ताहिक मंगल आरती : ज्योति कुमारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के पावन तट पर प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक मंगल आरती अब केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं रही, बल्कि डिहरी शहर के लिए एक नए सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव के रूप में उभरकर सामने आई है। यह आयोजन अब नागरिकों के लिए 'रविवार महोत्सव' का रूप ले चुका है। मंगल आरती की संयोजक ज्योति कुमारी ने बताया कि इस आयोजन की शुरुआत सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी जो धीरे-धीरे समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाता चला गया। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि हर रविवार हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा सोन नदी तट पर एकत्र होकर इस पावन आयोजन में सहभागी बनते हैं। इस ऐतिहासिक और प्रेरणादायक प्रयास के संस्थापक पंकज कुमार तथा संयोजक ज्योति कुमारी हैं जिनके संयुक्त प्रयास से यह आयोजन सामाजिक चेतना का प्रतीक बन गया है। विशेष रूप से ज्योति कुमारी की सक्रिय भूमिका और महिला नेतृत्व ने इस कार्यक्रम को महिला सशक्तिकरण एवं सकारात्मक सामाजिक संदेश देने वाला मंच बना दिया है। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम अध्यक्षः राजन गुप्ता, संयोजक सहयोगः अरविंद भारती सहयोगीः प्रकाश गोस्वामी, सक्रिय कार्यकर्ताः मोहित गुप्ता, राकेश गुप्ता उर्फ बॉबी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सप्ताह दर सप्ताह श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और समाज की सकारात्मक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि डिहरी की जनता ने सोन मंगल आरती को पूरे मन से स्वीकार कर लिया है। आज यह आयोजन केवल आरती नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक आस्था, महिला नेतृत्व और सांस्कृतिक चेतना का सशक्त प्रतीक बन चुका है।

## दिशा की बैठक में योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश

### सासाराम के सांसद मनोज कुमार की अध्यक्षता में बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भभुआ।** सासाराम सांसद मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति (दिशा) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस उच्चस्तरीय बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सांसद ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कृषि क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हुए सांसद ने जिला कृषि पदाधिकारी को आदेश दिया कि जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक (खाद) उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसानों को खाद के लिए परेशान न होना पड़े, अन्यथा संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्कूलों में छात्रों के लिए क्लास रूम, शुद्ध पेयजल और क्रियाशील शौचालयों की व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। पठन-पाठन के माहौल में सुधार उनकी प्राथमिकता है। 'जीविका' के माध्यम से दिए जाने वाले आर.से.टी. प्रशिक्षण के बारे में सांसद ने कहा कि इसका समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार हो, ताकि अधिक से अधिक युवा स्वरोजगार से जुड़ सकें। जिला कल्याण पदाधिकारी को एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने और इसे जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। ताकि अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। बैठक में जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक एवं समस्त जिला स्तरीय पदाधिकारी अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों अध्यक्ष, जिला परिषद, सभापति एवं मुख्य पार्षद (नगर परिषद व नगर पंचायत), प्रखण्ड प्रमुख एवं नामित सदस्य उपस्थित थे। सांसद मनोज कुमार ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर विकास कार्यों को पूरा करने का निदेश दिया।

## अस्मिता खेलो इंडिया बालिका भारोत्तोलन चैंपियनशिप में रोहतास की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** अस्मिता खेलो इंडिया बालिका भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025-26 का भव्य आयोजन आरा स्थित खेल भवन में किया गया। इस प्रतियोगिता में पटना, रोहतास, कैमूर, बक्सर और भोजपुर जिले की लगभग 100 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप में रोहतास जिले की उभरती हुई भारोत्तोलन खिलाड़ी शालू सिंह राजपूत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। शालू सिंह राजपूत ने सीनियर 65 किलोग्राम बालिका वर्ग में कुल 80 किलोग्राम भार उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में भी उन्होंने 70 किलोग्राम भार उठाकर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा रोहतास की ही खिलाड़ी रिया कुमारी ने 67 किलोग्राम वर्ग में कुल 40 किलोग्राम भार उठाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंजली कुमारी मिश्रा ने 44 किलोग्राम वर्ग में कुल 30 किलोग्राम भार उठाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता के उपरांत रोहतास भारोत्तोलन संघ के सचिव सुधाकर कुमार (रितेश मिश्रा) ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से शालू सिंह राजपूत और रिया कुमारी का चयन आगे की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है जहां वे अब राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के दौरान भोजपुर के सांसद भी खिलाड़ियों से मिले और विजेता बालिकाओं को बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस सफलता से न केवल रोहतास जिला, बल्कि पूरे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नई प्रेरणा मिली है।

## राष्ट्रीय युवा उत्सव दिल्ली में पार्थ करेंगे शिरकत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** मधुबनी में आयोजित हुए दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा महोत्सव 23-24 दिसम्बर को रोहतास के पार्थ कौशिक ने वक्तृता विधा में प्रथम पुरस्कार जीत अपने जिले का नाम रौशन किया है। विदित है कि 5- 6 दिसम्बर को रोहतास के सासाराम में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया था जिसमें कुल सात विधाओं के अंतर्गत लगभग 500 प्रतिभागी शामिल हुए थे। इन सात विधाओं के अंतर्गत प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को मधुबनी में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए भेजा गया था। जिला स्तरीय युवा उत्सव में पार्थ ने वक्तृता विधा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जिसके बाद उसका चयन राज्यस्तरीय युवा उत्सव 2025 - 26 के लिए किया गया था जो कि 23 - 24 दिसम्बर को मधुबनी में होना निर्धारित था। मधुबनी में बिहार के विभिन्न जिलों से आए सभी प्रतिभागियों के बीच एक कड़ी तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दो दिवसीय राज्यस्तरीय युवा उत्सव में पार्थ की प्रस्तुति पहले दिन यानी 23 दिसम्बर को ही थी। इसके बाद कार्यक्रम के आखिरी दिन 24 दिसम्बर को जब परिणाम घोषित किया गया तो वहां उन्हें प्रथम पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

## डीडीयू मंडल के चार प्रमुख स्टेशनों पर सघन टिकट जांच अभियान, 1236 धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा की रोकथाम हेतु लगातार सघन जांच अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में डीडीयू-गया रेल खंड में डीडीयू जंक्शन, गया, डिहरी ऑन-सोन एवं सासाराम स्टेशनों पर एक साथ सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। टिकट चेकिंग स्टाफ एवं सुरक्षा बल की संयुक्त टीमों द्वारा इन स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म, पैदल पुल, प्रवेश/निकास द्वारों पर टिकट जांच की गई। साथ ही डीडीयू - गया तथा डीडीयू - बक्सर रेलखंड में आवागमन वाली ट्रेनों में भी सघन जांच की गई। यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने की सलाह दी गई एवं जागरूकता भी बढ़ाई गई। आज के अभियान में कुल 1236 यात्री बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करते पाए गए जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग सात लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2025 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges and Private Medical / Dental Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2025/30 Dated 29.12.2025**

**Notice for Online Special Stray Vacancy Round Counselling**

विज्ञापन संख्या- BCECEB(UGMAC)-2025/29 दिनांक 19.12.2025 के क्रम में UGMAC-2025 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों / सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.12.2025 को पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध कराई गई UGMAC-2025 की Special Stray Vacancy Round Counselling का Provisional Seat Allotment Result में तकनीकी त्रुटी पाये जाने के कारण वापस लेते हुए संशोधित Provisional Seat Allotment Result पर्षद के वेबसाईट पर आज दिनांक 29.12.2025 को उपलब्ध करा दी गयी है।

अभ्यर्थी Counselling portal के माध्यम से पुनः Revised Provisional Seat Allotment Order download करेंगे तथा अपने Revised Provisional Seat Allotment Order पर छपे Reporting Centre पर विस्तारित तिथि अनुसार Document Verification की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

उक्त के आलोक में Special Stray Vacancy Round Counselling हेतु Document Verification/ Admission की तिथि extend करते हुए निम्नवत् विस्तारित की जाती है;

| क्र. | कार्यक्रम | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|
| i. | Special Stray Vacancy Round Revised Provisional Seat Allotment Result publication date | 29.12.2025 |
| ii. | **Downloading of Revised Allotment order** (Special Stray Vacancy Round) | 29.12.2025 to 31.12.2025 |
| iii. | **Last Date of Documents Verification and Admission** (Special Stray Vacancy Round) | 31.12.2025 |

2. वैसे अभ्यर्थी, जो दोनों, अर्थात जो पूर्व प्रकाशित Seat Allotment Result के साथ-साथ Revised Seat Allotment Result में सम्मिलित हैं और दिनांक 29.12.2025 को Document Verification करा कर Admission ले चुके हैं, उन्हें पुनः Document Verification/ Admission कराने की आवश्यकता नहीं है, उनका नामांकन valid रहेगा।
3. सम्बन्धित सभी अभ्यर्थी, जो document verification करा कर नामांकन नहीं लिए हैं, अपना Revised Allotment Order पुनः download कर Reporting centre पर उपस्थित हो कर Document Verification / Admission कराना सुनिश्चित करेंगे।
4. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या-BCECEB(UGMAC)-2025/27 दिनांक 11.12.2025 एवं 2025/29 दिनांक 19.12.2025 की अन्य शर्तें / नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक

# सात निश्चय पार्ट-3 से डीएम ने जनप्रतिनिधियों को कराया अवगत

❖जिलास्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का दिया निर्देश
❖जयमंगला स्कूल मॉडल स्कूल में होगा विकसित
❖सीओ को विवाह मंडप के लिए चिह्नित जमीन की जांच कर एनओसी देने का दिया निर्देश




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत चेरियाबरियारपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का सोमवार को डीएम ने निरीक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बैठक की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से सभी विभागों के योजनाओं की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा कृषि, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को जयमंगला स्कूल को मॉडल स्कूल में विकसित करने का निर्देश दिया। पंचायती राज विभाग की समीक्षा करते हुए विवाह मंडप की समीक्षा की। जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी को विवाह मंडप के लिए चिन्हित जमीन की जांच कर एनओसी देने का निर्देश दिया गया। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायतों में खराब पड़े सभी सोलर स्ट्रीट लाईट को अविलंब ठीक कराने का निर्देश दिया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी ने सभी पंचायतों में लक्ष्य के अनुसार सार्वजनिक स्थलों पर सोखता निर्माण का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं मनरेगा के तहत वृक्षारोपण कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। राशन कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी लंबित आवेदनों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश एमओ को दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए अवैध रूप से संचालित जांच घर तथा आयुष्मान कार्ड में शेष योग्य लाभुकों को जोड़ने का निर्देश सिविल सर्जन बेगूसराय एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा की गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मंझौल झील के सौंदर्यीकरण की मांग जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी। साथ ही कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना में बीपीएल की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग भी जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी। इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा आम लोगों के साथ जनसुनवाई की गई जहां आम लोगों द्वारा राशन कार्ड, पेंशन सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी ने त्वक्षण संबंधित पदाधिकारी को उपरोक्त आवेदन पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय पार्ट-3 से संबंधित सभी बिन्दुओं को विस्तृत रूप से सभी जनप्रतिनिधियों को बताया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये समस्याओं को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता, अपर समाहर्ता, विभागीय जाँच, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी मंझौल, प्रखंड विकास पदाधिकारी चेरियाबरियारपुर, अंचल अधिकारी चेरियाबरियारपुर सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्कूल ब रखने का आदेश जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में लगातार बढ़ रही अत्यधिक ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिला दंडाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने मंगलवार तक के लिए स्कूल को बंद रखने का आदेश निर्गत किया है। बच्चों के स्वास्थ्य एवं जीवन पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी श्री शास्त्री द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के अंतर्गत जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों (प्री-स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों सहित) में कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। इधर निजी स्कूल के द्वारा 5 जनवरी तक के लिए विद्यालय बंद की घोषणा भी अलग से की गई है। यह प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा। कक्षा 8 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे के बीच ही संचालित की जा सकेंगी। प्री-बोर्ड एवं बोर्ड परीक्षाओं के लिए संचालित विशेष कक्षाओं अथवा परीक्षाओं को इस आदेश के दायरे से मुक्त रखा गया है। आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल बच्चों को पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने हेतु दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। जिला दण्डाधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधन समितियों को निर्देश दिया है कि वे आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपनी शैक्षणिक गतिविधियों का पुनर्निर्धारण करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस आदेश के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अनुपालन की निगरानी हेतु निर्देशित किया गया है।

## पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** समकालीन अभियान के तहत नावकोठी पुलिस ने अलग अलग गांव से दो वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी अब्बूपुर छतौना के अजीत सिंह तथा नावकोठी के अमर कुमार है। दोनो वारंटी रंगदारी तथा चोरी की साइकिल के मामले में नामजद थे। लंबे समय से वे कोर्ट में अपनी हाजिरी नहीं दे रहे थे। लंबी अवधि से कोर्ट से अनुपस्थित रहने से कोर्ट ने इनके विरुद्ध गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष के अतिरिक्त एस आई पुनम कुमारी साहा, रंजीत कुमार, विपिन कुमार ओझा, विश्वजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह, मो इसमाइल, युगल किशोर मंडल सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## ठंड से लोगों का जीवन अस्त-वयस्त

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विगत एक सप्ताह से हो रही जोरों की ठंढ के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई दिनों से सूर्य का दर्शन नहीं हो सका। कोहरे के कारण वाहनों के परिचालन में भी कठिनाई हो रही है। लोग भर दिन अलाव व घरों में दुबके रहे। सबसे परेशानी तो छोटे बच्चों तथा वृद्ध जनों को हो रही है। बैंकों, कार्यालयों, बाजारों में भी ठंढ का असर देखा गया जहां लोग कम नजर आये।ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर निर्धन लोग कपड़े की कमी के कारण ठंढ से जूझ रहे हैं। ठंढ के कारण पशुपालकों के साथ पशुओं को भी कठिनाई हो रही है। तापमान कम रहने के साथ साथ ठंढी पछुआ हवा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रही थी। इधर किसानों में पहसारा के किसान यशवंत कुमार, शिवेश रंजन, घनश्याम कुमार ने बताया कि ठंढ की आवश्यकता रबी फसलों के लिए है। खासकर क्षेत्र की मुख्य फसल गेहूं को ठंढ की जरूरत है। आलू तथा तिलहन के लिए ठंड दुष्प्रभाव ही डालेगा। आमजन स्थानीय स्तर पर आग जलाकर शरीर गर्म कर रहे हैं। प्रशासन द्वारा चौक चौराहे, सामुदायिक भवन आदि स्थलों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। सीओ सूरज कुमार ने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर अलाव जल रहा है। आवश्यकतानुसार इसे और बढाने का निर्देश दिया गया है।

## कांडों के अनुसंधान व गिरफ्तारी में तेजी लाने का डीआईजी ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** तेयाय ओपी की पुलिस के द्वारा कांड अनुसंधान एवम गिरफ्तारी में शिथिलता बरतने के आरोप पर डीआईजी ने शख्त हिदायत दी। ज्ञात हो कि थाना में दर्ज गंभीर कांडो में अभियुक्त की गिरफ्तारी नही करने की शिकायत वादी द्वारा डीआईजी आशीष भारती को दूरभाष पर की गई। सूचना को गम्भीरता से लेते हुए डीआईजी श्री भारती ने सम्बंधित कांड की समीक्षा की तिथि मुकर्रर कर दिया। सोमवार को पूर्व से निर्धारित तिथि के तहत तियाय ओपी अध्यक्ष, कांड के आईओ, एवम डीएसपी कृष्ण कुमार को कार्यालय कक्ष में बुलाया गया। जिसमे थाना कांड सं-319/2025, दिनांक-28 अक्टूबर 2025, धारा-126 (2), 115(2), 352, 3(5) बीएनएस, 27 आर्म्स एक्ट, एससी-एसटी एक्ट की समीक्षा की गई। ओपी अध्यक्ष तेयाय के द्वारा बताया गया कि कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ छोटु कुमार को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। समीक्षा के क्रम में संबंधित सभी पदाधिकारियों को कांड में अन्य सभी लंबित कार्रवाई यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। पुलिस उप-महानिरीक्षक श्री भारती द्वारा अनुसंधान एवं अपराध नियंत्रण हेतु लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। बेगूसराय क्षेत्र के सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के माध्यम से लगातार कार्रवाई सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुलिस उप-महानिरीक्षक द्वारा लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों के विरुद्ध भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## जलवायु अनुकूल कृषि पर किसान गोष्ठी का आयोजन

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक, आत्मा समस्तीपुर के आदेशानुसार आत्मा योजना अंतर्गत कैफ़ेटेरिया ऑफ एक्टिविटी के तहत जलवायु अनुकूल कृषि एवं समसामयिक विषयों पर क्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन दहियार रन्ना पंचायत अंतर्गत धोबियाही ग्राम के ब्रह्मस्थान परिसर में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बदलते जलवायु परिदृश्य में खेती पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों से किसानों को अवगत कराते हुए आधुनिक तकनीकी उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत मुखिया राजेश कुमार सिंह एवं पंचायत समिति सदस्य मदनेश्वर झा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर की गई। मौके पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे गोष्ठी में आत्मा के सहायक तकनीकी प्रबंधक अमरदीप शर्मा ने मंच संचालन करते हुए आत्मा योजना के उद्देश्यों एवं किसानों के लिए उपलब्ध विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र, लादा से आए कृषि वैज्ञानिक जोगेंद्र सोरेन ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से बचाव के लिए खेती में तकनीकी बदलाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने तनावरोधी किस्मों के चयन, फसल चक्र अपनाने, बहुफसली एवं अंतरवर्तीय फसल पद्धति, समय-समय पर मिट्टी जांच, स्प्रे के लिए ड्रोन तकनीक, जीरो टिलेज विधि से बुआई तथा ड्रिप इरीगेशन के उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला कृषि समन्वयक कैलाश सहनी ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं, उन पर मिलने वाले अनुदान, ई-केवाईसी की अनिवार्यता, उर्वरकों के संतुलित उपयोग एवं उससे होने वाले लाभों पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याओं और अनुभवों को साझा किया, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। अंत में किसानों से अपील की गई कि वे वैज्ञानिक खेती को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करें और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करें।


**प्रपत्र VI 'क'**
**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**प्रारंभिक अधिसूचना (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

अधिसूचना संख्या 1278/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 24.12.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–कमरमा, थाना नं0–249, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75 से मझिऑव PWD पथ भाया बिकताम–दलेली पथ चौडीकरण योजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–कमरमा, थाना नं0–249, थाना–मेराल, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–1.88300 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 57 | 184 | रैयती | – | 0.00300 | शिव नारायण गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–सुरेन्द्र गुप्ता, द0–हरिनारायण गुप्ता , पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 2 | 57 | 184 | रैयती | – | | सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–हरिनारायण गुप्ता द0–शिवनारायण गुप्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 3 | 57 | 185 | रैयती | – | 0.01600 | हरिनारायण गुप्ता पिता मालदेव साह | उ0–शिव नारायण गुप्ता द0–शिव मंदीर पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 4 | 82 | 186 | गै0मा0 आम | – | 0.00500 | आम रास्ता | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 5 | 57 | 187 | रैयती | – | 0.02800 | गुप्त प्रसाद गुप्ता पिता बालकेश्वर साह | उ0–मंदीर द0–सुरेश प्र0 गुप्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 6 | 57 | 187 | रैयती | – | | सुरेश प्रसाद गुप्ता पिता बालकेश्वर साह | उ0–गुप्त प्र0 गुप्ता द0–काशीनाथ पाण्डेय पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 7 | 63 | 188 | रैयती | – | 0.01700 | अज्ञात | उ0–गुपुत प्रसाद द0–मुख राम पू0–,रास्ता प0–नीज |
| 8 | 33 | 226 | रैयती | – | 0.03500 | रामचन्द्र भुईयॉ पिता बिरा भुईयॉ | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–ब्रजराज सिंह, प0–जिम्मेदार भुईयॉ |
| 9 | 33 | 227 | रैयती | – | 0.01500 | रामचन्द्र भुईयॉ पिता बिरा भुईयॉ | उ0–नीजद0–रास्ता,पू0–ब्रजराज सिंह,प0–जिम्मेदार भुईयॉ |
| 10 | 29 | 229 | बकास्त | – | 0.02900 | जिम्मेदार भुईयॉ पिता किशुन भुईयॉ | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रामचन्द्र भुईयॉ प0–अनिल सिंह |
| 11 | 82 | 230 | गै0मा आम | – | 0.00200 | रास्ता | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 12 | 47 | 233 | रैयती | – | 0.00100 | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–जिम्मेदार भुईयॉ, प0–रास्ता, |
| 13 | 40 | 235 | रैयती | – | 0.01400 | कैलाश प्रजापति पिता तपेश्वर प्रजापति | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–,संजय सिंह प0–शिव भुईयॉ |
| 14 | 40 | 236 | रैयती | – | 0.03900 | कैलाश प्रजापति पिता तपेश्वर प्रजापति | उ0–रास्ता, द0–नीज पू0–संजय सिंह वगै0 प0–भगरत भुईया |
| 15 | 29 | 240 | बकास्त | – | 0.02400 | शिव कुमार भुईयॉ वगै0 पिता भगरत भुईयॉ | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–कैलाश प्रजापति, प0–महेश भुईयॉ |
| 16 | 41 | 245 | रैयती | – | 0.01800 | मेहश भुईयॉ पिता लठु भुईयॉ | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–शिव कु0 भुईयॉ वगै0, प0–केतार नाथ सिंह |
| 17 | 29 | 247 | बकास्त | – | 0.04100 | हरिहरनाथ सिंह पिता नन्दलाल सिंह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–महेश भुईयॉ प0–रास्ता |
| 18 | 29 | 247 | बकास्त | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केदार नाथ सिंह | उ0–गोविन्दनाथ सिंह वगै0 द0–चंदर सिंह वगै0, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 19 | 39 | 248 | रैयती | – | 0.00400 | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केदारनाथ सिंह | उ0–गोविन्द नाथ महतो द0–चन्दर सिंह पू0–,नीज प0–रास्ता |
| 20 | 39 | 249 | रैयती | – | 0.05200 | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–गोविन्दनाथ सिंह वगै0 द0–चंदर सिंह वगै0, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 21 | 39 | 249 | रैयती | – | | सत्यनारायण सिंह पिता चंपर सिंह | उ0–शिव शंकर सिंह द0–प्लॉट 356, पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 22 | | 256 | बकास्त | – | 0.04900 | राजू सिंह उर्फ बिनय सिंह पिता भोला सिंह | उ0–राजेन्द्र सिंह द0–अनिल सिंह पू0–रास्ता ,प0–नीज |
| 23 | | 256 | बकास्त | – | | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–विनय सिंह द0–अभय सिंह, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 24 | | 256 | बकास्त | – | | अभय सिंह पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–अनिल सिंह द0–गोबिन्दनाथ सिंह पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 25 | | 256 | बकास्त | – | | गोबिन्दनाथ सिंह वगै0 पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–अभ्य सिंह द0–सत्यनारायण सिंह वगै0 पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 26 | | 256 | बकास्त | – | | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–रास्ता द0–जय करेश शर्मा, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 27 | 28 | 299 | गै0मा0 | – | 0.03500 | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–रास्ता द0–300 पू0–,रास्ता प0–नीज |
| 28 | 56 | 300 | रैयती | – | 0.04700 | जयगोविन्द शर्मा पिता बीरबल शर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–सत्यनाराण सिंह , पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 29 | 56 | 300 | रैयती | – | | सकुन्तला देवी पति जय कृष्ण विश्वकर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–रास्ता, पू0–नीज, प0–नीज, |
| 30 | 56 | 300 | रैयती | – | | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–जय करेश शर्मा द0–जय गोबिन्द शर्मा पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 31 | 56 | 300 | रैयती | – | | गोबिन्दनाथ सिंह वगै0 पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–चंदर सिंह वगै0द0–प्लॉट सं0 356पू0–नीज,प0–रास्ता, |
| 32 | 56 | 301 | | – | 0.00600 | जयगोविन्द शर्मा पिता बीरबल शर्मा | उ0–सत्यनारायण सिंह वगै0 द0–सत्यनाराण सिंह , पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 33 | 1 | 328 | बकास्त | – | 0.18800 | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–रास्ता प0–रामजी पासवान, |
| 34 | 1 | 328 | बकास्त | – | | राम सागर उरॉव पिता गंगा उरॉव | उ0–रंजी रामद0–रास्ता, पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 35 | 1 | 328 | बकास्त | – | | राजेन्द्र सिंह पिता चितेश्वर सिंह | उ0–नीजद0–रास्ता, पू0–राजू सिंह,प0–अनिल सिंह, |
| 36 | 1 | 328 | बकास्त | – | | अनिल सिंह पिता विजय बहादुर सिंह | उ0–नीज,द0–रास्ता, पू0–राजेन्द्र सिंह,प0–नीज, |
| 37 | 1 | 328 | बकास्त | – | | शहादत अंसारी पिता इलियास अंसारी | उ0–नीज,द0–रास्ता, पू0–बांध,प0–कलिम अंसारी, |
| 38 | 1 | 328 | बकास्त | – | | कलिम अंसारी पिता फिरोज अंसारी | उ0–नीजद0–रास्ता, पू0–शहादत अंसारी प0–असलम अंसारी |
| 39 | 1 | 328 | बकास्त | – | | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–रास्तादद0–नीज, पू0–रास्ता प0–रामजी पासवान, |
| 40 | 1 | 328 | बकास्त | – | | रंजित राम पिता सीता राम | उ0–बंशत केशरी द0–राम सागर उरॉव पू0–रास्ताप0–नीज, |
| 41 | 1 | 328 | बकास्त | – | | रंजीत राम पिता सीता राम | उ0–नीजद0–रास्ता, पू0–राम सागर उरॉव, प0–सुरेश राम के वगै0, |
| 42 | 1 | 328 | बकास्त | – | | सुरेश राम वगै0 पिता रामचन्द्र राम | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–रंजीत राम, प0–रंजीत राम, |
| 43 | 1 | 328 | बकास्त | – | | रंजीत राम पिता सीता राम | उ0–नीजद0–रास्ता, पू0–सुरेश राम प0–राम कु0 मेहता, |
| 44 | 1 | 328 | बकास्त | – | | राम कुमार मेहता पिता ब्रहमदेव मेहता | उ0–नीजद0–रास्ता पू0–रंजीत राम, प0–सुरेन्द्र मेहता, |
| 45 | 1 | 328 | बकास्त | – | | सुरेन्द्र मेहता पिता अशर्फि मेहता | उ0–नीजद0–रास्ता, पू0–राम कु0 मेहता, प0–राजू सिंह |
| 46 | 1 | 328 | बकास्त | – | | असलम अंसारी पिता इलियास अंसारी | उ0–नीज,द0–रास्ता, पू0–कलिम अंसारी, प0–नदी नाला, |
| 47 | 1 | 328 | बकास्त | – | | प्रभा कुवर पति ब्रमदेव महतो | उ0–नीज, द0–रास्ता,पू0–सीता राम प0–राजू सिंह, |
| 48 | 1 | 328 | बकास्त | – | | सदीक अंसारी पिता .... | उ0–नीज,द0–रास्ता, पू0–असलम अंसारी, प0–इम्तेयाज अंसारी, |
| 49 | 1 | 328 | बकास्त | – | | इम्तेयाज अंसारी पिता अजमत अंसारी | उ0–नीज,द0–रास्ता, पू0–सदीक अंसारी, प0–नदी नाला, |
| | 29 | 332 | बकास्त | – | 0.00100 | अज्ञात | उ0–द0–पू0–,प0– |
| 51 | 75 | 347 | रैयती | – | 0.02600 | बंसत कु0 केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीजद0–प्लॉट सं0 329, पू0–रास्ता,प0–नीज, |
| 52 | 56 | 348 | रैयती | – | 0.02600 | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–द0–पू0–प0– |
| 53 | 50 | 349 | रैयती | – | 0.07700 | बशंत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–प्लॉट सं0 351 द0–नीज, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 54 | 33 | 350 | रैयती | – | 0.01000 | अधिग्रहित क्षेत्र से बाहर | उ0–द0–पू0–,प0– |
| 55 | 31 | 351 | रैयती | – | 0.03500 | गुपुत भुईयॉ पिता राम वृक्ष भुईयॉ | उ0–अर्जून भुईयॉ द0–पुरन भुईया, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 56 | 31 | 351 | रैयती | – | | पुरन भुईयॉ पिता राम वृक्ष भुईयॉ | उ0–गुपुत भुईयॉ द0–, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 57 | 33 | 352 | रैयती | – | 0.02000 | गणेश भुईयॉ पिता रतन भुईया | उ0–अमीरका शर्मा द0–रामदेव भुईयॉ पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 58 | 33 | 352 | | – | | बिहारी भुईयॉ, जोगन भुईयॉ पिता रामदेव भुईयॉ | उ0–गणेश भुईयॉ द0–अर्जून भुईया पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 59 | 33 | 352 | | – | | बिहारी भुईयॉ पिता राम देव भुईयॉ | उ0–रामदेव भुईयॉ वगै0 द0–गुपुत भुईयॉ पू0–रास्त, प0–नीज |
| 60 | 29 | 354 | बकास्त | – | 0.10500 | सत्यनारायण सिंह वगै0 पिता चंदर सिंह | उ0–जयगोविन्द शर्मा द0–स्कूल पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 61 | 29 | 354 | बकास्त | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–सत्यनारायण सिंह द0–पुष्पा देवी पू0–रास्ता प0–नीज, |
| 62 | 29 | 354 | बकास्त | – | | पुष्पा देवी पति संजीव सिंह | उ0–शिव शंकर सिंह वगै0 द0–रामनारायण सिंह, पू0–रास्ता प0–,नीज |
| 63 | 29 | 354 | बकास्त | – | | रामनारायण सिंह पिता चंदर सिंह | उ0–पुष्पा देवी द0–राम लखन राम, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 64 | 29 | 354 | बकास्त | – | | लालमुनी देवी पति रामलखन राम पिता दुलर राम | उ0–रामनारायण सिंह द0–शहजाद खान, पू0–रास्ता, प0–नीज |
| 65 | 29 | 354 | बकास्त | – | | शहजाद खान पिता फरीद खान | उ0–रामलखन राम द0–अमीरका शर्मा, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 66 | 29 | 354 | बकास्त | – | | अमीरका शर्मा पिता मनरखन शर्मा | उ0–शहजाद खान द0–चाई भुईयॉ, पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 67 | 79 | 355 | गै0मा0 | – | 0.00600 | उ0प्रा0वि0 कमरमा | उ0–संजय सिंह द0–सत्यनारायण पू0–,स्कूल प0–रास्ता |
| 68 | 1 | 356 | बकास्त | – | 0.05200 | चंदर सिंह वगै0 पिता नन्दलाल सिह | उ0–रामदेव भुईयॉ द0–स्कूल पू0–,नीज प0–रास्ता |
| 70 | 67 | 362 | बकास्त | – | 0.01500 | उ0प्रा0वि0 कमरमा | उ0–नीज द0–अभ्य कुमार सिंह पू0–, प0–रास्ता |
| 71 | 54 | 366 | रैयती | – | 0.02600 | भूण्डूल सिंह उर्फ अभय कु0 सिंह पिता हरिहरनाथ सिंह | उ0–स्कूल द0–नसीम खान पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 72 | 54 | 366 | रैयती | – | | शैरून बीबी पति नसीम खान | उ0–भूण्डूल सिंह द0–रास्ता, पू0–,नीज, प0–,रास्ता |
| 73 | 8 | 369 | रैयती | – | 0.04500 | – | उ0–प्लॉट सं0 356 द0–प्लॉट सं0 366 पू0–प्लॉट सं0 362 प0–रास्ता, |
| 74 | 8 | 369 | रैयती | – | | शिव शंकर सिंह वगै0 पिता केतारनाथ सिंह | उ0–रास्ता द0–प्रेम केशरी, पू0–नीज प0–रास्ता, |
| 75 | 8 | 369 | रैयती | – | | प्रेम केशरी | उ0–शिव शंकर सिंह द0–फरीद खान पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 77 | 1 | 372 | बकास्त | – | 0.06200 | इशलामुदीन खान पिता अलि करीम खान | उ0–अख्तारी बीबी द0–शहजाद खान, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 78 | 1 | 372 | बकास्त | – | | शहजाद खान पिता फरीद खान | उ0–इशलाम खान द0–रास्ता पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 79 | 28 | 373 | गै0मा0 | – | 0.00500 | अज्ञात | उ0– द0– पू0–, प0– |
| 80 | 1 | 387 | बकास्त | – | 0.03900 | संजय सिंह वगै0 पिता राममुरत आजाद | उ0–रास्ता द0–रास्ता पू0–,नीज प0–नीज |
| 81 | 29 | 388 | बकास्त | – | 0.09200 | गोपाल साह पिता पच्चू साह | उ0–नीज, द0–रास्ता, पू0–काशीनाथ पाण्डेय, प0–संजय सिंह |
| 82 | 29 | 389 | बकास्त | – | 0.09500 | राधिका देवी पति रटू साह | उ0–नीज द0–रास्ता, पू0–सुरेश राम, प0–रास्ता, |
| 83 | 29 | 389 | बकास्त | – | | | उ0–नीज द0–रास्ता पू0–सुरेश राम प0–रास्ता, |
| 84 | 36 | 390 | रैयती | – | 0.05400 | सुरेश राम पिता बैजनाथ राम | उ0–काशीनाथ पाण्डेय द0–रास्ता पू0–रास्ता, प0–नीज, |
| 85 | 29 | 392 | बकास्त | – | 0.06900 | लल्लू प्रसाद केशरी पिता मोतीलाल केशरी | उ0–रास्ता द0–नीज पू0–रास्ता, प0–नन्दलाल प्र0 केशरी |
| 86 | 29 | 392 | बकास्त | – | | नन्दलाल प्र0 केशरी पिता भजन केशरी | उ0–रास्ता द0–नीज, पू0–ललू प्र0 केशरी प0–अतू चौधरी, |
| 87 | 14 | 444 | रैयती | – | 0.02800 | शिव भुईयॉ पिता बैजनाथ भुईयॉ | उ0–राम कु0 भईयॉ, द0–शिव कु0 भुईयॉ, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 88 | 14 | 444 | रैयती | – | | शिव कु0 भुईयॉ पिता बैजनाथ भुईयॉ | उ0–शिव भुईया द0–केतार भुईयॉ, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 89 | 5 | 445 | रैयती | – | 0.01300 | केतार भुईयॉ पिता फूलचन्द भुईयॉ | उ0–शिव कु0 भुईयॉ द0–कलवती कुंवर पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 90 | 10 | 448 | रैयती | – | 0.01500 | कलवती कुंवर पति कमेश्वर भुईयॉ | उ0–केदार भुईयॉ द0–दशरथ राम पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 91 | 11 | 449 | रैयती | – | 0.02400 | दशरथ राम पिता प्रसाद राम, सीता राम पिता प्रसाद राम | उ0–कलावती कुंवर द0–सीता राम, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 92 | 7 | 452 | रैयती | – | 0.04900 | मुनी राम पिता प्रसाद राम | उ0–सीता राम द0–प्लॉट सं0 252, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 93 | 7 | 452 | रैयती | – | | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–दशरथ राम, द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 94 | 56 | 454 | रैयती | – | 0.02800 | बशंत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीज द0–नीज, पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 95 | 67 | 457 | बकास्त | – | 0.02300 | बंशत कुमार केशरी पिता गैरी शंकर गुप्ता | उ0–नीज द0–471 पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 96 | 1 | 471 | बकास्त | – | 0.15700 | राम सागर उरॉव वो राम नरेश उरॉव वो राम भजन उरॉव वगै0 पिता गंगा उरांव | उ0–बांध+नीज द0–नीज पू0–नीज, प0–रास्ता, |
| 97 | 0 | 232 | – | – | 0.01800 | अनिल सिंह वगै0 पिता विजय बहादुर सिंह | उ0– द0– पू0– प0– |
| | | | | कुल :– | **1.88300** | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

**उपायुक्त, गढ़वा।**

**PR 369558 (Land Reforms)25-26*D**

# अतिक्रमण, ओवरलोडिंग और शराब तस्करी पर कार्रवाई के निर्देश

## सांसद की अध्यक्षता में जिला समिति की अहम बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** स्थानीय समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के विधायक राहुल कुमार, मखदुमपुर विधानसभा के विधायक, सुबेदार दास, जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय तथा पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार भी उपस्थिति रहे। बैठक में अतिक्रमण, सड़क जाम, ओवरलोडिंग, सड़क मार्ग से शराब की अवैध तस्करी, और यातायात नियमों के उल्लंघन जैसी प्रमुख समस्याओं पर व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान कई ठोस निर्देश भी जारी किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परिवहन, पुलिस, उत्पाद, खनन विभाग एवं नगर परिषद संयुक्त रूप से विशेष ड्राइव चलाकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करें। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण, ओवरलोडिंग, अवैध बालू/गिट्टी वाहन, और शराब तस्करी जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई कर जुर्माना वसूली की जाए। बताया गया कि साथ ही जिले में नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए 'राह वीर योजना' 21 अप्रैल 2025 से चलाया जा रहा है जिसमें दुर्घटना में घायलों की सहायता करने वालों गुड सेमेरिटन को सम्मानः पुरस्कार स्वरूप 25000 प्रोत्साहन राशि दिया




जायगा। उक्त बैठक में 4ई अर्थात शिक्षा एवं जन जागरूकता, कानून प्रवर्तन, सड़क अभियांत्रिकी सुधार, आपातकालीन चिकित्सा एवं राहत पर भी व्यापक चर्चा किया गया। बैठक में जिलाधिकारी एवं सांसद ने कई प्रमुख निर्देश दिए जिसमें - सड़क दुर्घटनाओं में कमी हेतु ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट/सीट बेल्ट के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाए।

विद्यालय वाहनों की नियमित जांच, फिटनेस, ड्राइवर सत्यापन एवं वाहन पर अनिवार्य संकेतकों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय/राज्य राजमार्गों एवं प्रमुख जिला मार्गों पर संकेतक, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग एवं स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था की जाए। आपातकालीन सेवाओं (एंबुलेंस, ट्रॉमा केयर) की रिस्पॉन्स टाइम में सुधार हेतु समन्वय मजबूत किया जाए। जन-जागरूकता अभियान (स्कूल, कॉलेज, पंचायत स्तर) को नियमित रूप से संचालित किया जाए। दुर्घटना प्रभावित परिवारों को सहायता/मुआवजा प्रक्रिया में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु कैरिंग कैपेसिटी के आधार पर कलर कोडिंग का निर्धारण किया जाए।जिलाधिकारी ने अंत में निर्देश दिया कि यातायात नियमों के पालन को लेकर निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा नियम तोड़ने वालों पर निरंतर सख्त कार्रवाई की जाए।

# वेतन संबंधी शिकायतों के निष्पादन हेतु कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में पदस्थापित एवं कार्यरत शिक्षकों के विभिन्न प्रकार के सेवा तथा वेतन भुगतान संबंधित शिकायतें को प्रायः देखते हुए 31 दिसम्बर, 2025 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के नेतृत्व में कैम्प आयोजित किया जायेगा। बताया गया कि शिक्षकों के सेवा एवं वेतन भुगतान संबंधित समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण हेतु संबंधित सभी लोगों को विभिन्न पत्रों एवं विभागीय वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निदेश दिया जाता रहा है। यह भी बताया गया कि इस दिशा में पूर्व में इन समस्याओं के निराकरण हेतु नियमित रूप से प्रखण्ड कार्यालय में कैम्प एवं शिक्षा दरबार का आयोजन भी किया जाता रहा है। इसके बावजूद भी शिक्षकों एवं कर्मियों के द्वारा इस संबंध में विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से अनेक प्रकार के शिकायत प्राप्त हो रही है। इसी के मद्देनजर इन समस्याओं का त्वरित एवं व्यवस्थित रूप से निराकरण हेतु कई निदेश दिये जा रहे है। जिसमें जिले में पदस्थापित सभी कोटि के शिक्षकों एवं कर्मियों का सेवा, वेतन यथा-बकाया, अन्तर वेतन, विभिन्न प्रकार के अवकाश की स्वीकृति, आदि समस्याओं का निराकरण हेतु कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया है कि उक्त कैम्प के आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी यथा पोस्टर, बैनर, बैठने की व्यवस्था एवं पेयजल आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जहानाबाद जिले के शिक्षकों एवं कर्मियों से अपील किया है कि वे अपना शिकायत या समस्या से संबंधित आवेदन देकर उक्त कैम्प के माध्यम से सेवा से संबंधित समस्याओं या शिकायतों का निराकरण कर सकते हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक गंभीर रूप से घायल

## युवक ने ट्रैक्टर चालक पर जानबूझकर कुचलने का लगाया आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के रतनी प्रखंड के शकूराबाद थाना क्षेत्र के अइरा गांव स्थित पैक्स गोदाम के समीप ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान पोखवां गांव निवासी संजय शर्मा के पुत्र प्रशांत कुमार के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशांत कुमार धान लेकर अइरा पैक्स गोदाम पहुंचा था। इसी दौरान दो ट्रैक्टरों के बीच उसका पैर फंस गया, तभी एक ट्रैक्टर का चक्का उसके पैर पर चढ़ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य



केंद्र रतनी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल जहानाबाद रेफर कर दिया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज जारी है। प्रशांत कुमार ने इस घटना को दुर्घटना नहीं बल्कि साजिश बताया है। उसने आरोप लगाया कि उसे जानबूझकर ट्रैक्टर से कुचला गया है। प्रशांत का कहना है कि उसका बिहार पुलिस ड्राइवर में मेडिकल परीक्षण पहले ही हो चुका है और अब फिजिकल टेस्ट बाकी है। आरोप है कि कुछ लोगों ने उसकी नौकरी रुकवाने और परीक्षा में शामिल होने से रोकने के इरादे से यह घटना अंजाम दी है। पीड़ित ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि यदि उसके आरोप गलत साबित होते हैं तो प्रशासन घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर सकता है, साथ ही पैक्स गोदाम के अध्यक्ष से पूछताछ कर पूरे मामले की सच्चाई सामने लाई जा सकती है। इधर, इस संबंध में शकूराबाद थाना प्रभारी अनंत कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आवेदन प्राप्त होते ही मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से दस वर्षीय बच्चे की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव थाना क्षेत्र के कुरका गांव में ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुरका गांव निवासी गुड्डू साव के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार विकास कुमार अपने घर के पास साइकिल लेकर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे धक्का मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे रोते-बिलखते इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में देव थाना को अब तक किसी तरह की आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। न ही परिजनों की ओर से थाने में कोई आवेदन दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने अथवा सूचना प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अत्यधिक ठंड से लोगों हुआ बुरा हाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** इन दिनों भीषण शीतलहर और कड़ाके की ठंड से लोगों का बुरा है। आसमान में छाए घने कोहरे और बर्फीली हवाओं ने आम जनजीवन की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। सोमवार को भी पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। शाम होते-होते बर्फीली हवाएं चलने लगी और कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए लोग घरों में दुबक गए। धूप न निकलने से जानवरों का भी बुरा हाल है। सड़कें खाली-खाली नजर आई। पिछले कई दिनों से मौसम का मिजाज खराब चल रहा है। जिले में न्यूनतम तापमान गिरकर 9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं। गर्म मोजे और भारी जूते पहनने के बावजूद लोगों के पैरों की उंगलियां



सुन्न पड़ रही हैं। बर्फीली हवाएं शरीर को भेद रही हैं। इस भीषण ठंड का सबसे ज्यादा असर दैनिक मजदूरी करने वाले वर्ग पर पड़ा है। अत्यधिक कोहरे और हाथ जमा देने वाली ठंड के कारण मजदूरों के लिए खुले आसमान के नीचे काम करना लगभग नामुमकिन हो गया है। निर्माण कार्यों से लेकर कृषि कार्यों तक, हर जगह सन्नाटा पसरा हुआ है। सोमवार को तापमान अधिकतम 17 व न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रचंड ठंड से बचने के लिए लोग अब बिजली के हीटर और पारंपरिक अंगीठी का सहारा ले रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सेहत को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है। प्रशासन ने भी जगह-जगह अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं ताकि बेघर और राहगीरों को राहत मिल सके।

# जरूरतमंद लोगों की मदद कर रही एंटी करप्शन इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में अखंड दीपक प्राकट्य शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ औरंगाबाद में गोष्ठी सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ साक्षी कुमारी ने स्वागत गीत के माध्यम से किया। कार्यक्रम में जिला के सभी शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ, चरण पीठ से आए हुए सक्रिय कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मान किया गया। साथ ही अखंड दीपक प्राकट्य शताब्दी एवं माता भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी में हमारी महती भूमिका एवं तैयारी पर गोष्ठी हुई। वक्ताओं ने कहा कि विश्वव्यापी विषाक्तता के महाविष से मानव मात्र को त्राण दिलाने वाली यह अमोघ ऊर्जा जो परमात्मा की प्रेरणा से युग परिवर्तन के लिए अवतरित हुई है, ऋषियों के सामूहिक शक्ति का साकार रूप अखण्ड ज्योति के रूप में इन दिनों महाकाल के घोंसले में प्राण, तप और श्रद्धा का पोषण पाकर प्रचण्ड स्वरूप को प्राप्त हो गई है। समाज में प्रत्येक व्यक्ति के अन्तर तक वह ऊर्जा प्रवाह पहुंच सके। मौके पर सासाराम उपजोन समन्वयक श्यामानंद शर्मा, पूर्व उपजोन समन्वयक नीरज सिंह, जिला गायत्री परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी अनुज कुमार सिंह, महिला ट्रस्टी विभा सिंह, महिला मंडल से सीमा सिंह, सुधा सिंह, गुड़िया कुमारी, शांति देवी, विनीता गौस्वामी, जिला समन्वयक नवनीत कुमार मौजूद रहे।

# साहसी प्रधानमंत्री थे अटल बिहारी वाजपेयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** गजना धाम न्यास समिति के द्वारा मां गजना मंदिर के प्रांगण में देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती समारोह मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजना धाम समिति के महंत अवध बिहारी दास ने की। कार्यक्रम का संचालन न्यास समिति के भृगुनाथ सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, झारखंड प्रदेश भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, अम्बा सतबहिनी मंदिर न्यास समिति के कोषाध्यक्ष शिव शंकर पांडे, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, एंटी करप्शन ब्यूरो के राष्ट्रीय सचिव आदित्य श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता शिव कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह शामली हुए। सभी अतिथियों ने अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके कृतियों को स्मरण करते हुए कार्यक्रम के शुरुआत की। कार्यक्रम के पहले सत्र में लोगों ने हनुमान चालीसा पाठ करते हुए अटल बिहारी वाजपेई की आत्मा के शांति के कामना की। महोत्सव



पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की धार्मिक न्याय समिति के द्वारा तीन महान विभूतियों की जयंती अटल बिहारी वाजपेई, स्वामी विवेकानंद एवं संत रविदास की जयंती कार्यक्रम धार्मिक मंदिरों में आयोजित करना है। सभी धार्मिक न्याय समिति अंतर्गत आने वाले मंदिर प्रांगण में इन तीनों विभूतियों की जयंती मनाई जाएगी। अटल बिहारी वाजपेई राष्ट्रवादी विचार के धनी व्यक्ति थे, उनके व्यक्तित्व को याद करना आने वाली युवा पीढ़ी को राष्ट्र प्रेम के प्रति प्रेरित करता है। महंत अवध दास बिहारी ने कहा की अटल बिहारी वाजपेई एक राजनेता साहित्यकार के साथ और संत प्रवृत्ति के व्यक्ति थे और ऐसे महापुरुषों को धार्मिक न्यास समिति के द्वारा जयंती मनाने का निर्णय लेना स्वागत योग है, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रणबीर नंदन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई हिंदी भाषा को देश स्तर पर पहचान दिया संयुक्त राष्ट्र के भाषण में पहले शुरुआत हिंदी भाषण से उन्होंने की, उनका निर्णय देश हित के लिए संकल्पित होता था ऐसे कई उदाहरण पड़े हुए हैं, ऐसी साहसी प्रधानमंत्री थे अटल बिहारी वाजपेई। आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई ऐसे सुलझे हुए व्यक्ति थे पक्ष की सत्ता भी में विपक्ष में रहते हुए भी देश के हित के निर्णय के लिए प्रस्ताव लेती थी, उनका ही संघर्ष का परिणाम है कि भाजपा दो सीट से आज इतनी बड़ी पार्टी बनकर उभर गई। वह सत्ता सुखी के राजनीति नहीं देश प्रेम के राष्ट्र रक्षा के लिए राजनीति करते थे, देश के प्रति उनके प्रेम भावना हम सब को हमेशा राष्ट्रप्रेम से जोड़ता रहेगा। शिव शंकर पांडे, शिव कुमार सिंह , संजय सिंह, सभी निश्चित रूप से कहा कि ऐसे राष्ट्र महापुरुष को याद करना राष्ट्र प्रेम भावना को सम्मान करने के बराबर है, उनकी कृतियां हमेशा अमर रहेगी। इस मौके भुवनेश सिंह, संतोष सिंह, अखलेश मेहता, रमजान पासवान, भृगुनाथ सिंह, राजेश कुमार अग्रवाल, अनिल सिंह, अरुण सिंह मैंथल्श कुमार,जयराम सिंह, रामजन्म सिंह, विंध्याचल सिंह मौजूद रहे।

# फरार चल रहे नामजद आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में हुए दहेज हत्या मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपित पति को हसपुरा पुलिस ने गुरुवार दोपहर पटेल चौक से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेहंदिया थाना क्षेत्र के शरवरपुर गांव निवासी जनेश्वर यादव की 23 वर्षीय पुत्री निक्की कुमारी की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व हसपुरा थाना क्षेत्र के पीरु मठिया गांव निवासी लालबाबू के साथ हुई थी। 11 दिसंबर 2025 को संदिग्ध परिस्थितियों में निक्की कुमारी की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतका के पिता द्वारा हसपुरा थाना में लिखित आवेदन देकर अपनी बेटी की दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था। आवेदन में मृतका के पति लालबाबू, भैसुर तथा सास को नामजद करते हुए दहेज की मांग को लेकर हत्या करने की बात कही गई थी। पुलिस ने इस संबंध में कांड संख्या 359/25 दर्ज



कर मामले की जांच शुरू की थी। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे थे। हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी पति लालबाबू हसपुरा बाजार में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने पटेल चौक से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाना लाने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# ह्रदयचक को बहादुर विगहा ने हराया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा बाजार के छोटी खेल मैदान में सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट मैच सोमवार को हिरदेचक एवं बहादुरविगहा के बीच खेला गया। मैच का उद्घाटन एस आई राहुल कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश सिंह, एनएसएसटी शिक्षण संस्थान कै राजू पटेल, जदयू अध्यक्ष दीपक पटेल, प्रोफेसर विजय प्रसाद, अशोक यादव नै खिलाड़ियों से परिचय के साथ किया। छपरा नगर उप आयुक्त अरशद इमाम व एसआई राहुल कुमार ने कहा खेल का आयोजन से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा देखने को मिलता है। पढ़ाई कै साथ - साथ खेल भी जरूरी है। इससे शारिरिक ऊर्जा में विकास होता है। हिरदेचक की टीम टांस जीतकर पहले



क्षेत्र रक्षण करने का निर्णय लिए। पहले खेलते हुए बहादुर विगहा की टीम नै सभी विकेट खोकर 163 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जबाबी पारी खेलने उतरी हिरदेचक की टीम ने सभी विकेट कै नुकसान पर 50 रन पर ही सिमट गया। मैच में बहादुर विगहा की टीम 113 रन से जीत दर्ज कर सेमिफाइनल में खैलनै कै लिए जगह बना ली। पुरै मैच में बेहतर खेलने कै लिए मैन आंफ द मैच का खिताफ बहादुर विगहा कै सौरभ को मिला। सौरभ नै 27 गेंद पर 76 रन लिया। टूर्नामेंट मैच का सफल बनाने में आयोजन समिति कै विपिन पटेल, राजकुमार, धर्मेंद्र कुमार लाला, शाहबाज मिन्हाज का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने खिलाड़ियों, अतिथियों व दर्शकों कै प्रति आभार जताया।

## बिना रेलिंग का पुल दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के अंतर्गत मदनपुर-कासमा मुख्य पथ के बेरी गांव के समीप पुल पर रेलिग नहीं है। बगैर रेलिंग के पुल से कभी भी दुर्घटना हो सकता है। क्षेत्र के लोगों ने अधिकारियों से मांग की है कि बिना रेलिंग के बने पुल पर रेलिंग का निर्माण कराया जाए ताकि हादसा न होने पाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण पुल में रेलिग नहीं है। बता दें कि करीब 22 वर्ष पहले सिचाई विभाग द्वारा पुल का निर्माण कराया गया था। बता दें कि पुल वर्षों से रेलिंग विहीन है। इस पुल में गिरकर कई लोग घायल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने पुल के निर्माण को लेकर कई बार अधिकारियों को लिखित व मौखिक रूप से आवेदन भी दिया परंतु स्थिति जस की तस है।

# बुजुर्गों व ग्रामीणों को योजनाओं की दी विस्तृत जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड क्षेत्र में आयुष्मान भारत एवं वय वंदना योजना के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को औरंगाबाद की स्वयंसेवी संस्था पथ प्रदर्शक के संस्थापक सह सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने सदर प्रखंड के जगदीशपुर गांव में पहुंचकर बुजुर्गों एवं ग्रामीणों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर समाजसेवी बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री की एक महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसके तहत गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा लाभ प्रदान किया



जाता है। इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत द्वारा निबंधित देश के किसी भी अस्पताल में गंभीर बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत 23 सितंबर 2018 को प्रधानमंत्री द्वारा झारखंड के रांची से पूरे देश में एक साथ की गई थी। वहीं, 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए 29 अक्टूबर 2024 से वय वंदना कार्ड की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत बुजुर्गों को व्यक्तिगत रूप से पांच लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलता है। वय वंदना कार्ड के लिए राशन कार्डधारी होना अनिवार्य नहीं है, बल्कि देश के सभी 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग इसके पात्र हैं। बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि संस्था पथ प्रदर्शक वर्ष 2021 से लगातार गांव-गांव जाकर स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक कर रही है। संस्था द्वारा कार्ड निर्माण के लिए शिविरों का आयोजन किया जाता है और लाभुकों को इलाज की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जो लाभुक अभी तक आयुष्मान भारत या वय वंदना कार्ड बनवाने से वंचित रह गए हैं, उनके लिए शीघ्र ही जगदीशपुर में निःशुल्क आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड निर्माण शिविर का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इन जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# भाजपा कार्यक्रताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी हसपुरा दक्षिणी मंडल के भाजपा कार्यक्रताओं ने देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 129वीं मन के बात सुने। यह कार्यक्रम कैथी बनकट मे हुआ। प्रधानमंत्री मन के बात में 2025 के अंतिम एपिसोड में सभी को 2025 के विकास कार्यों को सुनाया। वहीं नए साल के सभी दैशवासियों को शुभकामना दिया। आगामी 12 जनवरी को विवेकानंद का जन्मदिन पर युवा दिवस मनाया जाएगा। इस पर भी विशेष ध्यान आकृष्ट कराए, काशी में कई भाषाओं में विद्या ग्रहण छात्र, छात्राओं ने कर रहे है। प्रधानमंत्री भारत के गौरवशाली बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजना भी विकसित करने के लिए मन की बात में बताए। मन की बात में शामिल मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, धनंजय शर्मा, उदय चंद्रवंशी, नारायण मेहता, रामप्रवेश चंद्रवंशी, शशांक कुमार, मनीष कुमार अतुल कुमार, सुजीत कुमार सौरभ कुमार सभी लोग मन की बात को सुने।

# जहानाबाद सदर विधायक ने मीडिया के साथ संवाद कार्यक्रम का किया आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के सदर विधायक राहुल शर्मा द्वारा पत्रकारों के साथ एक औपचारिक एवं सौहार्दपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विधायक राहुल शर्मा स्वयं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजन व्यवस्था में विधायक राहुल शर्मा के छोटे भाई रोहित शर्मा की अहम भूमिका रही।बैठक में विधायक राहुल शर्मा ने अपनी चुनावी जीत का श्रेय जहानाबाद की जनता के साथ-साथ पत्रकारों को भी दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की निष्पक्ष रिपोर्टिंग और जनता की आवाज को सही मंच तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। इस अवसर पर विधायक राहुल शर्मा ने जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया से



जुड़े पत्रकारों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। विशेष रूप से जहानाबाद के डिजिटल पत्रकारों, यूट्यूब चैनल संचालकों और सोशल मीडिया पर सक्रिय ब्लॉगरों से भी उन्होंने संवाद किया, उनका परिचय जाना और उनके कार्यों के बारे में जानकारी ली। बैठक में जहानाबाद के वरिष्ठ एवं चर्चित पत्रकार तथा प्रभारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बहुत कम ऐसे जनप्रतिनिधि होते हैं जो जीत के बाद खुले दिल से पत्रकारों और जनता को श्रेय देते हुए संवाद स्थापित करते हैं। यह पहल लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने वाली है। विधायक राहुल शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान जहानाबाद की जरूरतों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण होते हैं, जो बिना किसी पक्षपात के जनता की समस्याओं को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने का कार्य करते हैं—चाहे वह पक्ष हो या विपक्ष। उन्होंने भरोसा दिलाया कि चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को वे आगामी पाँच वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूरा करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने कई गांवों और इलाकों का दौरा किया, जहां अनेक समस्याएं उन्होंने स्वयं देखीं, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में विधायक ने कहा कि पत्रकारों से मिलकर उन्हें अत्यंत खुशी और संतोष मिला है। उन्होंने सभी पत्रकार बंधुओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के संयोजक रोहित शर्मा ने बताया कि विधायक राहुल शर्मा की लंबे समय से इच्छा थी कि वे चुनाव के बाद जिले के सभी पत्रकारों से एक साथ मिलें। चुनाव के दौरान और बाद में पत्रकारों का सहयोग सराहनीय रहा है, इसी भावना से यह आयोजन किया गया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_12/25-26, दिनांक 24.12.2025,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (निर्माण), जमालपुर वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जिला -मुंगेर, बिहार-811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : "वर्कशॉप के अंदर डब्ल्यूसीएस-I और II (नया सीटीआरबी) में फायर हाइड्रेंट सुविधाओं, बीसीएन जल परीक्षण व्यवस्था और हार्डनर टॉपिंग के साथ आरसीसी फ्लोरिंग में सुधार कार्य"। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु. 66,90,305/-**बयाना राशि:** रु.1,33,800/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 20.01.2026, **कार्य की समापन अवधि:** 06 (छह) माह।

MISC-342/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# जौहरिया महोत्सव को सरकारी स्तर पर कराने का करूंगा प्रयास : प्रमोद सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के तेलडीहा स्थित मां दुर्गा आराध्य समिति नाटय कला मंच के प्रांगण में सोमवार को विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में नागरिक अभिनंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस क्रम में रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद कुमार सिंह को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, तलवार और पगड़ी पहनाकर तथा जौहरिया मंदिर का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विधायक ने कहा कि कला संस्कृति युवा विकास विभाग के मंत्री से मिल कर जौहरिया महोत्सव सरकारी स्तर पर आयोजित कराने के लिए प्रस्ताव रखेंगे। प्रमोद सिंह ने कहा कि जब वे विधायक नहीं थे तभी से जनता की सेवा में सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जिस भरोसे के साथ जनता ने उन्हें चुना है उसपर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। रफीगंज के विकास, उसकी गरिमा और जनता की समृद्धि ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है और हमेशा रहेगी। समारोह में समाजसेवी विनोद कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रो संतोष कुमार सिंह, अजय पासवान, ललन सिंह, संजय कुमार सिंह, रामनाथ सिंह, रंधीर कुमार सिंह, प्रो. ललन कुमार सिंह, देववंश सिंह, नागवंश सिंह, अरुण कुमार सिंह को अंगवस्त्र एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सीता थापा महोत्सव के प्रायोजक और मां दुर्गा आराध्य समिति के सदस्यों को विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल विवाह और दहेज प्रथा के खिलाफ लोगों को शपथ दिलायी। इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रामाश्रय सिंह, धीरेन्द्र सिंह, विनय कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

नंदकिशोर सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 से अधिक लोगों की हुई जांच

# हृदय को लेकर सजग रहें लोग : डॉ बीके सिंह

## जन सेवा के कार्य को निरंतर जारी रखेगा ट्रस्ट : सरिता सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो






**औरंगाबाद।** गरीबों, जरूरतमंदों की सेवा और स्वास्थ्य शिक्षा में संलग्न प्रतिष्ठित संस्था सावित्री मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को स्मृतिशेष नंदकिशोर सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. बी. के. सिंह की क्लिनिक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य हृदय रोगों की बढ़ती बीमारी तथा इस गंभीर समस्या के प्रति आमजन को जागरूक करना और समय पर जांच के महत्व को रेखांकित करना रहा। शिविर में 30 से अधिक लोगों के ब्लड शुगर एवं लिपिड प्रोफाइल की निशुल्क जांच की गई। जांच के बाद सभी व्यक्तियों को उनकी रिपोर्ट के साथ आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में पुरुषों, महिलाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव डॉ. बी. के. सिंह ने बताया कि लिपिड प्रोफाइल का बढ़ना हृदय संबंधी गंभीर बीमारियों का मुख्य कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान और शारीरिक श्रम की कमी के कारण हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में समय-समय पर स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अत्यंत आवश्यक है। ट्रस्ट की अध्यक्ष सरिता सिंह ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि व्यक्ति स्वस्थ रहेगा तभी वह अपने परिवार और समाज के प्रति अपने दायित्वों का सही निर्वहन कर सकेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें और नियमित जांच कराएं। शिविर के माध्यम से नंदकिशोर सिंह की स्मृति को जनसेवा से जोड़ते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। स्थानीय नागरिकों ने सावित्री मेमोरियल ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की मांग की। गौरतलब है कि औरंगाबाद में सावित्री मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से एमएलएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी का भी संचालन किया जा रहा है।

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार अधेड़ की मौत, एक जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** खुदवां थाना क्षेत्र के लहसा गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। इस घटना में 55 वर्षीय बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि नहर में गिरकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पौथु थाना क्षेत्र के फ़ेसरा गांव निवासी जाहिद हुसैन के पुत्र मो. जुनैब हुसैन के रूप में हुई है। वहीं घायल मो. आदिल भी फ़ेसरा गांव का ही रहनेवाला है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि मो. जुनैब अपने गांव के ही आदिल के साथ बाइक से किसी काम को लेकर रफीगंज जा रहे थे। इस दौरान बाइक आदिल चला रहा था। जैसे ही दोनों खुदवां थाना क्षेत्र के लहसा गांव के समीप पहुंचे तभी पीछे से एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि ट्रैक्टर चालक बाइक पर पीछे बैठे जुनैब को कुछ दूरी तक घसीटते हुए लेकर चला गया। वहीं बाइक अनियंत्रित होकर नहर में पलट गया जिससे आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गयी। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। जब कुछ लोगों ने उसका पीछा किया तो वह घोड़दौर गांव में ट्रॉली खड़ा कर इंजन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने मृतक की पहचान कर घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर आनन-फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और शव देख चीत्कार उठें।

# उत्तर कोयल नहर परियोजना की प्रगति को ले डीएम गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** उत्तर कोयल नहर परियोजना तथा राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा हेतु समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा उत्तर कोयल नहर परियोजना की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत कुल 09 पैकेज (पैकेजऽ03 से पैकेज-11) सम्मिलित हैं, जिसकी कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है। परियोजना हेतु कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है जिसमें से 36.3995 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष 4.8515 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है। नवीनगर प्रमंडल अंतर्गत कुल 12.2483 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण किया जा चुका है। अम्बा प्रमंडल अंतर्गत 7.078 हेक्टेयर में से 6.7297 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित है तथा 0.2655 हेक्टेयर भूमि शेष है। औरंगाबाद प्रमंडल अंतर्गत 8.210 हेक्टेयर में से 5.8059 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है तथा 2.4041 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। मदनपुर प्रमंडल अंतर्गत कुल 5.338 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूर्ण किया जा चुका है जबकि गया प्रमंडल अंतर्गत 8.3776 हेक्टेयर में से 6.2176 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित है एवं 2.16 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहण लंबित है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि शेष भूमि अधिग्रहण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए। इसके उपरांत राजस्व विभाग से संबंधित दाखिल-खारिज, आधार सीडिंग, अभियान बसेरा फ़ेस-2, मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, ई-मापी, परिमार्जन प्लस, जन शिकायत पोर्टल, भू-लगान एवं भू-समाधान से संबंधित विषयों की क्रमवार समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, दाउदनगर डीसीएलआर सहित सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राजस्व कर्मचारी भी बैठक में सम्मिलित हुए।

# ग्रामीणों ने डीएम को सोन दियारा क्षेत्र में खेती से जुड़ी गंभीर समस्या से कराया अवगत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के ओबरा थाना अंतर्गत डिहरा पंचायत के नवनेर, अजौरा, लबदना समेत कई गांवों के सैकड़ों ग्रामीण किसान सोमवार को अपनी समस्याओं को लेकर डीएम ऑफिस पहुंचे। सभी ग्रामीणों ने डीएम से मुलाकात कर सोन दियारा क्षेत्र में खेती से जुड़ी गंभीर समस्या से अवगत कराया। डीएम ने ग्रामीणों की बात को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि नवनेर गांव के दर्जनों किसान वर्षों से सोन दियारा क्षेत्र में खेतीबाड़ी करते आ रहे हैं। ये खेती उनके पुरखों के समय से चली आ रही है। पहले इस भूमि पर लगान भी कटता था, जिसे किसान नियमित रूप से जमा करते थे। बाद में सरकार की ओर से लगान माफ कर दिए जाने की जानकारी मिली। बावजूद आज भी इसी भूमि पर किसान हरी साग-सब्जी सहित कई प्रकार की फसल उगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सैकड़ों किसानों की आजीविका पूरी तरह इसी खेती पर निर्भर है। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ वर्षों से सोन दियारा क्षेत्र में बालू घाट का ठेका दिए जाने के बाद से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ठेकेदार द्वारा बालू निकालने के नाम पर किसानों के खेतों को काटा जा रहा है और तैयार फसलों को बर्बाद किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की कि बालू ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए और किसानों की फसल एवं खेती की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

# क्रिकेट कप सीजन-वन पर डीएवी, नबीनगर का कब्जा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में अडानी इंटरनेशनल स्कूल एवं डीएवी नबीनगर के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। इस क्रम में टॉस नबीनगर ने जीता और क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। अदानी इंटरनेशनल स्कूल ने बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाया और डीएवी नबीनगर को 64 रन बनाने का लक्ष्य दिया। डीएवी नबीनगर के बल्लेबाजों ने 9 विकेट से यह मैच जीत लिया जिसमें रिशु कुमार ने अच्छी बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी की। रिशु को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया और इस टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हर्षित कुमार अडानी इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी को मैन ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला प्रारंभ करने से पूर्व डीएवी पब्लिक स्कूल्स, बिहार प्रक्षेत्र एफ (औरंगाबाद) के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी वी के पाठक एवं प्रक्षेत्र के समस्त प्राचार्यगण दोनों टीमों के खिलाड़ियों से रूबरू हुए। उसके बाद उन्होंने टॉस किया। अंत में उपविजेता एवं विजेता टीम को शील्ड प्रदान किया तथा सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। सभी मैचों में अंपायर की भूमिका राजीव रंजन एवं सावन ने निभाया। दोनों अंपायर को भी अंग वस्त्र एवं ट्रैकसूट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्रीय अधिकारी ने इस प्रकार के टूर्नामेंट को हर वर्ष कराने की घोषणा की। इस टूर्नामेंट को संम्पन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक डॉ रविशंकर सिंह, एस एच रहमान, सत्योम कुमार, अमलेन्दु गोस्वामी और छात्र युवराज कुमार ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# बस यात्रा के दौरान अधेड़ की बिगड़ी तबीयत, मौत

**गोह(नबिटा संवाददाता)।** सोमवार की सुबह बस यात्रा के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति की अचानक मौत हो गयी। घटना सुबह करीब नौ बजे के करीब की है। मृतक की पहचान सिंघाड़ी गांव निवासी 55 वर्षीय सच्चिदानंद त्रिभुनायत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सच्चिदानंद त्रिभुनायत गोह बस स्टैंड से गया जी दवा लेने के लिए बस में सवार हुए थे। बस के कुछ ही दूरी तय करने के बाद उनकी तबीयत अचानक खराब हो गयी। यह देख बस में मौजूद यात्रियों ने चालक से बस रुकवाकर उन्हें तत्काल गोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने घटना की सूचना गोह पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। प्रभारी थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मौत का कारण ठंड लगना प्रतीत हो रहा है। हालांकि परिजनों का शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार किये जाने के कारण मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# सरोजिनी सिन्हा के सम्मान में महिला कॉलेज के कला भवन का नामकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज परिसर में कॉलेज की संस्थापक प्राचार्या डॉ सरोजिनी सिन्हा के सम्मान में कला भवन का नामकरण किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुणजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें सच्चिदानंद सिंहा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर कुमार मिश्रा ने कला भवन के नामकरण का कार्य संपन्न कराया। उल्लेखनीय है कि डॉ सरोजिनी सिन्हा किशोरी सिन्हा महिला कॉलेज की संस्थापक प्राचार्या थीं। कॉलेज की स्थापना से लेकर उसके अंगीभूतिकरण तक की पूरी प्रक्रिया में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। कॉलेज के लिए भूमि अधिग्रहण भी उनके सतत प्रयासों का परिणाम था। उनके इस योगदान के साक्षी जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी और वर्तमान में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्य सचिव दीपक कुमार रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ सरोजिनी सिन्हा के योगदान को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व, दूरदृष्टि और समर्पण के कारण ही कॉलेज आज एक सशक्त शैक्षणिक संस्थान के रूप में स्थापित हो सका है। कला भवन का नामकरण उनके प्रति कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ सरोजिनी सिन्हा के पुत्र और सिन्हा कॉलेज में राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डॉ संजीव रंजन, अखिलेश सिंह, अमित राहुल सहित कॉलेज के कई कर्मी और शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## नशे में पति ने कर दी पत्नी की पिटाई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के श्मशान घाट के पास रहने वाले बबलू चौधरी ने अपनी पत्नी की पिटाई कर दी। पिटाई से पत्नी बबीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। बबीता ने बताया कि उसका पति हमेशा शराब के नशे में धुत रहता है। सोमवार की शाम को वह शराब के नशे में घर आया और उसकी पिटाई कर दी जिसमें वह जख्मी हो गई।

## दहेज हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दहेज हत्या मामले में एक आरोपी को हसपुरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के पचरूखिया गांव निवासी लाल बाबू यादव के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दहेज हत्या मामले में लाल बाबू को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ क़रीब 20 दिन पहले मामला दर्ज कराया गया था जिसमें बताया गया था कि आरोपी ने दहेज़ को लेकर अपनी पत्नी निक्की कुमारी की हत्या कर दी है। इस घटना में मृतका के मायके वालों ने लाल बाबू के साथ-साथ उसकी मां और भाई को नामजद अभियुक्त बनाया था। घटना के बाद से अभियुक्त फरार था। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। वहीं अन्य अभियुक्तों को तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जायेगा।

## सभी प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाने की मांग

**गोह(नबिटा संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है।ऐसे में गोह, देवकुंड, उपहारा, देवहरा समेत अन्य प्रमुख बाजारों और चौक-चौराहों पर अलाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथी दुकानदारों और स्थानीय व्यवसायियों ने बताया कि ठंड बढ़ने के बावजूद अब तक केवल एक दिन अलाव जलाकर खानापूर्ति कर दी गयी। उसके बाद कोई व्यवस्था नहीं की गयी, जिससे सुबह और देर शाम दुकान लगाने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। ठंड के कारण ग्राहकों की आवाजाही भी कम हो रही है, जिससे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है।




बिहार सरकार
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग

पशुधन द्वारा
जीवन में गुणात्मक सुधार



**बर्ड फ्लु (एवियन इन्फ्लूएंजा) के संबंध में आवश्यक तथ्य एवं जानकारी**

**सामान्य जानकारी**
- यह वायरस जनित पक्षियों की बीमारी है जो मुख्यतः जंगली जलीय पक्षियों में स्वाभाविक रूप से होते हैं।
- बर्ड फ्लू मुख्यतः मुर्गियों का बड़ा ही संक्रामक रोग है। संक्रमित पक्षी के सम्पर्क में आने से यह संक्रमण मनुष्यों में फैल सकता है। यह अत्यन्त संक्रामक वायरस जनित रोग है। जिसके कारण मुर्गी पालन व्यवसाय को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।
- मनुष्य खासकर बच्चे, अगर बीमार पक्षी की (म्यूकस), बीट और पंखों के सम्पर्क में आ जायें तो उनमें संक्रमण फैल सकता है।
- मनुष्यों में बर्ड फ्लू के लक्षण साधारण फ्लू से मिलते–जुलते हैं। जैसे कि साँस लेने में तकलीफ, तेज बुखार, जुकाम और नाक बहना, ऐसी शिकायत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र को तुरंत इसकी सूचना दें।
- **सामान्यत : बर्ड फ्लू का वायरस 70°C तापमान पर नष्ट हो जाता है। किसी स्थान पर बर्ड फ्लू रोग की पुष्टि होने पर भी अण्डे व चिकन 70°C तापमान पर पकाकर खाने में कोई नुकसान नहीं हैं।**

**इससे डरें नहीं सावधानियाँ बरतें**
- बीमार मुर्गियों के सीधे सम्पर्क में न आयें। दस्ताने या किसी भी अन्य सुरक्षा साधन का इस्तेमाल करें। बीमार पक्षियों के पंख, श्लेष्मा (म्यूकस) और बीट को न छुयें। छुये जाने की स्थिति में साबुन से तुरंत अच्छे तरीके से हाथ धोयें।
- मुर्गियों को बाड़े में रखें। संक्रमित पक्षियों को मार कर उनका सुरक्षित निपटान करें। बीमार अथवा मरे हुए पक्षी की सूचना निकटतम पशु चिकित्सालय को तुरंत दें। ऐसा करना जन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

**मुर्गे–मुर्गियों के संक्रामक रोगों से बचाव के लिए सोने–से खरे कुछ उपाय**
पक्षियों को रानीखेत गम्बोरो और बर्ड फ्लू जैसी कई बीमारियां हो सकती है। ये बीमारियां एक पक्षी से दुसरी पक्षी में व दूषित पानी से अथवा प्रभावित पक्षी के मल–मूत्र, पंखों आदि के जरिये पूरे झुंड को तेजी से प्रभावित कर सकती है। मुर्गी पालन से जुड़े होने के नाते आप अच्छी तरह जानते हैं कि अपने पक्षियों को इन बीमारियों से बचाना कितना महत्वपूर्ण है।

**आइये अपने पक्षियों के साथ–साथ अपने बचाव के लिए निम्नलिखित तरीके अपनाएँ :**

1. **बाड़े में सुरक्षित रखें :** अपने पक्षियों को बाड़े में रखिये, केवल आपकी पौल्ट्री फार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाना चाहिए। अनावश्यक लोगों को बाड़े में प्रवेश न करने दें। अपने मुर्गे–मुर्गी को दूसरे पक्षियों / पशुओं के सम्पर्क में न आने दें। दो प्रजातियों के पक्षियों को एक ही बाड़े में न रखें।
2. **साफ–सफाई रखें :** पक्षियों के बाड़े में और उसके आसपास साफ–सफाई बहुत जरूरी है। इस प्रकार जीवाणु और विषाणुओं से बचा जा सकता है, पक्षियों के बाड़ों को साफ–सुथरा रखें। अपने पौल्ट्री फार्म / बाड़े को नियमित रूप से चूने अथवा कीटाणुनाशक दवाओं को छिड़काव कर संक्रमण मुक्त करते रहें।
3. **आहार एवं पेयजल व्यवस्था :** पक्षियों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल और संतुलित आहार दें। पक्षियों का भोजन एवं पेयजल रोजाना बदलें व पेयजल और भोजन के बर्तनों की नियमित साफ–सफाई करें।
4. **अपने पौल्ट्री फार्म में बीमारियों को प्रवेश करने से रोकें :** अपने आपको और बाजार या अन्य फार्मों में अन्य पक्षियों के संपर्क में आने वाली हर चीज की साफ–सफाई रखें। नये पक्षी को कम–से–कम 30 दिनों तक अपने स्वस्थ पक्षियों से दूर रखें। बीमारी को फैलने से रोकने या बचाव के लिए पौल्ट्री के संपर्क में आने से पहले और बाद में अपने हाथ, कपड़ों और जूतों को धोयें तथा संक्रमण मुक्त करें।
5. **बीमारी उधार न लें :** यदि आप अन्य फार्मों से उपकरण या पक्षी लेते हैं तो अपने स्वस्थ पक्षियों के संपर्क में आने से पहले भली भांति उनकी सफाई करें और संक्रमण मुक्त करें। अनावश्यक लोगों व अन्य फार्म पर कार्यरत मजदूरों एवं वाहनों को अपने फार्म पर प्रवेश न दें।
6. **लक्षणों को पहचानें :** अपने पक्षियों पर नजर रखें, यदि पक्षियों की आंख, गर्दन और सिर के आस–पास सूजन है और आँखों से रिसाव हो रहा है, कलनी और टांगों में नीलापन आ रहा है, अचानक कमजोरी, पंख गिरना बढ़ रहा है और पक्षियों की हरकत में कमी आ रही है, पक्षी आहार कम ले रहे हैं व अण्डे भी कम दे रहे हैं और असामान्य रूप से अधिक पक्षी मर रहे हैं, तो यह सब खतरे के संकेत हैं। यदि पक्षियों में ऐसे असामन्य लक्षण दिखाई देते है तो इसे छुपायें नहीं क्योकि यह आपके परिवार के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है।
7. **बीमार पक्षी की सूचना :** अपने पक्षियों की हर असामान्य बीमारी अथवा मौत की सूचना निकटतम पशु चिकित्सालय को तत्काल दें।

PR No.- 020604 (Animal)D. 2025-26

विशेष जानकारी के लिए पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं. 0612–2226049 पर संपर्क करें।
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

# पोठही में बन रही 38.77 एकड भूमि पर बिहार न्यायिक अकादमी, 3 जनवरी को होगा शिलान्यास

## कई न्यायिक अधिकारियों ने स्थल का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन के पोठही में बिहार न्यायिक अकादमी का निर्माण हो रहा है, जो 38.77 एकड़ भूमि पर बनेगा और न्यायाधीशों व न्यायिक अधिकारियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देगा। ऐसें में निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा है। जहां 3 जनवरी को इसका विधिवत शिलान्यास होना है। ऐसे में कई जजों की टीम और न्यायिक अधिकारियों की टीम ने स्थल का जायजा लेते हुए कई दिशा निर्देश दिया है। आगामी 3 जनवरी को होनेवाले शिलान्यास कार्यक्रम में जहां दिल्ली से लेकर पटना तक के कई न्यायाधीश शामिल होगें। बहरहाल हाल ही में न्यायिक अधिकारियों के ज्ञान में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, जिससे यह अकादमी न्याय प्रणाली को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगी। उक्त भूमि कृषि विभाग से न्याय विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है जिससे निर्माण प्रक्रिया में तेजी आई है। इस न्यायिक अकादमी से न्यायाधीशों और न्यायिक अधिकारियों को आधुनिक, विश्वस्तरीय प्रशिक्षण देना है। इससे बिहार की न्याय प्रणाली को सशक्त बनाना और न्याय वितरण की गुणवत्ता में सुधार करना है। इससे बिहार की न्याय व्यवस्था सशक्त होगी। न्यायिक अधिकारियों की दक्षता और न्याय वितरण प्रणाली में उल्लेखनीय सुधार आएगा। न्यायिक अधिकारी की माने तो यह अकादमी बिहार राज्य में न्यायिक क्षेत्र के लिए एक अहम मील का पत्थर साबित होगी, जिससे न्यायिक प्रशिक्षण व गुणवत्ता नए आयाम पर पहुंचेगी।





# रंगी बाबू की 35वीं पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अथमलगोला।** पूर्व मंत्री सह सवर्ण आयोग के अध्यक्ष डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने अपने पिता, समाजसेवी स्व रंगी सिंह की 35वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अपने पैतृक गाँव जमालपुर चकसरवर में सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन कर जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया। यह परंपरा वर्षों पूर्व डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा शुरू की गई थी, जो निरंतर हर वर्ष श्रद्धा और सम्मान के साथ निभाई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान स्वर्गीय रंगी सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्थानीय विधायक डॉ. सियाराम सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ. सीमा शर्मा, मधुकांत सिंह, परमानंद सिंह, प्रो पंकज सिंह उर्फ बुलबुल जी, अरविंद सिंह, वरुण सिंह, रामाशंकर सिंह उर्फ मिंगु जी, मधुकांत सिंह, राकेश कुमार, हेमंत राज, राजीव राजपुत, नंद सिंह, संतोष सिंह, सुमन सिंह, अरुण सिंह, पंकज सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



स्थानीय विधायक डॉ. शियाराम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय रंगी सिंह समाजसेवा के क्षेत्र में एक मिसाल थे। उनके नाम पर वर्षों से चल रहा यह आयोजन जरूरतमंदों के लिए संबल बन रहा है और क्षेत्र में सामाजिक एकता को मजबूत कर रहा है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ. सीमा शर्मा ने कहा कि उनके दादा जी स्व रंगी सिंह ने समाजसेवा को जीवन का उद्देश्य बनाया था। उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने इस परंपरा को वर्षों पूर्व शुरू करने के लिए अपने पिताजी डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. महाचन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि उनके पिता स्वर्गीय रंगी सिंह के विचार और कार्य आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पूर्व में राज्यपाल, मुख्यमंत्री तथा कई मंत्रीगण भी कार्यक्रम में शामिल होते रहे हैं। जिससे इस आयोजन की व्यापकता और सामाजिक महत्व स्पष्ट होता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही और सभी ने इस सामाजिक पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# कादिरगंज पुलिस ने चार क्विंटल गांजे की फसल को किया नष्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** ऑपरेशन मादक पदार्थ की तस्करी के तहत चलाये जा रहे अभियान के दौरान कादिरगंज पुलिस के द्वारा इन दिनों विभिन्न गांव में छापेमारी कर अवैध गांजा के पौधे को नष्ट कर रहे हैं। रविवार की शाम को हरला गांव मे छापेमारी कर तकरीबन तिस से अधिक घरों मे लगाये गये गांजा के हरे फसल को नष्ट किया है। बहरहाल पिछले तीन दिनों से चल रहे अभियान के दौरान अब तक कुल 17 क्विंटल गांजे का पौधा को नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि लगातार कादिरगंज थाना क्षेत्र से सूचना मिल रही थी कि कई गांव में गांजा के बड़े पैमाने पर लोग खेती कर रहे हैं। ऐसे में पहले दिन बारिबिगहा में छापेमारी की गई जहां बृहद पैमाने पर गांजे के पौधे को नष्ट किया गया है। उसके बाद अगरपुर, रामगढ़ एवं हसनपुरा, बिगहा पर और बाजितपुर में छापेमारी करते हुए बड़े पैमाने पर हरे गांजे के पौधे को नष्ट किया गया है। वहीं रविवार की शाम को हरला गांव मे छापेमारी कर तकरीबन तिस से अधिक घरों मे छापेमारी कर हरे गांजे के फसल नष्ट किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान निरंतर चलेगा और पूरे गांव में छापेमारी करते हुए हरे गांजे के पौधे की फसल को नष्ट किया जा रहा है। बहरहाल ऑपरेशन मादक पदार्थ अभियान को लेकर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में टीम गठित की गई है जिसमें कई पुलिस पदाधिकारी को शामिल किया गया है और सभी थाने के पदाधिकारी के द्वारा गांजा की फसल को नष्ट किया जा रहा है।

# जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारा संकल्प : प्रदेश अध्यक्ष

## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का दरभंगा पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का दायित्व ग्रहण करने के उपरांत सोमवार को पहली बार दरभंगा पहुंचने पर भाजपा जिला इकाई दरभंगा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। दरभंगा हवाई अड्डा आगमन पर कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक मिथिला परंपरा के अनुसार पाग, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का अभिनंदन किया।



प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी का हवाई अड्डा से निकलने के बाद शोभन, एकमी चौक, सैदनगर, लोहिया चौक, पालीराम चौक, दारूभट्टी चौक, लाइट हाउस, नाका 6, रामगंज, मौलागंज, नेशनल सिनेमा चौक, नाका नंबर 5, खानका चौक, मिर्ज़ापुर चौक, भगत सिंह चौक, दरभंगा टावर चौक, हसन चौक, पॉलिटेक्निक चौक, परमेश्वर चौक, बापू चौक, अलीनगर एवं होते हुए बद्रीनगर चौक पर पूरे जिले के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और संगठनात्मक मजबूती के कारण ही पार्टी निरंतर जनविश्वास प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में संगठन को और अधिक सशक्त बनाते हुए केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही हमारा संकल्प है। उन्होंने दरभंगा के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी के सामूहिक प्रयास से ही संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा। इस अवसर पर केवटी के विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, जिला प्रभारी उमेश चंद्र प्रसाद कुशवाहा, भाजपा पूर्वी जिला अध्यक्ष विनय पासवान, बद्री पूर्वे, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, सुजीत मल्लिक, विजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष राजू तिवारी, राजेश रंजन सोनी, सोनी पूर्वे, विकास चौधरी, श्रवण कुमार मिश्रा, संगीता साह, सुनील चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, जिला मंत्री रिंकी देवी, राहुल पासवान, मीरा मेहता, बालेंदु झा, पिंटू महासेठ, रामनारायण ठाकुर, जिला प्रवक्ता लक्ष्मण कास्यंकार, मदन कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष रमेश झा, रतन पासवान, पिंटू भंडारी, संगीत साह, श्रवण महतो, मुकेश महासेठ, सपना भारती, गुलशन चौधरी, संजीव गुप्ता, वीणा मिश्रा, राजमोहन पासवान, दीपक खर्गा, सुशील सिंह, सोनु ठाकुर, आरती कुमारी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के संयोजक, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बालू लदा हाइवा जब्त, लगा जुर्माना

## खनन विभाग की औचक छापेमारी में एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** लघु खनिज परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे खनन विभाग की औचक निरीक्षण के दौरान सोमवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के रेलवे गुमटी के पास में खान निरीक्षक ने एक बालू लदे हाईवा को जब्त किया है। मौके पर चालक को भी गिरफ्तार किया है। खान निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया की बालू लदा हुआ सोन का पीला बालू लदा हुआ एक हाइवा जिसमें 950 सीएफटी बालू था, जिसमें बिना परिवहन चालान परिवहन करने के कारण उसे जब्त किया गया है एवं एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उस पर 9,01,175 का जुर्माना लगाया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दिनेश कुमार पिता देव कृष्ण यादव चुपका बीघा बेलागंज गया का रहने वाला है। वाहन के चालकों / मालिकों के द्वारा अवैध रूप से लघु खनिज लोड कर बिना परिवहन चालान / ओवरलोड कर चोरी से लघु खनिज बेचने जा रहा था, जो बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन भण्डारण एवं निवारण) नियमावली 2019 यथा संशोधित नियमावली 2024 की नियम 11 एवं 4.3 का उल्लंघन तथा नियम 56 के तहत दण्डनीय एवं वसूलनीय हैं। खान निरीक्षक ने बताया कि वाहन के मालिक/चालक एवं संबंधित अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन भण्डारण एवं निवारण) नियमावली 2019 यथा संशोधित नियमावली 2024 की नियम 56, एवं भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत मसौढ़ी थाने मे प्राथमिकी दर्ज करवाई गई है।

# नए साल में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** न्यू ईयर पार्टी को लेकर अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है जिसको लेकर पुलिस ने सार्वजनिक समारोह वाली जगहों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। प्रभावी भीड़ प्रबंधन और किसी भी घटना के लिए त्वरित प्रतिक्रिया के लिए टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नए साल के मौके पर लोग शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। नहीं तो पुलिस की ओर से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वाहन के चालान काटने के साथ ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए खास तौर पर पुलिस की टीम तैयार है। मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों की पुलिस ने जगह-जगह पर चेक प्वाइंट बनाएं हैं। यहां पर चारपाहिया और दुपहिया वाहनों को रोक कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से अल्कोहल को चेक किया जाएगा। कई चेक प्वाइंट बनाये जायेंगे। सभी थानों की पुलिस ने प्रमुख स्थानों की पहचान की है। जहां पर नए साल के मौके पर सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी की जाएगी। लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए भी पुलिस की टीम सहायता के लिए तैयार रहेगी संवेदनशील मार्गों पर गश्त और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोटरसाइकिलों पर पुलिस की टीम अलर्ट रहेगी। सभी होटल ढाबा एवं रेस्टोरेंट में देर रात तक पुलिस के द्वारा तलाशी और छापेमारी की जा रही है और सबों को सख्त हृदय दी जा रही है कि अपने-अपने होटल ढाबा रेस्टोरेंट में शराब पार्टी अगर की तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी इसके अलावा न्यू ईयर पर सड़कों पर लहरिया कट चलाने वालों पर भी अपनी नजर रखी जाएगी मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों के पुलिस न्यू ईयर पार्टी को लेकर सतर्क और अलर्ट मोड पर है ताकि विधि व्यवस्था का संधारण हो सके और अपने पिला के में शांति व्यवस्था कायम रहे।

# विभिन्न मामलों में फरार पांच अभियुक्तों के घर पर साटा गया इश्तेहार

## सरेंडर करने की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से चल रहे फरार छह अभियुक्तों के घर पर इश्तेहार साटा गया है। जिसमें 5 गांव में पुलिस की टीम ने इश्तेहार साटकर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। जिसे मसौढ़ी डीह में सुदामा पासवान जो आर्म्स एक्ट में फरार चल रहे हैं, उसके घर पर इश्तेहार साटा गया है। वही अनीता देवी पति अरुण बिंद (नागास्थान), मनोज बिंद (हांसाडीह), संजय विश्वकर्मा (पुरानी बाजार), धर्मेंद्र कुमार पिता रंजन प्रसाद (डोरी पर )आदि गांव में पुलिस ने इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। थानाध्यक्ष विवेक भारती ने बताया कि विभिन्न मामलों में चल रहे फरार वारंटियों के धर पकड़ अभियान के तहत अब हर फरारीयों के घर पर इश्तेहार साटा जा रहा है और उन्हें सरेंडर करने की चेतावनी दे रहे हैं। अगर ससमय में सरेंडर नहीं करते हैं तो उनके घर पर कुर्की जप्ती का भी कार्रवाई की जा सकती है।

# समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय परिसर, बहादुरपुर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा में विशेष रूप से बैटरी चालित मोटर ट्राईसाइकिल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की



समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए। इसके लिए प्रखंड स्तर पर विशेष शिविर (कैंप) आयोजित कर लाभुकों का चयन एवं लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाए। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां शीघ्र भूमि चिन्हित की जाए। साथ ही जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन एवं समयबद्ध निष्पादन पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, लेडी सुपरवाइजर सहित समाज कल्याण विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# राम जानकी ठाकुरबाड़ी की जमीन पर मांस-मछली दुकान का विरोध, एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज नगर बाजार स्थित राम जानकी ठाकुरबाड़ी की जमीन पर मांस और मछली की दुकान लगाए जाने के प्रयास का नगरवासियों ने कड़ा विरोध किया है। इसको लेकर सैकड़ों लोगों ने अपने हस्ताक्षर के साथ अनुमंडल पदाधिकारी गरिमा लोहिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि राम जानकी ठाकुरबाड़ी से सनातन समाज के लोगों की गहरी धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। मठ की जमीन पर संचालित सब्जी मंडी में नगर पंचायत की मिलीभगत से कुछ मांसऽमछली विक्रेताओं द्वारा दुकान लगाने की कोशिश की जा रही है, जिससे लोगों में रोष है। लोगों का कहना है कि यदि मठ की जमीन पर मांसऽमछली की दुकान लगती है तो इससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी।

स्थानीय नगरवासियों ने एसडीएम से मांग की है कि राम जानकी ठाकुरबाड़ी की जमीन पर किसी भी हालत में मांस और मछली के बाजार लगाने की अनुमति नहीं दी जाए। इस विरोध में धीरज कुमार, नरेश प्रसाद, राजकुमार सोनी, परवीन कुमार, जितेंद्र मिश्र, उमेश पंडित, जवाहर प्रसाद गुप्ता, कुंदन गांधी सहित सैकड़ों लोगों का कहना है कि सनातन धर्म में मठ मंदिर के जमीन पर मांस मछली की दुकान खोलना वर्जित हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## झाड़ियां में छुपा कर रखी गई शराब बरामद

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के तिनेरी गांव में ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक्साइज पुलिस की टीम ने झाड़ियां में छुपा कर रखे हुए छह गैलन में 100 लीटर देसी शराब को जब्त किया है। उसके साथ ही शराब धंधेबाज को भी मौके पर से ही गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज का नाम सतीश कुमार पिता चंद्रा मांझी है, जो 6 गैलन में शराब भरकर झाड़ियां में छुपा कर रखा था और इसे अन्यत्र जगह पर सप्लाई करने की तैयारी में था। एक्साईज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि न्यू ईयर पार्टी को लेकर लगातार शराब की सप्लाई धड़ल्ले से चल रही है जिसको लेकर एक्साइज विभाग की पूरी टीम भी टीम में बैठकर लगातार विभिन्न गांव में छापेमारी करने में जुटी है।

# दलहन को बढ़ावा देने को लेकर मसूर बीज का वितरण

## रबी फसलों में बढ़ेगी उत्पादन क्षमता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** कृषि विभाग द्वारा चिन्हित पांच पंचायतों में निःशुल्क मसूर (दाल) बीज किट का वितरण किया जा रहा है, जिसमें 20 किसानों को 8 किलो का पैकेट दिया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को नई और उच्च उपज वाली किस्मों से परिचित कराना और दालों तथा तिलहन उत्पादन को बढ़ावा देना है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ बारिश कम हुई है, इसके लिए भारत सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत यह योजना चला रही है, जिसमें मिनीकिट के साथ बीज उपचार और पैकेट भी मिलते हैं, ताकि किसान बीज को आसानी से उगा सकें और अपनी आय बढ़ा सकें। इस कार्यक्रम के दौरान कृषि पदाधिकारी हर्षित पटेल ने कहा कि मिनी कीट योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराना है, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकें। मसूर और चना जैसी रबी फसलें किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए इन फसलों के लिए प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि किसान इन बीजों का उपयोग करके बेहतर पैदावार प्राप्त कर सकते हैं उनकी खेती की लागत भी कम होगी।

# यू डायस पर बच्चों के आंकड़े अपलोड करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** यू-डायस पर बचे बच्चों के आंकड़े अपलोड करने को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य निदेशक ने पत्र जारी किया है। पत्र में बच्चों, शिक्षकों और अन्य संसाधनों के आंकड़े अपलोड करने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया है। अपलोड नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गयी है। इस आलोक में ब्लक एमआईएस प्रभारी मिथलेश कुमार ने सभी प्रधान को निदेश दिया है कि इस पत्र का अनुपालन सुनिश्चित करें। सभी तरह के आंकड़ों की प्रविष्टि शत प्रतिशत नहीं होने की स्थिति में विभाग अनुशासनिक कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

## फरार आरोपित गिरफ्तार

**भगवानपुर।** तेयाय ओपी अध्यक्ष निकिता भारती ने बताया कि थाना कांड संख्या 319-25 के आरोपी खंजापुर पाली गांव निवासी बद्री सिंह के पुत्र रोहित कुमार उर्फ छोटू सिंह को तेघड़ा थाना क्षेत्र के मधुरापुर से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को अग्रिम कार्यवाही करते हुए व्यवहार न्यायालय बेगूसराय भेज दिया गया।

## वारंटी के घर चिपकाया इश्तेहार

**नावकोठी।** नावकोठी पुलिस ने डफरपुर पंचायत के टेकनपुरा से सड़क दुर्घटना के वांछित फरारी वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी हरिश्चन्द्र प्रसाद सिंह का पुत्र सुरेन्द्र कुमार है। वह मुफफसिल थाना कांड संख्या 33/07 का प्राथमिकी नामजद था। मामला दर्ज होने के बाद वह चकमा देकर फरार था। न्यायालय ने उसके विरुद्ध इश्तेहार वारंट निर्गत किया था। पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार ओझा ने उसके घर पर इश्तेहार वारंट चिपका दिया। पंद्रह दिनों के अंदर उसे न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का मोहलत दिया गया।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**वीरपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र से दो वारंटी को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 76/23 का नामजद अभियुक्त थाना क्षेत्र के भवानंदपुर गांव निवासी मोहम्मद रसुल मियां के पुत्र मोहम्मद कलाम उर्फ मोहम्मद पप्पू एवं थाना कांड संख्या 47/25 के नामजद अभियुक्त वीरपुर पूर्वी वार्ड संख्या 11 निवासी उमेश यादव के पुत्र धारो यादव उर्फ धर्मेंद्र यादव जिनके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। जिसके तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगूसराय न्यायालय भेज दिया गया।

## बंध्याकरण शिविर आयोजीत

**नावकोठी।** परिवार कल्याण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सह अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में बंध्याकरण शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। शिविर में सर्जन डा शोभा रानी ने 15 महिलाओं का सफलता पूर्वक बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि अपरेशन से पूर्व हीमोग्लोबीन, डायबिटीज, ब्लडप्रेशर सहित अन्य पैथोलजिकल जांच एल टी पंकज कुमार जोशी ने किया। अपरेशन उपरांत आवश्यक दवा एवं परामर्श दिया गया। मौके पर डा हिमांशु, डा रश्मि प्रिया, फर्मासिस्ट नवीन कुमार, जीएनएम रवि कुमार, सुमन रानी एएनएम प्रियंका कुमारी, सदानंद भारती, कपूर चंद सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## भाकपा माले ने किया प्रदर्शन

**बेगूसराय।** भाकपा माले ने सोमवार को केंद्र की मोदी सरकार के विरुद्ध जिला समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन किया। सोमवार को माले कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय कमलेश्वरी भवन से विशाल जुलूस निकालकर नारेबाजी करते हुए जिला समाहरणालय पर पहुचे। जहां केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार की मजदूर-किसान विरोधी, पर्यावरण विनाशक और अपराध-संरक्षक नीतियों के खिलाफ सरकार को कोसा।

## देश में हर चौथे बल्ब को रोशन कर रहा

# महारत्न कंपनी एनटीपीसी

एनटीपीसी देश के हर कोने को रोशन करने और सभी के लिए एक स्थायी भविष्य बनाने हेतु समर्पित भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत कंपनी है। विद्युत क्षेत्र में अग्रणी के रूप में एपटीपीसी कुशल और सस्ती विद्युत उत्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारा लक्ष्य 2032 तक 130 गीगावॉट क्षमता प्राप्त करना है। हम अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए जीवाश्म ईंधन, गैस, हाइड्रो, परमाणु और नवीकरणीय स्रोतों को अपनाते हुए विविध ईंधनों का उपयोग कर रहे हैं। एनटीपीसी ने 1975 में अपनी स्थापना के पश्चात लगभग पाँच दशकों तक भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। प्रचालनात्मक उत्कृष्टता और वैश्विक मानकों के पालन की प्रतिबद्धता के साथ, हम देश में हर चौथे बल्ब को रोशन कर रहे हैं। एनटीपीसी ने हाल ही में 50वां स्थापना दिवस मनाया है, जो 1975 से भारत को रोशन करने और ऊर्जा क्षेत्र में देश की विकास यात्रा का प्रतीक है।कंपनी ने अपनी उपलब्धियों, जैसे कि देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक बनना, नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर देना और हाइड्रोजन व अन्य हरित प्रौद्योगिकियों में निवेश, का जश्न मनाया है और भविष्य के लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने ऊर्ज़ा क्षेत्र में अपनी सशक्त भूमिका कायम रखी है। वर्तमान में एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता लगभग 79,930 मेगावाट है, जिससे यह भारत की कुल बिजली आवश्यकताओं का करीब 25 प्रतिशत आपूर्ति करती है। एनटीपीसी की स्थापना 7 नवंबर 1975 को हुई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी ने 400 अरब यूनिट से अधिक बिजली उत्पादन कर देश को रोशन रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कोयला आधारित संयंत्रों का प्लांट लोड फैक्टर लगभग 77 प्रतिशत रहा, जो उत्पादन दक्षता का प्रतीक है। एनटीपीसी देशभर में पारंपरिक के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से भी बिजली उत्पादन कर रही है। कंपनी में वर्तमान समय में लगभग 16,600 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो देश को निरंतर विश्वसनीय और स्वच्छ ऊर्ज़ा उपलब्ध कराने में जुटे हैं। सरकार के हरित ऊर्ज़ा लक्ष्यों को पूरा करने में भी एनटीपीसी अग्रणी भूमिका निभा रही है। एनटीपीसी भारत का सबसे बड़ा ऊर्ज़ा समूह है जिसकी स्थापना 1975 में भारत में विद्युत विकास को गति देने के लिए की गई थीं। तब से इसने विद्युत उत्पादन व्यवसाय की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में उपस्थिति के साथ खुद को प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है। जीवाश्म ईंधन से इसने पनविद्युत, परमाणु और नवीकरणीय ऊर्ज़ा स्रोतों के माध्यम से विद्युत उत्पादन करने में कदम रखा है। यह प्रयास ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करके इसके कार्बन पदचिह्न को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाएगा। अपने मुख्य व्यवसाय को मजबूत करने के लिए, निगम ने परामर्श, विद्युत व्यापार, विद्युत पेशेवरों के प्रशिक्षण, ग्रामीण विद्युतीकरण, राख उपयोग और कोयला खनन के क्षेत्रों में भी विविधता ला दी है। एनटीपीसी मई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269



2010 में एक महारत्न कंपनी बन गई। जनवरी 2020 तक भारत में 10 महारत्न सीपीएसई हैं। प्लैट्स शीर्ष 250 ग्लोबल एनर्जी कंपनी रैंकिंग में एनटीपीसी को दूसरे सबसे बड़े स्वतंत्र विद्युत उत्पादक (आईपीपी) का दर्ज़ा दिया गया है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 76,708.18 मेगावाट (संयुक्त उद्यम सहित) है। इसके स्वयं के स्टेशनों में 27 कोयला आधारित, 7 गैस आधारित, 1 हाइड्रो, 15 सौर और 1 लघु हाइड्रो परियोजना शामिल है। जेवी और सहायक कंपनियों के तहत, एनटीपीसी के पास 9 कोयला आधारित, 4 गैस आधारित, 8 हाइड्रो आधारित और 20 नवीकरणीय ऊर्ज़ा परियोजनाएं हैं। 2032 तक, गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित उत्पादन क्षमता एनटीपीसी के पोर्टफोलियो का लगभग 50% होगी। एनटीपीसी अपने संयंत्रों को उच्च दक्षता स्तर पर संचालित कर रहा है। 31.03.2023 तक कंपनी के पास कुल राष्ट्रीय क्षमता का 17% हिस्सा है और उच्च दक्षता पर ध्यान केंद्रित करने के कारण यह भारत के कुल विद्युत उत्पादन में 25% का योगदान देता है। अक्टूबर 2004 में, एनटीपीसी ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लॉन्च की, जिसमें 5.25% नए निर्गम और 5.25% भारत सरकार द्वारा बिक्री की पेशकश के रूप में शामिल था। इस प्रकार एनटीपीसी नवंबर 2004 में एक सूचीबद्ध कंपनी बन गई, जिसमें सरकार की 89.5% इक्विटी शेयर पूंजी थी। फरवरी 2010 में, एक और सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से भारत सरकार की शेयरधारिता 89.5% से घटाकर 84.5% कर दी गई। भारत सरकार ने फरवरी 2013 में ओएफएस मार्ग के माध्यम से 9.5% शेयरों का विनिवेश किया है। इसके साथ, एनटीपीसी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 84.5% से घटकर 75% हो गई है। बाकी हिस्सा संस्थागत निवेशकों, बैंकों और जनता के पास है। वर्तमान में, एनटीपीसी में भारत सरकार की हिस्सेदारी 51.10% है।

### कोयला खनन में भी प्रभावी दखल

अपने मुख्य व्यवसाय को सुदृढ़ करने और विश्वसनीय ईंधन सुरक्षा की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए, एनटीपीसी ने कोयला खनन के क्षेत्र में भी प्रवेश किया। एनटीपीसी कोयले की कैप्टिव खपत के लिए इसे सीधे आवंटित किए गए 6 कोयला ब्लॉक और झारखंड सरकार के साथ एनटीपीसी के संयुक्त उद्यम पीवीयूएनएल के एक कोयला ब्लॉक का विकास कर रहा है। एनटीपीसी को झारखंड में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु और केरंदारी और साथ ही छत्तीसगढ़ में तलीपल्ली और ओडिशा में दुलंगा नामक कोयला ब्लॉक भी आवंटित किए गए हैं। एनटीपीसी के लगभग 15 गीगावाट उत्पादन को ईंधन प्रदान करने के लिए इन कोयला ब्लॉकों की कुल उच्चतम रेटेड वार्षिक उत्पादन क्षमता 71 एमएमटी होने का अनुमान है। एनटीपीसी में कोयले के उत्पादन से पहले सुरक्षा को स्थान दिया जाता है। यह एनटीपीसी कोल माइनिंग टीम की सभी परियोजनाओं का सिद्धांत है। पर्यावरणीय हानि को समाप्त करने के प्रयासों में, कार्य क्षेत्रों में धूल शमन और जल छिड़काव प्रणालियां संस्थापित की गई हैं। उत्सर्जन, एसओएक्स, एनओएक्स, सूक्ष्म कण आदि की निरंतर निगरानी की जा रही है और सभी उपलब्ध अवसरों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। इन खदानों में डीजल- चालित एचईएमएम के स्थान पर विद्युत-चालित एचईएमएम का उपयोग किया जाना शुरू कर दिया गया है। एनटीपीसी अक्षय ऊर्ज़ा पर अधिक जोर देते हुए अपनी क्षमता मिश्रण में विविधता ला रही है। कंपनी की 2032 तक जीवाश्म ईंधन क्षमता मिश्रण को 56% तक कम करने की दीर्घकालिक योजना है। जेवी और सहायक कंपनियों के तहत, एनटीपीसी के पास 4 गैस आधारित, 8 हाइड्रो आधारित और 20 नवीकरणीय ऊर्ज़ा परियोजनाएं हैं।

### मानव संसाधन की महत्ता सर्वोपरि

एनटीपीसी न केवल अग्रणी विद्युत उत्पादक है; यह कार्य करने के लिए बेहतरीन स्थानों में से एक है। कंपनी ''संयंत्र भार कारक से पहले लोग'' मंत्र द्वारा निर्देशित है जो इसकी सभी मानव संसाधन संबंधी नीतियों के लिए टेम्पलेट है। वर्ष 2019 में, ग्रेट प्लेस टू वर्क और इकोनॉमिक टाइम्स सर्वेक्षण में पिछले 11 वर्षों से ''भारत में कार्य करने के लिए शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कंपनियों'' में लगातार रैंकिंग के लिए एनटीपीसी को ''पुरस्कार विजेता'' के रूप में मान्यता दी गई है। इसके अलावा, एनटीपीसी को सार्वजनिक उपक्रमों और विनिर्माण क्षेत्र में भी सर्वश्रेष्ठ माना गया।

### अभी पूरे करने हैं कई बड़े लक्ष्य

भारत की सबसे बड़ी विद्युत उपयोगिता एनटीपीसी लिमिटेड ने 2032 तक 60 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता स्थापित करने की प्रतिबद्धता के साथ एनर्जी कॉम्पैक्ट लक्ष्यों की घोषणा की है। एनटीपीसी का लक्ष्य 2032 तक शुद्ध ऊर्ज़ा गहनता में 10% की कमी करना है। एनटीपीसी विविध ईंधन मिश्रण के साथ 2032 तक 130 गीगावॉट और उत्पादन के मामले में 600 बीयू कंपनी होगी। पोर्टफोलियो में कोयला आधारित क्षमता की 65% हिस्सेदारी के साथ कोयला प्रमुख ईंधन के रूप में जारी रहेगा।

